चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 145, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे 14

मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार गहरा है 13

## सीबीआई ने आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में कविता को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- मौजूदा समय में के कविता तिहाड़ जेल में बंद हैं



केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद कविता को तिहाड़ जेल ही गिरफ्तार कर लिया। कविता तिहाड़ जेल में रहेंगी और एजेंसी उनकी हिरासत मांगने के लिए शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सीबीआई को उनकी हिरासत मिल जाती है, तो कविता को एजेंसी मुख्यालय स्थित हवालात ले जाया जाएगा, जहां मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे। विशेष अदालत से अनुमति मिलने के बाद सीबीआई ने शनिवार को जेल के अंदर कविता से पूछताछ की थी। बीआरएस नेता से मामले में सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से मिले व्हाट्सएप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आरोप है कि आबकारी नीति में कथित बदलाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली में 2020 के दंगे के 11 आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में शामिल 11 आरोपियों को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई की जिनपर दंगे के दौरान गंगा विहार में संपत्ति जलाने और चोरी में शामिल होने का आरोप था। न्यायाधीश ने कहा कि मामले में आरोपी व्यक्तियों पर लगाए गये आरोपों को साबित नहीं किया जा सका, जिसकी वजह से इनको आरोपों से बरी किया जाता है। गोकलपुरी थाने में अंकित चौधरी, सुमित, पप्पू, विजय, आशीष कुमार, सौरभ कौशिक, भूपेन्द्र, शक्ति सिंह, सचिन कुमार, राहुल और योगेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## यूनिवर्सिटी में युवक की पीट-पीटकर हत्या

### महिला का हाथ पकड़ने पर हुई घटना, रात भर ट्रैक्टर के पहिए से उसे बांधकर रखा था

झांसी, एजेंसी



बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में रात के समय महिला का हाथ पकड़ने पर लोगों ने युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद लोगों ने उसे रस्सी से ट्रैक्टर के पहिए में बांधकर रखा। सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

मध्यप्रदेश के पन्ना निवासी दो बहनें अपने पतियों के साथ बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में बाउंड्री वॉल का निर्माण करने गईं हैं। दोनों महिला पतियों के साथ यूनिवर्सिटी में ही झोपड़ी बनाकर रहती हैं। बुधवार रात महिला अपने पति के साथ झोपड़ी के बाहर चबूतरे पर सो रही थी। रात दो बजे नशे की हालत में एक युवक आया और महिला का हाथ पकड़कर खींचने लगा। महिला ने पति को जगाया तो युवक भागने लगा। महिला के पति ने युवक को पकड़ा और यूनिवर्सिटी के गार्ड को बुलाया। इस दौरान महिला के पति, गार्ड और लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा। सुबह पुलिस के पास ले जाने की बात कहते हुए लोगों ने युवक को ट्रैक्टर के पहिए में बांध दिया। गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज की

गार्ड के कहने पर दोनों महिलाएं यूनिवर्सिटी चौकी पुलिस के पास पहुंची। महिलाओं ने पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया। पुलिस ने भगवानदास, नेता, हीरालाल सहित अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मेडिकल कॉलेज की मार्च्युरी में रखवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है।







## दो टूक : भ्रष्टाचारियों को जेल जाना पड़ेगा ये मोदी की गारंटी है

### जयपुर व ऋषिकेश की चुनावी सभा में कांग्रेस सहित सभी विपक्षीदलों पर निशाना साधा

जयपुर/ऋषिकेश, एजेंसी

राजस्थान के करौली की चुनावी सभा में नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधा। कहा कि भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये आम चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस का ना सिर्फ इतिहास खतरनाक है, बल्कि कांग्रेस के इरादे भी खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसने युवाओं की नौकरी में भी लूट के मौके तलाशे और यहां राजस्थान में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में 'पेपर लीक' उद्योग खड़ा हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी ने आपको गारंटी दी थी कि भाजपा की सरकार आएगी और पेपर लीक माफिया जेल के भीतर दिखाई देंगे। आज मोदी की गारंटी पूरी हुई कि नहीं? आज राजस्थान ही नहीं पूरे देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। ऋषिकेश की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने ऋषिकेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि गढ़वाल में भी देश के अन्य हिस्सों की तरह लहर दिखाई दे रही है।



ऋषिकेश की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

गुरुवार को आईडीपीएल के हॉकी मैदान में हुई रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार आई है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। भारत में तब आतंकवाद ने पैर पसारे लेकिन आज मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। अब भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का काम देखा है। सात दशक बाद जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने का साहस, तीन तलाक के खिलाफ कानून, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण, सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10% आरक्षण देने का काम किया।

विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक-वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होता। हमने पूरा करने की गारंटी दी थी और पूरा भी करके दिखाया। कांग्रेस का दावा था कि वन रैंक-वन पेंशन लागू होने पर पूर्व सैनिकों को 500 करोड़ रुपये देंगे। मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पूर्व सैनिकों के बैंक खाते में पहुंचा दिए। उत्तराखंड में भी साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सैनिक परिवारों को मिले हैं। कांग्रेस शासन के समय में तो सैनिकों के पास बुलेटप्रूफ जैकेट तक की कमी रहती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने अपने सैनिकों को भारत में बनी बुलेटप्रूफ जैकेट दी। आज देश में ही आधुनिक रायफल से लेकर लड़ाकू विमान बन रहे हैं।

### कांग्रेस ने मां गंगा के अस्तित्व पर उठाए थे सवाल

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी उत्तराखंडी नहीं भूल सकता है कि कांग्रेस ने हरिद्वार में हर की पैड़ी पर मां गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठाए और कहा कि हर की पैड़ी एक नहर के किनारे बसी है। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान उत्तराखंड की पहचान ब्रह्मकमल से जुड़ी हुई है।

## कोर्ट ने कहा, ईडी के सामने पेश हों कांग्रेस विधायक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कांग्रेस विधायक धरम सिंह छोकर को धनशोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश होने को कहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने विधायक छोकर को मौखिक रूप से सुरक्षा दी और एजेंसी से कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार करने की जरूरत हो तो वह अदालत के समक्ष आवेदन दायर करे। पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, ''हम इसे आदेश में दर्ज नहीं कर रहे लेकिन आपसे कह रहे हैं कि अगर उन्हें गिरफ्तार करना है तो आवेदन करें।

## बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंदा दंपती समेत पांच की गई जान

- एक बाइक पर दंपती और दूसरी पर तीन दोस्त अपने करीबी के घर ईद मिलने जा रहे थे
- भीड़ ने किया नेशनल हाईवे जाम, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बमुश्किल शांत कराया



अरबाज खान



आकिब खान



उवैस



साहिब खान



साकरा बेगम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पांच परिवारों की ईद की खुशियां सड़क हादसे की भेंट चढ़ गई। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंद दिया। इसमें ईद मिलने जा रहे दंपती और तीन दोस्तों की मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। डीएम-एसपी ने बमुश्किल लोगों को शांत किया।

ईद के उल्लास में डूबे अड़ौली निवासी उवैस (32) व उनकी पत्नी साफरा बेगम (30) और दूसरी बाइक पर ग्राम विलई पसियापुर निवासी आकिब (21) पुत्र हसीन, परेवा वैश्य गांव निवासी अरबाज (26) पुत्र अकील व साहिब (25) पुत्र शाहिद अपने रिश्तेदारों से ईद मिलने जा रहे थे। जहानाबाद थाना क्षेत्र में ग्राम निसरा बरात बोझ के पास तेज गति डंपर ने दोनों बाइकों को रौंद दिया। हादसे में पांचों की मौत हो गई। सड़क पर पांच लाशें देख परिजन व अन्य लोग गुस्से पर काबू नहीं कर पाए और हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सीओ सदर प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। इस बीच डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय व अन्य अधिकारी पहुंच गए। डीएम-एसपी ने डंपर चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग हाईवे से हटे ।

> सड़क हादसे में दो बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौत हुई है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता लगाने को टीम लगाई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। - **अविनाश पांडेय**, एसपी

### हरियाणा में स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को स्कूल बस के पेड़ से टकराकर पलट जाने से छह बच्चों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। मामले में पुलिस ने प्रधानाध्यापक दीप्ति और बस चालक धर्मेंद्र समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हादसे के समय बस चालक नशे में था। राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने अस्पतालों में घायल छात्रों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि निजी स्कूल को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा गया है कि ईद पर छुट्टी होने के बावजूद यह कैसे खुला था। यह घटना कनीना में उन्हाणी गांव के पास सुबह 8 .30 बजे उस वक्त हुई जब बस प्राथमिक से माध्यमिक कक्षाओं के 40 बच्चों को लेकर जीएल पब्लिक स्कूल जा रही थी। महेंद्रगढ़ एसपी अर्श वर्मा ने घटना की पुष्टि की है। वहीं पुलिस ने स्कूल के एक और अधिकारी होशियार सिंह को भी गिरफ्तार किया है। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## हजारा नहर में 9 लोग डूबे, पांच लापता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एटा के रहने वाले हैं सभी, झाल पर लगे ईद के मेले में आए थे नहर में नहाने गए थे

**अमृत विचार :** ईद पर झाल पर लगे मेले में आए एटा जिले के नौ दोस्त हजारा नहर में डूब गए। गोताखोरों और फ्लड यूनिट ने चार दोस्तों को निकाल लिया, जबकि पांच का देर शाम तक पता नहीं चला।

गुरुवार दोपहर को एटा के गांव नगला पोता निवासी 17 वर्षीय मुजाहिद पुत्र मेहंदी हसन, 17 वर्षीय सलमान पुत्र युसूफ, 18 वर्षीय आसिफ पुत्र अतीक, इस्लाम नगर निवासी 16 वर्षीय शाहिद पुत्र हाशिम, नगला पोता निवासी सोहेल पुत्र छोटे, फैजान पुत्र सत्तार, फरमान पुत्र मुन्ने, रोहित पुत्र रफीक एवं निधौली रोड निवासी अभिषेक शर्मा गांव नदरई के समीप बने झाल पर ईद के मेले में घूमने आए थे।



रोते-बिलखते परिजनों को सांत्वना देते आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

मेले में मौजमस्ती के बाद सभी दोस्तों ने हजारा नहर में नहाने के लिए छलांग लगा दी। देखते ही देखते सभी दोस्त डूबने लगे। बचाव के लिए चिल्लाए तो ग्रामीण गोताखोर नहर में कूद पड़े। पास ही में डेरा डाले पीएसी फ्लड यूनिट के जवान भी पहुंच गए। सोहेल, फैजान, फरमान, रोहित को निकाल लिया जबकि अन्य पांच दोस्त लापता हैं। उनकी तलाश में गोताखोर जुटे हैं। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम राकेश पटेल, एएसपी राजेश कुमार भारतीय, सीओ सिटी अजीत चौहान, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत नहर पर पहुंच गए।

रेस्क्यू तेज करने को कहा, लेकिन देर शाम तक तलाश नहीं हो सकी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि नौ दोस्त हजारा नहर में स्नान के लिए उतरे और गहरे पानी में डूब गए।चार को बचा लिया गया जबकि पांच की तलाश की जा रही है।

## बिजनौर से सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ रालोद में शामिल

**लखनऊ, अमृत विचार:** बिजनौर के सांसद मलूक नागर गुरुवार को बसपा से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए हैं। रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। मलूक नागर के साथ मेरठ के पूर्व मंत्री लखीराम नागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा नागर ने भी बसपा छोड़ दिया। मालूक नागर को रालोद में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। तारीफ सिंह को भी यही जिम्मेदारी दी गई है। महेश आर्य, जगपाल सिंह सचिव बनाए गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती को भेजे इस्तीफे में मलूक नागर ने पार्टी छोड़ने की वजह बताई है। सांसद ने अपने पत्र में कहा कि पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया। ऐसा पहली बार हो रहा है कि ना तो विधायकी लड़ने दी गई और ना ही सांसदी के लिए टिकट दिया गया। इसलिए नए राजनीतिक ठिकाने पर जा रहा हूं। दरअसल, मायावती ने नागर का टिकट काटकर बिजनौर से चौधरी विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, एनडीए से रालोद के खाते में आई बिजनौर की सीट पर चंदन चौहान उम्मीदवार हैं।

## पुलवामा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ लश्कर का आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मारे गये आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) से जुड़ा था जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले गत पांच जनवरी को शोपियां जिले में मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया था। हालांकि पांच अप्रैल को सुरक्षा बलों ने बारामूला जिले के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था और एक आतंकवादी को मार गिराया था।

### तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू और फहीम अहमद मीर है जो सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे।

## भदोही से रमेश बिंद की जगह डॉ. विनोद को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेशे से चिकित्सक विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर की मझवां विस. सीट से विधायक भी हैं

**अमृत विचारः** भाजपा ने भदोही सीट से डॉ. विनोद बिंद को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। पार्टी ने वर्तमान सांसद डॉ. रमेश चन्द्र बिंद की जगह डॉ. विनोद बिंद मिर्जापुर के मझवां से विधायक को टिकट दिया हैं।

डॉ. विनोद दिसंबर 2022 में वाराणसी और जून 2023 में भदोही के टोल प्लाजा पर हुए विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं। दोनों ही मामलों में विनोद के समर्थकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। वहीं, भदोही सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने टीएमसी को दी है। यहां से ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे हैं।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव में मिर्जापुर के मझवां से सपा से टिकट मांग रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को निराशा हाथ लगी थी। आखिरी समय में उन्होंने निषाद पार्टी का दामन थामा था और फिर एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वर्तमान सांसद रमेश चन्द्र बिंद को लेकर पार्टी के अंदर ही नहीं आमजन में भी नाराजगी थी।

## आचार संहिता के उल्लंघन मामले में बृजभूषण को नोटिस

**गोंडा (उप्र), एजेंसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कैसरगंज संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में नोटिस जारी हुआ है। साथ ही सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि कैसरगंज सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा अनुमति बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क करने तथा धारा 144 का उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई हुई है।

चेतावनी — भारत समेत 91 देशों को एप्पल की ओर से जारी किया गया हैकिंग का अलर्ट

## नेताओं के आईफोन पर मंडराया हैकिंग का खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- यह सूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे

एप्पल ने कहा है कि भारत समेत दुनिया के 91 देश के यूजर्स किसी भी वक्त पेगासस जैसे स्पाइवेयर के शिकार हो सकते हैं। स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल हैं। यह सूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं।

इसी तरह का अलर्ट एप्पल ने पिछले साल अक्तूबर में विपक्ष के कई नेताओं को भेजा था जिसके बाद काफी विवाद भी हुआ था। इससे पहले आईफोन पर हुए पेगासस अटैक को लेकर साल 2021 में सुप्रीम कोट ने एक कमिटी बनाने का आदेश दिया था जिसके पास इस अटैक के जांच की जिम्मेदारी थी। बता दें कि पेगासस स्पाइवेयर को इस्रायल की कंपनी एनएसओ ग्रुप ने तैयार किया है। पेगासस की मदद से किसी भी फोन को हैक किया जा सकता है और यूजर को इस हैकिंग के बारे में भनक तक नहीं लगेगी। एप्पल ने कहा कि भाड़े के स्पाइवेयर हमलों की कीमत लाखों डॉलर होती है। इसके अलावा हमले की अवधि कम होने से उनका पता लगा पाना और उन्हें रोक पाना खासा मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा अधिकांश उपयोगकर्ताओं पर ऐसे हमले कभी भी नहीं किए जाते हैं।

कंपनी ने कहा, नागरिक समाज संगठनों, प्रौद्योगिकी फर्मों और पत्रकारों से मिली सूचनाओं और शोध से पता चलता है कि इसपर आने वाली ऊंची लागत और जटिलता को देखते हुए ये हमले ऐतिहासिक रूप से सरकारी पक्षों से जुड़े रहे हैं। अगस्त 2022 में इस कमिटी ने कहा था कि 29 मोबाइल फोन की जांच की गई जिसमें पेगासस स्पाइवेयर के होने का कोई सबूत नहीं मिला। उस दौरान भारत के कई पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के फोन को पेगासस के जरिए मॉनिटर करने का दावा किया गया था। इस घटना के बाद से एप्पल अपने यूजर्स को संभावित हैकिंग को लेकर पहले ही अलर्ट भेज देता है। इनमें सरकारी की तरफ से भाड़े के स्पाइवेयर विकसित करने वाली निजी कंपनियां भी शामिल हैं जिनमें एनएसओ ग्रुप का स्पाइवेयर पेगासस भी है।

### इसे लें गंभीरता से

कंपनी ने कहा किएप्पल ऐसे हमलों का पता लगाने के लिए पूरी तरह से आंतरिक खतरे-खुफिया जानकारी और जांच पर निर्भर करती है। हालांकि, हमारी जांच कभी भी पूरी तरह निश्चित नहीं हो सकती है लेकिन खतरे की ये सूचनाएं अत्यधिक भरोसे वाले अलर्ट हैं। इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# खुदा के सजदे में झुके हजारों सिर, अमन-चैन की दुआ मांगी

## हर्षोल्लास से मनाई गई ईद-उल-फितर, लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर दी मुबारकबाद, जिले भर में रहे कड़ी सुरक्षा के इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लबों पर दुआ और सजदे में झुके सिर। जिले में गुरुवार को ईद-उल-फितर हर्षोल्लास से मनाई गई। ईदगाह में हजारों लोगों ने ईद की नमाज अदा की और खुदा की बंदगी में सिर झुकाकर अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद ईदगाह पहुंचे लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद को लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

जिले की मस्जिदों में गुरुवार सुबह साढ़े छह बजे से नमाज होना शुरू हो गई। हालांकि ईदगाह में सुबह 10 बजे इमाम मौलाना इजहार अहमद खां बरकाती ने नमाज अदा कराई। सुबह आठ बजे से ईदगाह में नमाजियों की भीड़ जुटना शुरु हो गई। नमाज में युवाओं से लेकर बच्चे और बुजुर्गों सभी ने हिस्स लिया। सुरक्षा के लिहाज से ईदगाह के चारों ओर पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स को भी मुस्तैद किया गया। ईद की नमाज के दौरान रोडवेज से लेकर ईदगाह तक, टाइगर तिराहा, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, नौगवां चौराहा पर पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के दौरान सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और कोतवाल नरेश त्यागी सुरक्षा व्यवस्था का मोर्चा संभालने में जुटे रहे। ठीक 10 बजे नमाज शुरु हुई। नमाज अदा करने के बाद इमाम ने सभी को नेक रास्ते पर चलने का संदेश दिया। साथ ही देश में अमन-चैन कायम रहने की दुआ की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। नगरपालिका की ओर से लगाए गए ईद मिलन समारोह कैंप में नमाजियों ने अफसरों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं बच्चों ने अफसरों को फूल भेंट किए।



शहर के ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

### नमाज अदा कर गले मिले ईद की मुबारकबाद दी

**बरखेड़ा।** कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कस्बे में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हिसामुद्दीन कारी ने ईदगाह में ईद -उल -फितर की नमाज अदा कराई। नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल की ओर से नमाजियों के लिए पेयजल की व्यवस्था कराई गई। इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हाजी जमील अहमद अंसारी, बशीर अहमद, मोहम्मद असलम, मोहम्मद अनस, नफीस अहमद ,अकील अंसारी,नदीम अंसारी, मोहम्मद रजा अंसारी, मोहम्मद इलियास अंसारी, इमरान अंसारी, रेहान अंसारी, नदीम अंसारी, जीशान कुरैशी, इमरान कुरैशी, अनवार सिद्दीकी,मोहम्मद सादिक सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद सीओ के साथ नमाजी। ● अमृत विचार

### शाही इमाम ने दिया अमन चैन का पैगाम

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार समेत सभी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। ईदगाह में नमाज जामा मस्जिद के शाही इमाम हाफिज़ मोहम्मद सलीम खान ने अदा कराई। उन्होंने बताया कि जिस मुल्क में रहो उसके वफादार बनो। नमाज़ के बाद मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ की। पाक कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों के लिए निकालने को कहा। ईदगाह में लगे मेले में बच्चों ने जमकर खरीददारी की। नगरपालिका की ओर से शिविर लगाया गया। इसमें नमाजियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई। शाम तक ईद- उल फित्र के चलते एक दूसरे से मिलने का सिलसिला जारी रहा। इस मौके पर सभासद मोहम्मद हनीफ, नदीम, तौफीक अहमद कादरी,मोहममद मियां, हाजी लाडले, सीओ आलोक सिंह, इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला, ईओ केके सोनकर मौजूद रहे। इधर, शेरपुर कला में ऐतिहासिक जामा मस्जिद के इमाम सैयद अब्दुल वाहिद ने ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे ईद की नमाज अदा की गई।



गुरुवार सुबह ईद की नमाज के बाद ईदगाह रोड पर उमड़ी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार



सीओ सिटी को फूल भेंटकर मुबारकबाद देती बच्ची।

### गिले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

**बिलसंडा।** नगर में ईद हर्षोल्लास से मनाई गई। चेयरमैन डीके गुप्ता ने नूरी मस्जिद, जामा मस्जिद और ईदगाह पर साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम कराए। गुरुवार सुबह नौ बजे नूरी मस्जिद व जामा मस्जिद के इमाम मौलाना आरिफ रजा हशमती,असगर हुसैन मिस्बाही ने ईदगाह पर अकीदतमंदों को नमाज अदा कराई। देश मे अमन चैन एवं तरक्की की अल्लाह से दुआ की।इसके बाद सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।इस दौरान देर शाम तक एक दूसरे के घर जाकर बधाई देने का सिलसिला चलता रहा।ईद पर घर लोगों की आवभगत के लिए सिवईयां,मिठाई,फेनी,खजला,चाट,पकौड़ी,जर्दा पुलाव एवं फुल्की मीठे पकवान घर घर बनाये गए।नगर पंचायत अध्यक्ष के पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल,भाजपा अध्यक्ष विक्रम गंगवार,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल,देवदत्त सक्सेना,राइस मिलर अंसार खान,अनवार खान, आफाक खां, नवाब उल्ला खां ,मुन्ने मियां,सोहेल हुसैन खान,अजय जायसवाल,विकेश जायसवाल,आशीष सक्सेना,वसीम सिद्दीकी,आदिल खान,सरताज अल्बी,फरहान मंसूरी, अंसार मंसूरी, शब्बीर अहमद, नईम खां, यूनुस अल्बी,असलम अंसारी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कई जगह मेला भी लगा, जिसमें जमकर खरीदारी हुई।





बिलसंडा के ईदगाह पर ईद की नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### बीसलपुर में परंपरागत तरीके से मनाई गई ईद

**बीसलपुर।** क्षेत्र भर में ईद पर्व उत्साह से मनाया गया। ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को पर्व की बधाई दी गई। पूर्व मंत्री फूलबाबू के बरेली मार्ग स्थित कैंप कार्यालय पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और गले मिलकर पर्व की बधाई दी। मोहल्ला ग्यासपुर में समाजसेवी डॉक्टर इश्क हुसैन द्वारा मिष्ठान वितरित किया गया। ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ ने संस्था कार्यालय पर मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर अली हसन अंसारी भी मौजूद रहे।



बीसलपुर ईदगाह में नमाज अदा कराते इमाम मौलाना अखलाक।



ईद की नमाज के दौरान मुस्तैद पुलिस। ● अमृत विचार

### ढाई घंटे बंद रहा टाइगर तिराहे से ईदगाह मार्ग

ईद की नमाज के दौरान गुरुवार सुबह सात बजे से बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहे से ईदगाह मार्ग पर ट्रैफिक रोक दिया गया। वाहनों को असम चौराहा होते हुए निकाला गया। इसको लेकर नौगवां चौराहा, टाइगर तिराहा, रोडवेज के पास बैरियर लगाकर रास्ता बंद किया गया था। सिर्फ रोडवेज की ओर से बाइक को जाने की अनुमति दी गई थी। अन्य वाहन अंडरपास, ओवरब्रिज के रास्ते निकाले गए।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक:-** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# मंदिरों में बजे घंटे-घड़ियाल, गूंजे मां के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को मंदिरों में मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सुबह चार बजे से ही पूजा अर्चना करने के लिए भक्त पहुंच गए। भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने पूजा की और दुर्गा चालीसा का पाठ किया।

गुरुवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पहले घरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बाद मंदिर में जाकर दर्शन किए। देवी की पूजा करने के लिए सुबह छह बजे से ही भक्त पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने फल व फूल अर्पित किए और नारियल भी चढ़ाए। शहर के यशवंतरी देवी मंदिर, निरंजन कुंज कॉलोनी के महामातेश्वरी देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी के मां दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर बाद यशवंतरी देवी मंदिर में लगे मेले में भीड़ रही। देर शाम से झंडी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।



शहर के अर्धनारीश्वर मंदिर में छंद गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- **यशवंतरी देवी मंदिर में पहुंचने लगी झंडियां, पंचमी से शुरू होगा मेला, तैयारी में जुटे आयोजक**

मंदिर के महंत राजेश वाजपेयी ने बताया कि इस बार बड़ी झंडी काशीपुर में चढ़ेगी। लेकिन वहां जाने वाले मां यशवंतरी देवी के दर्शन और झंडी चढ़ाने के बाद ही आगे बढ़ेंगे। पंचमी से पूर्ण रूप से मेला शुरू हो जाएगा। इधर, घरों में महिलाओं ने छंद और भजन संध्या कर माता का पूजन किया।

# गोवंश को लू से बचाने के लिए गोशालाओं में लगेगा तिरपाल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** गोशालाओं में गोवंशीय पशुओं को लू से बचाने के लिए पशुपालन विभाग तिरपाल और टाट लगवाएगा। हरे चारा और ताजे पानी की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी। पशुओं के उपचार और मृत पशुओं का निस्तारण शीघ्र कराया जाएगा। प्रमुख सचिव के आदेश के बाद इस कार्य शुरू कर दिया गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार मई तक तापमान अधिक रहेगा। हीट बेब (गर्म लू) अपना प्रकोप दिखाएगी। इसका असर आम जनमानस के अलावा मवेशियों पर भी पड़ेगा। इसको लेकर प्रमुख सचिव ने आदेश जारी किया है। इसमें गोशालाओं में संरक्षित गोवंशीय पशुओं को गर्म लू से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव के आदेश अनुसार पशुपालन विभाग समस्त गोशालाओं में निराश्रित गोवंशीय पशुओं के लिए धूप से बचने के लिए छांव की व्यवस्था करेगा। टीन शेड की तपन और लू से बचने के लिए तिरपाल और टाट लगाया जाएगा। जिससे की गर्म हवाओं का प्रभाव कम किया जा सके। इसके अलावा गोवंश पशुओं के शरीर में पानी की नमी बरकरार रखने के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में हरा चारा दिया जाएगा। परिसर में ही उनके लिए ताजे पानी की व्यवस्था भी की जाएगी। बीमार और आसक्त पशुओं को छायादार सुरक्षित जगह पर रखकर ही उनका उपचार किया जाएगा। गोशालाओं में बीमारी से मरने वाले पशुओं के शव को अन्य पशुओं से अलग कर उनके निस्तारण की तुरंत व्यवस्था भी कराई जाएगी।



गोशाला में गायों को चारा खिलाते डिप्टी सीवीओ डॉ. राजीव मिश्रा।

- **हरा चारा और पानी की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था, प्रमुख सचिव ने जारी किया आदेश**

### पूरनपुर-कलीनगर क्षेत्र में हैं 12 गोशालाएं

पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगभग 12 गोशालाएं हैं। इनमे करीब 650 गोवंशीय नर और मादा पशु संरक्षित हैं। आदेश के बाद से पशुपालन विभाग की ओर से इंतजाम किए जा रहे हैं। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव मिश्रा ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक सभी गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था कराई जा रही है। पूरनपुर की गोशालाओं में गोवंश पशुओं के लिए कूलर भी लगवाए गए हैं। सभी जगह हरा चारा और पानी दिया जा रहा है। केयर टेकरों को भी जागरुक किया गया है।

### एडिशनल डायरेक्टर 12 को करेंगी निरीक्षण

शासनादेश के बाद गोशाला में गर्म लू से बचाव की व्यवस्था धरातल पर की गई है या नहीं। इसकी हकीकत जानने के लिए 12 अप्रैल को एडिशनल डायरेक्टर मुरादाबाद डॉक्टर संगीता तिवारी पूरनपुर क्षेत्र में गोशालाओं का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान वह पशुओं के संरक्षण के इंतजाम परखेंगी। कई बिंदुओं पर निरीक्षण किया जाएगा।


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919



# खेत की रखवाली करने गए किसान की धारदार हथियार से हत्या

## शव लहूलुहान हालत में खेत पर पड़ा मिला, मृतक के भाई ने अज्ञात के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट, शहर के मोहल्ला डालचंद के रहने वाले थे तौफीक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


घटना का पता लगने के बाद मृतक के घर के बाहर जमा लोग। ● अमृत विचार


मृतक तौफीक।

- एसपी व एएसपी ने किया मौका मुआयना, घटना के खुलासे को एसओजी भी लगी

> तौफीक के परिजन किसी से रंजिश होने से इनकार कर रहे हैं। रिपोर्ट अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। फिलहाल छानबीन की जा रही है। एसओजी टीम को भी लगाया गया है, जल्द खुलासा किया जाएगा। – **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

**अमृत विचार:** खेत की रखवाली करने गए एक युवक की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो उसका शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। मृतक के भाई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के छानबीन करने पर शुक्रवार देर शाम तक हत्या की वजह सामने नहीं आई। परिवार वाले किसी से रंजिश होने से इनकार कर रहे हैं। इस घटना का पता लगने पर एसपी व एएसपी ने मौका मुआयना किया।

शहर के मोहल्ला डालचंद निवासी तौफीक (45) खेती करते थे। देवहा नदी पार मोहल्ला खकरा के पीछे की तरफ उनका खेत है। बुधवार को अपराह्न करीब तीन बजे वह खेत पर जाने की कहकर घर से निकले थे। शाम करीब छह बजे रोजा इफ्तार के वक्त भी तौफीक घर नहीं लौते तो परिवार वालों को चिंता हुई। मगर उन्होंने सोचा कि कहीं काम से चले गए होंगे। मगर वह रात में करीब 11 बजे तक घर नहीं पहुंचे तो परिवार वालों ने तलाश शुरू कर दी। परिजन खेत पर पहुंचे तो वहां तौफीक लहूलुहान हालत में पड़े मिले। इससे परिवार वालों के होश उड़ गए। आनन-फानन में तौफीक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार करने के निशान थे। प्राइवेट पार्ट पर भी चोट का निशान था। परिजनों का कहना है कि तौफीक की हत्या धारदार हथियार से हमलाकर की गई है। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में एसपी अविनाश पांडे, एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल जा पहुंचे और परिवार वालों से घटना की जानकारी की। इसके बाद मौका मुआयना किया। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह की रंजिश होने से इनकार किया है।

उधर, तौफीक की हत्या का पता लगने पर भीड़ जमा हो गई। इससे कोतवाली के अलावा सुनगढ़ी थाना पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। मृतक के भाई मोहम्मद अनीस अख्तर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ घटना की तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार तौफीक की जांघ में एक लोहे का टुकड़ा भी मिला। अत्यधिक रक्तस्राव होने से मौत होने की पुष्टि हुई। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। हत्या करने वालों तक पहुंचने के लिए पुलिस वजह को लेकर पड़ताल कर रही है। शहर में हुई हत्या को लेकर मामला चर्चा का विषय बना रहा।

### मोबाइल घर पर छोड़ गए थे तौफीक

परिजनों ने बताया कि वैसे तो तौफीक मोबाइल अपने पास ही रखते थे। मगर बुधवार को बैटरी डिस्चार्ज होने की वजह से वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गए थे। इससे शाम को रोजा इफ्तार के समय परिवार वाले उनसे संपर्क नहीं कर सके। तौफीक के तीन बच्चे ज़ोया (15), तौसीफ (11) और जहरा (6) हैं।

### पुलिस ने बटाईदार व मजदूरों से की पूछताछ

परिजनों ने पुलिस को बताया कि तौफीक खेत पर गए थे। इस दौरान वहां मोहल्ला खकरा के रहने वाले बटाईदार और तीन श्रमिक भी थे। इसके बाद पुलिस ने उन चारों से पूछताछ की। हालांकि बटाईदार और श्रमिकों का कहना था कि वह तो शाम छह बजे खेत से चले गए थे। इसके बाद क्या हुआ, उन्हें नहीं पता। फिलहाल पुलिस पड़ताल कर रही है।

# घर में कुत्ता घुसने पर दो पड़ोसियों के बीच लाठी-डंडे चले

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घर में कुत्ता घुसने की मामूली सी बात पर दो पड़ोसियों के बीच जमकर लाठी-ड़डे चले। थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा के शिवनारायण का कुत्ता गुरुवार को पड़ोस के ही छविनाथ की छत पर पहुंच गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। महिलाएं भी झगड़े में शामिल हो गई और एक दूसरे पर लाठी डंडे बरसाए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दोनों ओर से करीब छह लोग घायल हुए। मारपीट के साथ ही छविनाथ पक्ष ने सोने के कुंडल और टॉप्स लूटने का भी आरोप लगाया।

**रंजिश में युवक को पीटा, रिपोर्टः दियोरिया कलां।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर जगतपुर निवासी वीरपाल ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को मेडिकल स्टोर पर गए थे। तभी गांव के बबलू, दीनदयाल, महेंद्र ने आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर दिया। लाठी डंडे से पिटाई की। लोगों के जमा होने पर आरोपी भाग गए।

# प्रदेश में किसान पंजीकरण में पीलीभीत नंबर वन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गेहूं खरीद :अब तक 3726.55 मीट्रिक टन खरीदा जा चुका है गेहूं
- जिले के 11500 किसान करा चुके हैं पंजीकरण

> क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद तेजी से की जा रही है। अब तक 11500 किसानों का पंजीकरण भी किया जा चुका है। जिन केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं हुई है, उन केंद्रों के केंद्र प्रभारियों को तत्काल खरीद करने को निर्देशित किया गया है। शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद करने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। – **वीके शुक्ल**, डिप्टी आरएमओ

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद के लिए किसान पंजीकरण मामले में पीलीभीत नंबर वन है। मगर खरीद शुरू होने के 41 दिन बीतने के बाद भी छह क्रय केंद्रों पर गेहूं का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका है। हालांकि सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से अब तक 3726.55 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है।

शासन के निर्देश पर इस बार एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू की गई थी। इसको लेकर विभिन्न क्रय एजेंसियों के 145 क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। शासन की ओर से इस बार जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। किसानों के पंजीकरण करने के साथ बंटाईदारों का भी पंजीकरण किया रहा है। किसानों को पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग में पंजीकृत किसानों के मोबाइल फोन पर मैसेज भेजकर उन्हें पंजीकरण कराने की अपील की जा रही है। जिले में अब तक 11500 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। विभाग के मुताबिक किसान पंजीकरण के मामले में जनपद प्रदेश में अव्वल है।

इधर, गेहूं कटाई में देरी के चलते जिले में तीन अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू हुई है। 145 के सापेक्ष 139 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू हो चुका है। जबकि छह क्रय केंद्रों पर अभी तक खरीद का खाता भी नहीं खुल सका है।

इसमें नैफेड के दो और एफसीआई के चार क्रय केंद्र शामिल हैं। 10 अप्रैल की शाम तक 139 क्रय केंद्रों पर 3726.55 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की जा चुकी है। इसमें सर्वाधिक खरीद खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों पर की गई है। खाद्य विभाग द्वारा अब 1714.60 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। फिलहाल इस बार गेहूं खरीद को लेकर अधिकारी पहले से ही सतर्क हो चुके हैं ताकि शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य को हासिल किया जा सके। गेहूं का लक्ष्य पूरा करने के लिए गेहूं को जनपद से भेजने पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। डीएम ने गेहूं लक्ष्य को प्राप्त करने एवं डिस्ट्रेस सेल पर रोक लगाने के लिए बैरियर लगाकर निगरानी करने के निर्देश दिए है। जिले में गेहूं की कटाई तेजी से चल रही है। मगर मंडी में गेहूं की आवक भी काफी कम है।

# प्रमुख सचिव ने क्रय केंद्रों का लिया जायजा

संवाददाता, पूरनपुर


निरीक्षण के दौरान निर्देश देते प्रमुख सचिव आलोक कुमार। ● अमृत विचार

- निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद बढ़ाने के निर्देश

**अमृत विचारः** खाद्य आयुक्त ने मंडी में लगे गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारियों को खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव (खाद्य) आलोक कुमार गुरुवार को मंडी समिति पहुंचे। मंडी परिसर में लगे क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यूपीएसएस केंद्र पर खरीद व्यवस्था की जानकारी ली। अब तक खरीदे गए गेहूं और भुगतान की स्थिति जानी। उन्होंने मंडी परिसर में लगे सभी केंद्रों का निरीक्षण किया।

मंडी समिति में कुल 18 क्रय केंद्र लगे हुए हैं। इसमें नौ केंद्र विपणन और बाकी अन्य संस्थाओं के है। क्रय केंद्र प्रभारियों को प्रमुख सचिव ने खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र पर पहुंचने वाले किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों से प्रमुख सचिव ने गेहूं बिक्री और भुगतान के बारे में वार्ता की। किसानों ने बताया कि बिक्री किए गए गेहूं का भुगतान 24 घंटे में प्राप्त हो गया है। एमओ लाल प्रताप सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव के निरीक्षण में सब कुछ ठीक मिला है। केंद्रों गेहूं खरीद बढ़ाने को कहा गया है।

प्रमुख सचिव के साथ डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अवनीश पांडे, डिप्टी आरएमओ विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# एक घंटे भीड़ के हवाले रहा नेशनल हाईवे, थमे रहे वाहनों के पहिये, रही अफरा तफरी

संवाददाता, जहानाबाद (पीलीभीत)

- ईद के दिन अपनों की लाशें सड़क पर पड़ी देखीं तो फूट पड़ा गुस्से का लावा, चालक की गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने लोग
- जहानाबाद इलाके में बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर डंपर की टक्कर से दंपती व तीन दोस्तों की मौत का मामला


हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लगाए लोग। ● अमृत विचार


मौके पर पहुंचे डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचारः** बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर डंपन की टक्कर से दंपती और तीन दोस्तों मौत होने के बाद जमा हुए लोगों ने करीब एक घंटे जमकर हंगामा किया। लोगों का आक्रोश तब भड़का जब उन्हें पता चला कि टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर भाग गए। गुस्साए लोग डंपर को पकड़ने व उसके चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि अगर अभी छानबीन की जाए तो डंपर का पता चल सकता है। नेशनल हाईवे पर जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं। जाम में फंसे वाहनों में सवार लोग धूप और गर्मी में परेशान रहे। मौके पर पहुंचे डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अविनाश पांडेय के आश्वासन पर लोग शांत हुए। जाम खुलने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज चेक करना शुरू कर दिया।

गुरुवार को ईद होने से हर तरफ खुशी का माहौल था। यह हादसा सुबह सवा दस बजे हुआ। तब तक कई मस्जिदों में ईद की नमाज अदा हो चुकी थी। इससे लोग नये-नये कपड़े पहनकर अपने दोस्तों, नजदीकियों और रिश्तेदारों के यहां ईद मिलने आ जा रहे थे। इसी बीच तेज गति से आए डंपर ने एक के बाद एक करके दो बाइकों को रौंद दिया। इसमें दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ईद की वजह से गुरुवार को पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट था। हादसे के वक्त सीओ सदर प्रतीक दहिया जहानाबाद कस्बे में मौजूद थे। इससे सूचना मिलते ही सीओ मौके पर जा पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल भिजवा दिए। वहां पांचों को ग्राम अड़ौली निवासी उवैस व उनकी पत्नी साफरा बेगम और ग्राम विलई पसियापुर निवासी आकिब, उसके दोस्त परेवा वैश्य गांव निवासी अरबाज व साहिब को मृत घोषित कर दिया।

उधर, नेशनल हाईवे पर हादसे के बाद देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। तब तक पांच लोगों की जान लेने वाला डंपर चालक भाग चुका था। इसका पता लगने पर कुछ लोग भड़क गए। उन्होंने डंपर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नेशनल हाईवे पर खड़े होकर जाम लगा दिया। सीओ ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती जा रही थी। उधर, जाम लगने से नेशनल हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। हालांकि जाम के दौरान भीड़ ने किसी तरह का उग्र प्रदर्शन नहीं किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया पुलिस बल के साथ पहुंचे। उनके समझाने पर एक बार जाम खुल गया, लेकिन कुछ देर में लोग दोबारा सड़क पर आ गए। इस पर डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय मौके पर पहुंचे और वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पुलिस छानबीन कर टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाकर उसके चालक की गिरफ्तारी करेगी। डीएम-एसपी के सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उनके काफी देर समझाने पर लोग शांत हुए और बमुश्किल खोला। लोगों के मार्ग से हटने के बाद पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को निकलवाया।

### अरबाज नेपाल और साहिब पंजाब में करते थे काम

परेवा वैश्य गांव निवासी अरबाज व साहिब आपस में अच्छे दोस्त थे। अरबाज नेपाल और साहिब पंजाब में काम करते थे। दोनों कुछ दिन पहले ही ईद मनाने के लिए घर आए थे। अरबाज तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दो बड़े भाई शहनबाज व अफजल हैं। जबकि तीन बहनें रिजवा, राइन और रूमी हैं। पिता अकील ई-रिक्शा चलाते हैं। अरबाज नेपाल में मजूदरी करता था। वह टाइल्स मिस्त्री भी है। वह ईद मनाने के लिए छह अप्रैल को घर आया था। वैश्य परेवा का ही रहने वाला साहिब पंजाब में फर्नीचर मिस्त्री था। वह ईद मनाने के लिए नौ अप्रैल को घर आया था।

### छह भाइयों में सबसे छोटा था आकिब

जहानाबाद के विलई पसियापुर के निवासी आकिब छह भाइयों में सबसे छोटा था। उससे बड़े नजीर, नसीर, कादिर, तस्लीम और शाकिब हैं। तीन बहनें शमा, हुमां और हिना हैं। पिता मोहम्मद हसीन की पहले ही मौत हो चुकी है। जवान बेटे की मौत की खबर मिलने पर मां शबनम बदहवास हो गई। बताते हैं कि पहले दो बाइकों पर चार दोस्त घूम रहे थे। नमाज भी पढ़ आए थे। फिर एक दोस्त चला गया तो आकिब ने अपनी बाइक खड़ी कर दी और अपने दोस्त अरबाज, साहिब के साथ ही उनकी बाइक पर बैठ गया। परिजन ने बताया कि वह सैंडल लेने के लिए कस्बे की बाजार जाने की बात कहकर निकला था। फिर तो उसकी मौत की खबर घर पहुंची।

## पूर्व मंत्री भगवत सरन पहुंचे ढांढस बंधाने


जिला अस्पताल पहुंचे मृतकों के परिवार वाले मोर्चरी के बाहर विलाप कर रहे थे। इसी बीच लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार अपने समर्थक के संग जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवार वालों से बातचीत की और ढांढस बंधाया।

## मातम में बदल गईं चारों परिवारों में ईद की खुशियां


विलाप करते मृतक अरबाज के परिजन।


जिला अस्पताल में मोर्चरी के बाहर विलाप करते मृतक उवैस के परिवार वाले।

**जहानाबाद (पीलीभीत) : अमृत विचार :** बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर डंपर चालक की लापरवाही से पलक झपकते ही चारों परिवारों की ईद की खुशियां मातम में बदल गईं। ईद होने से गुरुवार को सुबह से सब खुश थे। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अड़ौली के रहने वाले उवैस मजदूरी करते थे। उनकी शादी को करीब दस साल हो चुके थे। नवाबगंज में रहने वाले उनके एक रिश्तेदार के यहां गमी की ईद थी। नमाज पढ़ने के बाद उबैश व उनकी पत्नी साफरा बेगम रिश्तेदारी में ईद मिलने नवाबगंज जा रहे थे। मगर रास्ते में उनकी बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे दंपती की जान चली गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले पहले मौके पर गए। फिर जिला अस्पताल पहुंचे तो दोनों के शव मिले। वहां शव देखते ही परिवार की कुछ महिलाएं गश खा गईं। उनका रोकर बुरा हाल था। उवैस तीन भाई और दो बहनों में सबसे बड़े थे।

### पांच लोगों की मौत पर चीत्कारों से दहला उठा जिला अस्पताल परिसर

हादसे की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट कर दिया था। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना टीम के साथ इमरजेंसी जा पहुंचे। मगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही पांचों लोग दम तोड़ चुके थे। इससे शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए गए। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार वाले जिला अस्पताल जा पहुंचे, जिससे कोहराम मचने लगा। इस बीच वहां कोतवाली, सुनगढ़ी, अमरिया समेत पांच थानों की पुलिस पहुंच चुकी थी। डीएम-एसपी समेत कई अधिकारी अस्पताल जा पहुंचे। वहां मौजूद नजदीकी लोग परिवार वालों को ढांढस बंधाने में लगे रहे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को निकाला

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के के गांव केसरपुरकलां की निवासी सबीना पुत्री नबी अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी जनपद लखीमपुर के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी जिबराइल से हुई थी। कुछ समय बाद ही ससुरालिए पांच लाख रुपए और बुलेट बाइक की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर 10 जुलाई 2023 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता मायके में रह रही है। काफी प्रयास के बाद भी ससुरालिये नहीं माने तो तहरीर दी गई। पुलिस ने पति जिबराइल, उसके भाई राजू, राहिल, शान मोहम्मद, कमाल अहमद, लल्ला के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

## सोलर पैनल चोरी होने के मामले की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड पीलीभीत के सहायक प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ब्लॉक बरखेड़ा की ग्राम पंचायत पतरसिया मे पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 20 एचपी का पंप हाउस है। उसको चलाने के लिए 30 किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टॉल किया गया था। 30 मार्च की सुबह जब सुपरवाइजर मुकेश मिश्रा वहां पहुंचे तो देखा कि 400 वाट के चार पैनल चोरी हो गए हैं। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि अज्ञात पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

चतुर्थ कूष्मांडा

नवरात्र में चौथे दिन देवी को कूष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्मांडा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।
बीज मंत्र-ऐं ह्रीं देव्यै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

आप सभी जनपदवासियों को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थान का कोड 2493 N.C.V.T.
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एवं D.G.E.T. द्वारा मान्यता प्राप्त
भारत सरकार द्वारा स्ट्राइव योजना में चयनित बरेली मंडल में एकमात्र निजी आईटीआई
बाला जी आई.टी.आई.
टनकपुर रोड, सैदपुर, पीलीभीत

दीपक सक्सेना (प्रबंधक)
विकास सक्सेना (प्रधानाचार्य)
मो. 9997018672, 9457893850

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# अवध नगर वासियों ने लगाए पोस्टर, रोड नहीं तो वोट नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर की अवध नगर कॉलोनी में दीवार पर लगा पोस्टर।

- **जर्जर सड़क का निर्माण न होने से परेशान हैं कॉलोनी वाले, नहीं हो रही सुनवाई**

**अमृत विचार :** अपनी समस्याओं की ओर नेताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए चुनावी माहौल के बीच अवध नगर कॉलोनी के लोगों ने कुछ दीवारों पर रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगा दिए हैं। कॉलोनी की सड़क लंबे समय से जर्जर है, जो कई बार मिले आश्वासन के बाद भी नहीं बन सकी है। इसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं।

शहर के वार्ड नंबर सात के अंतर्गत आने वाली अवध नगर कॉलोनी टनकपुर हाईवे से सटी हुई है। इस कॉलोनी में करीब 250 से अधिक आवास हैं। इस कॉलोनी के लोगों का कहना है कि मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर पालिका को सभी टैक्स देते हैं, लेकिन बदहाली दूर नहीं हो रही। सड़कें लंबे समय से जर्जर हैं। जिनकी न तो मरम्मत कराई जा रही है और ना ही दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इसी के चलते गुरुवार को कॉलोनी की दीवारों पर रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर चस्पा कर दिए गए। अब शायद जिम्मेदार कुछ सुध ले जाएं। उधर, जिम्मेदार मामले से अंजान दिखे। एडीएम ऋतु पुनिया ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# बदला दौर: सोशल मीडिया ने ठप किया चुनावी कारोबार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


प्रिंटिंग प्रेस। ● अमृत विचार

- **चुनाव में पोस्टर-बैनर के स्थान पर फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप से हो रहा प्रचार**
- **शहर में एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक कर लेता था 20 से 25 लाख का कारोबार**

**अमृत विचार:** चुनाव प्रचार में पोस्टर, बैनर और होर्डिंग का अहम योगदान रहता है। मगर सोशल मीडिया के दौर में चुनाव के प्रचार का तरीका भी बदल गया। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी और उनके समर्थक प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। हर कोई व्हाट्सएप, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये मतदाताओं से अपील कर रहे हैं। इस बदलाव ने पोस्टर-बैनर बनाने बनाने वालों को खासी चोट दी है। चुनाव होने के बावजूद प्रिंटिंग चाल थमी हुई है। वहीं पेंटरों का कारोबार भी बदरंग हो चला है।

90 के दशक में एक दौर ऐसा भी था, जब चुनाव आते ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को खाना खाने तक की फुर्सत नहीं मिलती थी। छोटे दुकानदार भी चुनाव के एक सीजन में आठ से दस लाख रुपये का कारोबार कर लेते थे। उस दौरान इस कदर ऑर्डर मिलते थे कि प्रिंटिंग प्रेस की मशीनें दिन-रात चलने के बाद भी समय से प्रत्याशियों को चुनाव सामग्री मुहैया नहीं करा पाते थे। ऐसे में प्रिंटिंग प्रेस संचालक दूसरों को अपना काम देकर आर्डर पूरे करते थे। शहर के एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक 20 से 25 लाख का कारोबार कर लेते थे। मगर वक्त बदला तो पोस्टर बैनर की जगह लोगों ने सोशल मीडिया को प्रचार-प्रसार का जरिया बना लिया। लगभग सभी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों ने फेसबुक पेज, वाट्सएप ग्रुप, इंस्ट्राग्राम, एक्स आदि पर अकाउंट बना रखे हैं। इसी पर अपना चुनाव प्रचार अपडेट कर रहे हैं। यह दीगर बात है कि निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के खर्च की सीमा तय कर उनके द्वारा खर्च की जा रही पाई-पाई पर उनकी नजर रहती है, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे प्रचार-प्रसार इससे बाहर है। ऐसे में प्रत्याशी और उनके समर्थक सोशल मीडिया पर पूरी ताकत के साथ प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। सही मायनों में देखा जाए तो सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार को लेकर एक होड़ सी लगी हुई है। संचालकों के मुताबिक शहर में करीब 11 प्रिंटिंग प्रेस हैं। इसमें एक-दो को छोड़कर अधिकांश प्रिंटिंग प्रेस संचालक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इन संचालकों का कहना है कि सोशल मीडिया की वजह से चुनाव कारोबार अर्श से फर्श पर आ चुका है।

### पेंटरों का रोजगार हुआ बदरंग, बदल दिया पेशा

कुछ सालों पहले चुनाव के रंग में रंगी दीवारें माहौल को और भी दिलचस्प बना देती थीं। पेंटरों को चुनाव में फुर्सत नहीं मिलती थी। पहले दीवार पेंटिंग ही चुनाव के प्रचार का मुख्य साधन था। शहर से गांव तक की गलियों में दीवारों पर प्रत्याशियों के प्रचार को प्रत्याशी चुनाव चिह्न के साथ अपनी उपलब्धियों को दर्शाते थे। पेंटरों को महीनों पहले ही काम मिल जाता था। धीरे-धीरे पैटर्न बदला तो वॉल पेंटिंग का काम कम हो गया। चुनावी मौसम में आज अधिकांश पेंटर बेरोजगार हो चुके है। बदलते हालात को देखते हुए कुछ पेंटरों ने तो अपना पेशा ही बदल दिया है।



"चुनाव के दौरान पहले प्रत्याशी प्रचार सामग्री तैयार करवाने में खासा खर्च करते थे, मगर अब सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक प्रचार हो रहा है। इससे कारोबार खासा प्रभावित हुआ है। चुनाव के दौरान अधिकांश प्रिंटिंग प्रेस संचालक खाली बैठे हुए हैं। पहले चुनाव में काम से फुर्सत नहीं मिलती है और आज एक भी ऑर्डर नहीं है।

– **विशाल गुप्ता**, प्रिंटिंग प्रेस संचालक

# निर्वाचन आयोग की 760 बूथों पर रहेगी सीधी नजर

## निजी कंपनी को दी गई वेबकास्टिंग की जिम्मेदारी, जिले में 19 अप्रैल को होना है मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में जिले के 760 पोलिंग बूथों पर मतदान की वेबकास्टिंग होनी है। निर्वाचन आयोग की भी इन केंद्रों की मतदान प्रक्रिया पर सीधी नजर रहेगी। वेबकास्टिंग की जिम्मेदारी निजी कंपनी पर होगी।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस बार 18,31699 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। निर्वाचन कार्यालय के वेयरहाउस में रखी ईवीएम-वीवीपैट को मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जा चुका है। जहां कड़ी चौकसी के बीच ईवीएम कमिशनिंग का कार्य चल रहा है। अधिकारी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुटे हुए हैं। निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार जिले के 1521 पोलिंग बूथों के सापेक्ष 50 फीसदी बूथों की वेबकास्टिंग कराई जाएगी। इसमें 516 क्रिटिकल एवं 51 वल्नरेबल बूथ भी शामिल है, जिसकी वेबकास्टिंग कराई जानी है। इन सभी पोलिंग बूथों पर होने वाली मतदान प्रक्रिया पर निर्वाचन आयोग की सीधी नजर रहेगी। इस वेबकास्टिंग की जिम्मेदारी आयोग की ओर से बीएसएनएल के बजाए निजी कंपनी को दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर का कहना है कि मतदान को लेकर जिन पोलिंग बूथों पर वेबकास्टिंग होनी है, वहां आयोग के निर्देश पर नामित कंपनी के अधिकारी निगरानी रखेंगे। उन्होंने बताया कि वेबकास्टिंग में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इन बूथों पर अधिकारी खासा नजर बनाए रखेंगे। इतना ही नहीं इन बुधों पर अर्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती की जाएगी। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट भी लगातार इन बुधों का निरीक्षण करते रहेंगे।

### चारों विधानसभा और जिला मुख्यालय पर बनेगा कंट्रोल रूम

पोलिंग बूथों पर होने वाली वेबकास्टिंग को लेकर चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक और जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले कंट्रोल रूमों में चार-चार एलसीडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जबकि जिला मुख्यालय पर बनने वाले कंट्रोल रूम में 20 एलसीडी लगाई जाएगी।

## डीएम-एसपी ने बूथों का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गजरौला कलां बूथ पर रैंप का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी।

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी सदर तहसील क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

पीलीभीत लोकसभा में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को 1242 मतदान केंद्रों पर मतदान होना है। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय ने तहसील सदर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बेबी सिंह कालोनी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय गजरौला कलां के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बूथों में फर्नीचर, पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था, रैम्प समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बूथों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर तहसीलदार सदर समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मोदी-योगी के कारण विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा देश


बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं अन्य भाजपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **आज आएंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पिछड़ा वर्ग आयोग मंत्री नरेंद्र कश्यप**

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं भाजपा चुनाव संचालन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को पीलीभीत पहुंचे। यहां उन्होंने संसदीय क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की चुनाव संचालन समितियों की बैठक की।

बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए कृत संकल्प हैं। मोदी और योगी के कारण ही देश विकास की ओर बढ़ रहा है। समाज के सभी वर्ग सुरक्षित हैं। वहीं, कस्बा बिलसंडा में एक बड़ी सभा हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, लोकसभा चुनाव संयोजक दीपक अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे। जल शक्ति मंत्री ने निषाद पार्टी की ओर से आयोजित सामाजिक सम्मेलन को भी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने बताया कि 12 अप्रैल को दोपहर तीन बजे शिव शक्ति बारात घर में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के मंत्री नरेन्द्र कश्यप एक सामाजिक सम्मेलन करेंगे।

# आज पूरनपुर में जनसभा करेंगे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, तैयारी पूरी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को पूरनपुर पहुंचेंगे। यहां सिरसा चौराहे के पास एक मैदान में बने हैलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरेगा। यहां से कुछ दूरी पर बनाए गए मंच से सपा मुखिया मतदाताओं को संबोधित करेंगे। गुरुवार को दिनभर सपा नेताओं की मौजूदगी में तैयारियां चलती रहीं।

पीलीभीत सीट पर सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के समर्थन में शुक्रवार को होने वाली जनसभा को लेकर कई दिन से समाजवादी पार्टी के नेता तैयारियां कर रहे थे। पीलीभीत मार्ग पर सिरसा चौराहे के पास एक प्लाट में जनसभा होगी। पूर्वाह्न करीब 11 बजे हेलीकॉप्टर जनसभा के पास बनाए गए हेलीपैड पर उतरेगा। गुरुवार को दिनभर पंडाल और मंच तैयार कराने के लिए पदाधिकारी जुटे रहे। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पार्टी के कई बड़े नेता जनसभा में पहुंचेंगे।

# उन सुविधाओं पर होगा काम, जिनकी खास जरूरत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने गुरुवार को ग्राम मझारा ताल्लुके महाराजपुर, राघवपुरी, मौरनियां गांधीनगर, जितौरिया टांडा, पूरनपुर लाइनपार में जनसभाएं कीं।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत को आने वाले समय में देश की एक आदर्श लोक सभा क्षेत्र के रूप में विकसित करते हुए उन सभी सुविधाएं दिलाने का प्रयास डबल इंजन की सरकार में किया जाएगा, जिनकी इस क्षेत्र में लम्बे समय से आवश्यकता थी। इस क्षेत्र में सबसे बड़ी आवश्यकता लोगों की वन्य जीवों से सुरक्षा की है। यहां आए दिन वन्य जीवों से लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडराता रहता है। प्रदेश एवं केन्द्र सरकार से मिलकर एक ठोस योजना बनवाकर क्रियान्वित कराएंगे, ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित रहे। सुगम यातायात को ध्यान में रखकर धनाराघाट के पुल को स्वीकृति दिलाकर बरसात में होने वाली असुविधा से निजात दिलाने का प्रयास किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरुभाग सिंह, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, सुभाष श्रीवास्तव, जसवंत सिंह, मुनेंद्रपाल सागर, तेज बहादुर सिंह, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, हरिराम गौतम आदि रहे।

## निशक्त जनसेवा संस्थान का स्वास्थ्य शिविर आज

**पीलीभीत।** निशक्त जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृत लाल ने बताया कि मासिक स्वास्थ्य शिविर 12 अप्रैल को पूरनपुर रोड पर अंकुर राइस मिल परिसर में सुबह दस बजे से लगेगा। जिसमें रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, बरेली के आंख एवं दांत के डॉक्टरों की टीम आएगी। मोतियाबिंद के मरीजों की जांच करेगी। मोतियाबिंद पाए जाने पर मरीजों को बस से बरेली ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मरीजों के रहने, खाने, दवा, चश्मे की सुविधा भी निशुल्क होगी। संस्थान के पास कोरोना काल से ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था है। जन्म से गूंगे- बहरे पांच वर्ष तक के बच्चों एवं हृदय में छेद वाले बच्चों के निशुल्क ऑपरेशन के लिए भी संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

## मतदान कर्मियों को देनी होगी परीक्षा, फेल हुए तो दोबारा ट्रेनिंग

**पीलीभीत।** चुनाव ड्यूटी पर जाने से पहले मतदान कर्मियों को परीक्षा देनी होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान परीक्षा हर रोज प्रशिक्षण के अंत में देनी होगी। परीक्षा में फेल होने पर कर्मियों को दोबारा प्रशिक्षण लेना होगा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार से पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 15 अप्रैल तक चलेगा। रोजाना दो पालियों में 208-208 पोलिंग पार्टियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण के बाद परीक्षा कराने का फैसला लिया गया है। चुनाव डयूटी पर लगे इन मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के बाद एक प्रश्न पत्र दिया जाएगा। इसमें करीब पचास सवाल होंगे।

### 500 मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल में मतदान कर्मियों को रोस्टर वाइज प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण बुधवार से शुरू किया गया है। पहले दिन 1657 मतदान कर्मियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। जबकि चार कर्मी गैरहाजिर रहे थे। प्रशिक्षण के दौरान तदान कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट मतदान की व्यवस्था की गई है। नोडल/एआर प्रदीप कुमार ने बताया कि पहले दिन 500 मतदान कार्मिकों ने पोस्ट बैलेट मतदान किया है।

## लोगों को भा रही सादगी भरी छवि, खुद को किसान बता हर वर्ग को साधने की कोशिश

# स्थानीय मुद्दों के साथ मतदाताओं में भगवत बना रहे पैठ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार।

**अमृत विचार:** सियासी हवाएं तेज हो चुकी हैं। वही प्रत्याशी विजय रथ पर सवार होगा, जो वोटरों की नब्ज पहचानने के साथ नम्रता में सिद्धहस्त होगा। सपा (गठबंधन) प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार इसी अंदाज में जनता के बीच पैठ बनाने में जुटे हैं। रफ्तार भले ही अभी धीमी दिख रही हो, लेकिन सियासी शय और मात के खेल में बाजी चलना उन्हें बखूबी आता है। वे जनसभाओं के माध्यम से स्थानीय मुद्दों के सहारे सादगी भरे अंदाज में विरोधियों पर चोट करते नजर आ रहे हैं।

पीलीभीत से सपा (गठबंधन) प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार नवाबगंज से पांच बार विधायक और सपा सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं। 2002 से लेकर 2012 तक हैट्रिक लगा चुके हैं। वह राजनीति के सधे खिलाड़ी की तरह सतही मुद्दे और इधर-उधर की बातें न कर स्थानीय मुद्दे और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। मतदाताओं से मिलकर उनके मित्र और हमदर्द की भूमिका निभाने का भरोसा दे रहे हैं। इस तरह-धीरे-धीरे मतदाताओं में पैठ बना रहे हैं। चूंकि पीलीभीत की सियासत में कुर्मी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे में वह खासी चुनौती खड़ी कर सकते हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में साढ़े तीन दशक में आठ बार सांसद बनने वाले मेनका गांधी और वरुण गांधी नहीं हैं। वरुण का भाजपा से टिकट कटने के बाद उनके समर्थक चुप हैं।

समाजवादी पार्टी वरुण के समर्थकों से आस लगाए है। मुस्लिम सपा का बेस वोट रहा है। सिख, लोध, किसान, युवाओं को साधने पर भी जोर है। बहरहाल भगवत सरन पीलीभीत की सियासी आबोहवा को अच्छे से जानते हैं। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, उनकी सभाओं और जनसंपर्क में तेजी आ गई है।

### इन मुद्दों को लेकर पहुंच रहे जनता के बीच

सपा प्रत्याशी भगवत सरन, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, छुट्टा पशु, वन्यजीव हमलों में किसानों की मौतों आदि स्थानीय मुद्दों पर चुनावी दांव खेल रहे हैं। किसानों की सरजमीं पर खुद को किसान बताकर वे पैठ बना रहे हैं। जनसभाओं में वह सिर्फ स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को ही तरजीह दे रहे हैं।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिंल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# अकीदत के साथ पढ़ी नमाज, भाईचारे का दिया पैगाम

## गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के गले लगे लोग, देर रात तक मुबारकबाद देने का चला सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले भर में ईद-उल-फितर का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। रोजेदार व अकीदतमंदों ने ईदगाह एवं मस्जिद पहुंचकर नमाज अदा कर देश में अमन और खुशहाली के लिए दुआ की। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के दौरान ईदगाह से लेकर मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

शहर के श्रीरामजानकीपुरम की ईदगाह में थरवरनगंज की जामा मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना इशहाक ने अकीदतमंदों को नमाज अदा कराई। उन्होंने सभी को आपस में भाईचारे के साथ रहने की अपील की। पेश इमाम ने कहा कि अल्लाह के रसूल का बताया हुआ रास्ता ही इस्लाम है। अपने भाईयों से लेकर पड़ोसियों के साथ मोहब्बत और इज्जत से पेश आना चाहिए। इस्लाम अमनपसंद मजहब है। अपना जिला गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है। ईदगाह से हमेशा भाईचारे का पैगाम दिया गया। पूर्व सांसद जफर अली नकवी एवं पूर्व मंत्री आरए उस्मानी ने लोगों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद का त्योहार मोहब्बत का पैगाम देता है। हम सभी को त्योहार मिलजुल कर मनाना चाहिए। यही हमारे देश की शान है।

खीरी टाउन की ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के वक्त आलाधिकारी सहित पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। पश्चात सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह पर सदर एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ रमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अजीत कुमार, चौकी प्रभारी लाल बहादुर मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ ईदगाह के चारों मुस्तैद रहे। नमाज के मौजूद अधिकारियों ने लोगों को मिठाईयां खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं खीरी चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद रफी बरकाती, फरीद अहमद, अतीक बाबा, मुफीद, मुजीब, आमिर खान, सन्नू सहित अंजुमन इस्लामिया के सदर मुमताज़ मियां, डॉ. मतलूब अहमद, सईद खान, साजिद अली

- **ईद की नमाज के दौरान ईदगाह से लेकर मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद**

आदि ने भी ईदगाह पर मौजूद लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

सिंगाही में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुजीबुर्रहमान ने ईद की नमाज पढ़ाई। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम, सभासद राहूल गुप्ता, जोगेंद्र शाक्य, सुनील बत्रा ने सभी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। मैगलगंज में ईद पर ईदगाह व मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। औरंगाबाद ईदगाह में मौलाना आशिक अली ने, मस्जिद कायम लालबाग में मौलाना मोहम्मद कामिल ने व कोटरी गांव में ईद की नमाज मौलाना कासिम ने पढ़ाई। बाद में सभी एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।


मितौली की ईदगाह में नमाज अदा करते बड़ी संख्या में अकीदतमंद। ● अमृत विचार


एक दूसरे को ईद की मुबारकवाद देते अकीदतमंद। ● अमृत विचार


पलिया की मदीना मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### संपूर्णानगर में हर ओर दिखा ईद का उल्लास

**संपूर्णानगर।** क्षेत्र में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर की रजा जामा मस्जिद के अलावा बसही, सुमेरनगर, खजुरिया सहित अन्य ग्रामों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गईं। क्षेत्र के समाजसेवी चिकित्सक डॉ. आईए खान, डॉ. इजहार खान, भुट्टू खान एवं शमशाद खान वर्तमान और पूर्व सदर रजा जामा मस्जिद ने संपूर्णानगर मस्जिद में नमाज अदा कर मस्जिद के मौलाना एवं अन्य लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाई देने के साथ ही सेवईं और अन्य पकवानों का आनंद लिया।

### पलिया में धूमधाम से मनाई ईद-उल-फितर

**पलिया कलां।** नगर व क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्यौहार पूरी अकीदत के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर में ईदगाह के अलावा नूरी मस्जिद, मोहल्ला बरवंड़ा में स्थित मदीना मस्जिद, रज़ा मस्जिद, गौसिया मस्जिद आदि मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई और मुल्क में अमन चैन हेतु अल्लाह से दुआ मांगी गई। सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह एवं सभी मस्जिदों के बाहर व चौराहों पर पुलिस की तैनाती रही। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी। सेवइयों सहित विविध पकवानों से घरों पर दिनभर अतिथियों का स्वागत-सत्कार का सिलसिला भी जारी रहा। पड़ोसी गांव नगला, अतरिया, बेहननपुर्वा, तिरकौलिया, मझगईं आदि में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ईद की नमाज अदा की गई।

### सिवइयों से मीठा कराया मुंह

बुधवार शाम चांद का दीदार होते ही ईद की मुबारकबाद देने का शुरू हुआ सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बृहस्पतिवार सुबह ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर गले मिलकर ईद की बधाई दी। नए कपड़ों में सजे बच्चों और युवाओं के चेहरों पर ईद की खुशी चमक बिखेर रही थी। देर रात तक लोग रिश्तेदारों और दोस्तों के घर जाकर सिवई से मुंह मीठा करते रहे।


लखीमपुर शहर की ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार


एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकवाद देते लोग। ● अमृत विचार


मैगलगंज में पुलिस अधिकारी के साथ ईद की खुशी बांटते लोग।


नमाज अदा करने के बाद ईद की मुबारकवाद देते नमाजी। ● अमृत विचार

### मितौली में उत्साह से मनाई गई ईद

**मितौली।** कस्बे की नई ईदगाह में सबसे पहले सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की गई। यहां पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना एजाज ने ईद की नमाज अदा कराई। पुरानी ईदगाह में सुबह 9 बजे नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इरफान ने नमाज पढ़ाई। वहीं कादरी जामा मस्जिद इस्लामनगर में सुबह 9:30 बजे मस्जिद के इमाम हाफिज राशिद खान ने नमाज अदा कराई। इस दौरान सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। बच्चों ने भी नमाज पढ़कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद हिन्दू भाईयों ने मुस्लिम भाईयों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व विधायक सुनील लाला, जिला मंत्री भाजपा ब्रजेश भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाहों के बाहर लगे मेले लगे। सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए थे। एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह, थाना प्रभारी मितौली राजू राव, इंस्पेक्टर क्राइम सन्तोष कुमार ने ईदगाहों और मस्जिदों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## एक नजर

### ईदगाह और मस्जिदों में पढ़ी ईद की नमाज



**कुकरा।** कस्बा कुकरा में ईद उल फितर की नमाज कस्बा की ईदगाह में हाफिज अब्दुल सलाम अंसारी, कारी सआदात रसूल, दारुल उलूम मस्जिद में मुफ्ती आदिल अखलाक कासमी, नूरी मस्जिद में इमाम हाफिज सैयद अबरार हुसैन, मदनी मस्जिद में मौलाना अब्दुल कयूम कासमी, मरकज मस्जिद में हाफिज अब्दुल सलाम, मदरसा नाफातुल मुस्लिमीन मस्जिद में हाफिज अतीकुर्रहमान अंसारी, स्टेट शाही मस्जिद में हाफिज शकील अंसारी, सलेमपुर मस्जिद में मौलाना मोहम्मद अकील कि इमामत में नमाज अदा की। पलिया विधायक रोमी साहनी, प्रतिनिधि रोमी कक्कड़ साहनी, वेदप्रकाश, कुकरा प्रधानपति फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, इरफान पठान, अपना दल एस जिला अध्यक्ष राजीव पटेल, विधि मंच के जिला अध्यक्ष महेश पटेल एडवोकेट, जिला महासचिव बरकत अली अंसारी, कपिल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवनीत पटेल, ऑस्कर वर्मा, युवा मंच के जिला अध्यक्ष आशीष पटेल, शिक्षक मंच के जिला अध्यक्ष सुशील वर्मा, चिकित्सा मंच के जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश पटेल, भाजपा नेता मुन्ना खान व अन्य ने मुबारकबाद दी। कुकरा चौकी प्रभारी के.के यादव, दीवान राजेश कुमार यादव, आरक्षी महेंद्र कुमार सहित मैलानी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### गरीब बच्चों की फीस देकर विधायक ने की मदद

**मैलानी।** बांकेगंज क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर की रेखा देवी के पति पंकज की दो साल पहले एक्सीडेंट में मृत्यु होने के बाद से विधायक रोमी साहनी उनके बच्चे सजल और जलज की फीस देते आए हैं। गुरुवार को विधायक ने फीस के लिए बच्चों की मां रेखा को 8300 सौ रुपए दिए। वहीं संपूर्णानगर में करीना पुत्री सर्वेश को फीस के लिए दिए 5 हजार रुपए, पलिया की शिवानी को भी फीस के लिए छह हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। अन्य लोगों की भी आर्थिक मदद की।

# ईद की नमाज पढ़ने के बाद मिले गले

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


लोगों से गले मिलते नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रमजान का माह पूरा होने, चांद के दीदार होने पर गुरुवार को क्षेत्र में ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह ईदगाह मस्जिद में सामूहिक नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। ईदगाहों के पास बेहतर सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की गई।

नगर की खुटार रोड स्थित ईदगाह पर नमाजियों का तांता लगा रहा। बच्चे, बड़े, बूढ़े नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे। एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। नगर की मोहम्मदी रोड जामा मस्जिद, भूड़ मोहल्ला की नूरी मस्जिद, केडिया फार्म मस्जिद, गौसिया मस्जिद, गढ़ी मोहल्ला सहित नगर की सभी मस्जिदों में नमाज अदा तक मुल्क की तरक्की के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, सपा के पूर्व विधायक विनय तिवारी, वारिस अली अंसारी आदि ने ईदगाह पहुंचकर सभी को ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद

- **चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था हर ओर रहा उल्लास**

का त्योहार एकता और सद्भाव बढ़ाने वाला पर्व है। यह पर्व क्षमा और दान करने की शिक्षा भी देता है। ईद गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने और उनके साथ खुशियां बांटने का अवसर है। रोशननगर। क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से ईद मनाई गई। ममरी, हैदराबाद, अहमदनगर, रोशननगर, धिरावां, घरथानियां, अजान, वनबुधेली, गनेशपुर, नयागांव, सरकारगढ़, सौखिया, अंगदपुर आदि स्थानों पर ईद की नमाज अदा कर लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

### ईद पर नमाज अदा करने के बाद दी मुबारकबाद



**संसारपुर।** कस्बा संसारपुर की ईदगाह में बड़ी संख्या में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-की नमाज अदा की। जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना साजिद ने नमाज अदा कराकर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर अपने हमराही साथियों के साथ जामा मस्जिद और ईदगाह पर सुबह से ही मौजूद रहे। समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष समशाद अंसारी, मुकर्रब अली, कमर आलम, मुशीर अहमद, डॉ इफाम अंसारी ने सभी को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद दी। इस दौरान अफरोज आलम, सरफराज आलम, अमीनुद्दीन मुन्ना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संवेदनशील अल्लीपुर में मुस्तैद रही पुलिस

संवाददाता, ममरी


अल्लीपुर गांव में मौजूद पुलिस बल और अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र में आने वाले 10 ईदगाहों और 32 मस्जिदों पर ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्वक पढ़ी गई। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। अति संवेदनशील घोषित अल्लीपुर गांव में सन्नाटा पसरा रहा। न तो ईद की नमाज पढ़ी गई और न ही चहल-पहल दिखाई दी। पूरा गांव छावनी में तब्दील रहा। हैदराबाद थाना पुलिस, पीएसी के जवान और प्रशासनिक अधिकारी, सीओ अजेंद्र कुमार यादव बुधवार की शाम से लेकर बृहस्पतिवार तक गांव में डेरा डाले रहे। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया वर्ष 2015 में वहां के के लोगों ने ईद की नमाज मदरसे में पढ़ने की नई परंपरा डालने का प्रयास किया था। जिसे लेकर काफी बवाल हुआ था। तभी से वहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाया जाता है।

### ईदगाह पर नौ बजे अदा की गई ईद उल फितर की नमाज

**मैलानी।** ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। ईद उल फितर को (मीठी ईद) भी कहा जाता है। ईदगाह पर मौलाना अब्दुल कादिर, जामा मस्जिद पर ईदगाह से 15 मिनट बाद पेश इमाम हाफिज तकीमुद्दीन ने नमाज पढ़ाई। जिससे किसी की नमाज न छूटे। मौलाना अब्दुल कादिर ने नमाजियों से कहा कि नमाज पढ़ कर ईदगाह से इकट्ठा सभी लोग न निकले जिससे दूसरों को परेशानी हो। ईदगाह पर नमाजियों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी द्वारा सेवई बनवाकर वितरित की गई। ईदगाह और मस्जिद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। लोगों ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी।

# मोहम्मदी में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद


ईद पर सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस बल। ● अमृत विचार

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचार :** ईद का पर्व जोश व खरोश के साथ मनाया गया। रोजेदारों ने ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर तरक्की की दुआ मांगी।

ईदगाह में पेश इमाम असजद सिद्दीकी ने नमाज अदा कराई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के दौरान ईदगाह से लेकर मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, सीओ अरुण कुमार, कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सिंह, पसगवां थाना प्रभारी दीपक राठौर भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

अलर्ट — जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को दिए दिशा-निर्देश

# धूप बढ़ी, हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **गुरुवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री ,न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा**

**अमृत विचार :** होली के बाद से तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान में 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। धूप की तपिश बढ़ने से पारा चढ़ने लगा है। अभी से बढ़ती गर्मी ने लोगों को घर से बाहर निकलना दूभर कर दिया है, जबकि मई और जून का माह अभी बाकी है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट वेव की संभावना बनने गली है। इसकी आशंका को लेकर जिला प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है।

डीएम ने विभिन्न विभागों को हीट वेव से बचाव की तैयारियों को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि हीट वेव को लेकर सभी विभागों को एडवाइजरी जारी कर दी है। वहीं लोग भी इसको लेकर सजग रहें। किसी तरह की स्वास्थ्य परेशानी लगने पर बिना लापरवाही किए नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर इलाज कराएं।

### हीट वेव से बचाव के उपाय

- धूप में खड़े वाहनों में बच्चों व पालतू जानवरों को न छोड़ें।
- खाना बनाते समय, कमरे के दरवाजे व खिड़की खुली रखें।
- नशीले पदार्थ एवं शराब आदि का सेवन न करें।
- जहां तक संभव हो घर में रहें, धूप में निकलने से बचें।
- संतुलित और हल्का भोजन लें, हमेशा पानी पीते रहें।
- घर से बाहर निकलते समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें।
- धूप से बचाव के लिए टोपी, गमछा व छाता का उपयोग करें
- तबीयत खराब होने पर प्रशिक्षित डॉक्टर से ही परामर्श लें।
- पानी व तरल पदार्थ का खूब सेवन करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न होने पाए

### इन विभागों को जारी हुए निर्देश

- स्वास्थ्य विभाग
- परिवहन विभाग
- पशुपालन विभाग
- सूचना विभाग
- मनेरगा विभाग
- वन विभाग
- अग्निशमन विभाग
- शिक्षा विभाग
- नगर विकास विभाग
- पंचायती राज विभाग
- विद्युत विभाग
- जिला निर्वाचन कार्यालय

# संघ का उद्देश्य है मां भारती का वैभव स्थापित करना

संवाददाता, पलियाकलां


वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम को संबोधित करते जिला संपर्क प्रमुख कृष्ण अवतार भाटी।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलिया नगर व खंड का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता संघ के जिला संपर्क प्रमुख कृष्ण अवतार भाटी ने कहा मां भारती को परम वैभव पर स्थापित करना संघ का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि संघ प्रति वर्ष छह उत्सव प्रमुखता के साथ मनाता है, जिसमें से वर्ष प्रतिपदा भी एक है। वर्ष प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। आज ही के दिन आर्य समाज की स्थापना, नवरात्र का प्रारम्भ, भगवान श्रीराम व चक्रवर्ती सम्राट युधिष्ठर का राज्याभिषेक, भगवान झूलेलाल की जयंती व संघ के संस्थापक व प्रथम सर संघ चालक डॉ. हेडगेवार का जन्मदिन भी है। यह पर्व प्राकृतिक सौंदर्य के नवीनीकरण का द्योतक है, वहीं मां दुर्गा के नौ रूपों में शक्ति की आराधना का पर्व भी है।

अध्यक्षता नगर संघचालक निरंजन लाल व संचालन नगर कार्यवाह अभिषेक ने किया। कार्यक्रम में नगर व खंड प्रचारक रणवीर, सह जिला कार्यवाह बलजीत सिंह, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख मुकुट बिहारी मिश्रा, डॉ संतराम गुप्ता, आशीष, शिवपाल सिंह आदि रहे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें|

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी| काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था| क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी| फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है|

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है| डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला| डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी| आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है| आज मैं फिर से जवान हो गया हूं|

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे| मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था| बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे| फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया| डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई| मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें|

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी| ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था| मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी| फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की| जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया|

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें| डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है| दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं| डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
Ala Herbal Pharma
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# मतदान कर्मियों के लिए तैयार की जा रहीं सात हजार मेडिसिन किट

## लोकसभा चुनावः गर्मी में लू लगने से लेकर उल्टी व डिहाइड्रेशन का रहता है खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान कार्मिकों की सेहत को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। इसके लिए मतदान कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग सात हजार फर्स्ट ऐड किट उपलब्ध कराएगा, जिससे बीमारी आदि की दशा में कर्मचारी इनका उपयोग कर सकें। बृहस्पतिवार को सीएमओ ऑफिस परिसर में स्वास्थ्य कर्मी दवाओं की किट तैयार करते रहे।

जिले की खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। ऐसे में पोलिंग पार्टियों से लेकर पुलिस कर्मी चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी में मतदान स्थल के लिए रवाना होगें। चुनाव भी तेज गर्मी के बीच संपन्न होगा। ऐसे में लू लगने से लेकर उल्टी दस्त, बदहजमी आदि होने की संभावना अधिक रहती है। गर्मी के मौसम में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से मतदान कार्मिकों का निजात दिलाने के लिए चुनाव प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग दवाओं की किट मुहैया कराएगा, जिससे जरूरत पड़ने पर कर्मचारी इनका सेवन कर इन बीमारियों से अपना बचाव कर सकें।



मतदान कर्मियों के लिए फर्स्ट ऐड किट तैयार कर रहे स्वास्थ्यकर्मी।

जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को इमरजेंसी दवा की सात हजार किट तैयार करने के लिए कहा है। इस पर बृहस्पतिवार को ईद के अवकाश के दिन भी सीएमओ ऑफिस परिसर में चीफ फार्मासिस्ट से लेकर अन्य स्वास्थ्य कर्मी दवाओं की किट तैयार कराने में जुटे रहे। किट में बुखार, उल्टी, दस्त के अलावा दर्द निवारक दवाएं रखी जाएंगी। इसके अलावा मतदान कार्मिकों को चोट आदि लगती है तो उसके लिए बैंडेड आदि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### मेडिसिन किट

मतदान कर्मियों के लिए- 4500
पुलिस पार्टी के लिए- 2500

> लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों और पुलिस पार्टी को प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं मुहैया कराई जानी हैं। इनके लिए सात हजार मेडिकल किट तैयार कराई जा रही हैं।
> – डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ।

### दवाओं से लेकर कॉटन व बैंडेज भी रहेगा

फर्स्ट ऐड किट में दो तरह के बैंडेज और कॉटन भी रहेगी। इसके अलावा एक पर्चा रहेगा, जिस पर दवाओं के नाम से लेकर उनका उपयोग कैसे और किस बीमारी में करना है यह अंकित रहेगा, जिससे मतदान कर्मी तबियत बिगड़ने पर डॉक्टर तलाश करने की बजाय स्वयं संबंधित दवा का सेवन कर सकें।

### ये होंगी दवाएं


1. क्लोरफेनिरामाइन–4एमजी
2. सिप्रोफ्लोक्सासिन–500एमजी
3. मेट्रोटिंडाजोल– 400एमजी
4. डायसाइक्लोमाइन– 10एमजी
5. ओन्डेनसेट्रॉन– 4एमजी
6. रेनिटिडीन–150एमजी
7. पैरासीटामोल–500 एमजी
8. ओआरएस पैकेट
9. पोवीडोन आयोडीन क्रीम

# नवरात्र में फलों की मांग बढ़ी, दाम उछले

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नवरात्र की शुरुआत होते ही फल और मेवे महंगे हो गए हैं। गर्मी में मौसमी फल की मांग वैसे ही बढ़ जाती है ऐसे में नवरात्र और रमजान एक साथ होने से फलों के दाम में भारी उछाल आया है।

मंगलवार से नवरात्र का शुभारम्भ होते ही फलों और मेवा की बिक्री बढ़ गयी है। नवरात्र में लोग नौ दिन व्रत रखते हैं। श्रद्धालु इस दौरान फलाहार करना ज्यादा पसंद करते हैं। इस वजह से फलों की बिक्री खूब हो रही है, ऐसे में दाम बढ़ जाना लाजमी है। नानक चौकी के पास एक दशक से फल का ठेला लगा रहे रमेश कुमार ने बताया कि नवरात्र की वजह से हर वर्ष फलों के दाम बढ़ ही जाते इसमें कुछ नया नहीं है। बताया कि थोक में जो फल मंडी में कम दाम में मिल जाते थे अब उन सबके दाम लगभग डेढ़ से दो गुना तक हो गए हैं। इसलिए मजबूरन दाम बढ़ाना पड़ रहा है। नवरात्र के पहले दिन ही केला 60 रुपए प्रति दर्ज़न पर चला गया। औसत किस्म का सेव भी 160 रुपए किलो बिक रहा है। अंगूर के भाव में भी बीस से तीस रुपए प्रति किलो का उछाल आया है। नवरात्र में केला को सम्पूर्ण आहार के रूप में माना जाता है। इसलिए इसकी मांग ज्यादा रहती है। हर वर्ष शारदीय और वासंतिक नवरात्र में व्रत रखने वाली ग्रहणी प्रतिमा दीक्षित ने बताया कि नवरात्र का अलग ही महत्त्व है। महंगाई चाहे कितनी भी हो जाये पर आस्था के आगे कुछ भी नहीं है। नौ दिन पूजा में फल चढ़ाना होता है, फलों के दाम बढ़ने के बावजूद फल खरीदने ही पड़ेंगे।



गोला में ठेले पर बिकते फल। ● अमृत विचार

- थोक मंडी में ही फलों के दाम डेढ़ से दो गुना तक बढ़े

### नवरात्र से पूर्व और नवरात्र में

- **सेव :** 100 रुपये प्रति किलो– 160 रुपये प्रति किलो
- **केला :** 30 रुपये दर्जन– 60 रुपये दर्जन
- **अंगूर :** 40 रुपये प्रति किलो– 80 रुपये प्रति किलो
- **पपीता :** 30 रुपये प्रति किलो– 60 रुपये प्रति किलो
- **कीवी :** 25 रुपये प्रति पीस– 40 रुपये प्रति पीस


डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# तीसरे दिन भक्तों ने मां चंद्रघंटा का किया पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल के देवी मंदिरों में नवरात्र को लेकर धूम हैं। मां दुर्गा की उपासना के लिए सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों की कतार लग जाती है। श्रृद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को संकटा देवी मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इससे देवी मंदिर माता में जयकार लगते रहे।

प्राचीन संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि भागवत पुराण के अनुसार, मां दुर्गा का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है इसीलिए इनका नाम चंद्रघंटा है। इनका ध्यान व पूजन करने से भक्तों को सांत्वना, सुख और शांति की प्राप्ति होती है। इनका वाहन सिंह है। इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत-बाधादि से रक्षा करती है।



मां संकटा देवी।

### माता राजराजेश्वरी के दरबार में उमड़े भक्त



**निघासन।** विकास क्षेत्र के गांव गुलरीपुरवा स्थित माता राजराजेश्वरी के दरबार में चैत्र नवरात्र पर भक्तों का सैलाब है। वैसे तो प्रत्येक माह की 11 तारीख को इस मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है और मेला भी लगता है, लेकिन नवरात्र के मेले का विशेष महत्व है। मंदिर के पुजारी बाबा रामसनेही दास के अनुसार मां राज राजेश्वरी के दरबार में सच्चे मन से अरदास करने पर श्रद्धालुओं की प्रत्येक मनोकामना पूर्ण होती है। मुराद पूरी होने पर श्रद्धाल यहां विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं। अन्नप्राशन, मुंडन संस्कार आदि कार्यक्रम भी कराए जाते हैं।

### रघुनाथ पुरवा में प्रधान के भाई विवेक की मौत के बाद दो पक्ष हैं आमने-सामने, तीन बार हो चुका संघर्ष

# दो पक्षों के बीच धधक रही रंजिश की आग, हो सकती है विकराल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पांच दिन पहले मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर घायल हो गए
- पुलिस के साथ भी मृतक के परिजन कर चुके हाथापाई

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव रघुनाथ पुरवा में विवेक की मौत को लेकर दो पक्षों के बीच धधक रही आग कभी भी विकराल हो सकती है। चार महीने में तीन बार संघर्ष हो चुका है। पांच दिन पहले भी खूनी संघर्ष हुआ था। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। ग्रामीण किसी भी समय बड़ी वारदात होने की आशंका जता रहे हैं।

कोतवाली सदर के गांव रघुनाथपुरवा में प्रधान सुनीता के भाई विवेक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। उसका शव 22 दिसंबर 2023 को गन्ने के खेत में बरामद हुआ था। मृतक के परिजनों ने पारिवारिक चाचा व उनके पुत्रों पर जमीन बंटवारे व पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में विवेक की हत्या करने का आरोप लगाया था और विपक्षियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने जब मामले की जांच की तो मामला आत्महत्या का निकला। इस पर पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों को आत्महत्या के प्रति उकसाने की धाराओं में गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

> दोनों पक्षों के बीच रंजिश तो जरूर है, लेकिन गांव में तनाव जैसी कोई बात नहीं है। पुलिस गांव पर नजर बनाए हुए है।
> –रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी

करीब एक महीने बाद सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई और गांव में ही अपने घर पर रहने लगे। दोनों पक्षों के घर आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अब तक तीन बार आमने-सामने आ चुके हैं और उनमें खूनी संघर्ष हो चुका है। विवेक की मौत मामले में जेल गए पक्ष के लोगों को खुद पर हमले की आशंका थी। इसको लेकर वह पहली मार्च को अपने घर पर सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे थे, जिसका मृतक विवेक पक्ष विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे और उनमें विवाद होने लगा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे लगाने की कोशिश की तो विवेक पक्ष पुलिस से भिड़ गया। महिलाओं ने कुछ पुलिस पर हमला कर दिया और हाथापाई होने लगी। महिला सिपाहियों की वर्दी फाड़ दी। महिला एसओ ने मौके से भागकर जान बचाई थी। सदर कोतवाली पुलिस ने चौकी इंचार्ज एलआरपी शिवा जी दुबे की तहरीर पर शिवप्रसाद वर्मा पुत्र चेतराम वर्मा, अजीत उर्फ पुतानी वर्मा, सुभाष वर्मा, उनके घर की महिलाएं नीतू, सुनीता, हिमांशी निवासी रघुनाथ पुरवा व हरीश वर्मा निवासी कालाआम के खिलाफ बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

सात अप्रैल कोफिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवेक के परिवार के लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिससे राजेश कुमार, आशीष और सीताराम घायल हो गए। आरोप है कि शिवप्रसाद ने जान से मारने की नियत से राजेश कुमार पर तमंचे से फायर भी की। पुलिस ने राजेश कुमार की तहरीर पर शिव प्रसाद, अजीत, शिवानी हिमांशी, नीतू, सुनीता और सुभाष के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। वह मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच धधक रही आग कम होने के बजाए और बढ़ती जा रही है। इससे ग्रामीण भी चिंतित दिख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जो हालात बने हुए हैं। उससे लगता है कि कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना गांव में हो सकती है।

## नई नीति के अनुरूप परिवर्तित करनी होगी शिक्षण व्यवस्था

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति की बैठक में नई शिक्षा के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था को परिवर्तित करने पर विचार विमर्श किया गया।

नगर पालिका परिषद सभागार में समिति के प्रांतीय अध्यक्ष नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष अनुज कुमार खरे ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों को परिवर्तित करते हुए शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य अवधेश मिश्रा ने कहा कि विभागीय निर्देशों के अनुरूप समय से यू डायस फीडिंग सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रवेश प्रक्रिया में भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। अनिल कुमार टंडन ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में समिति के तत्वावधान में एक निर्धारित समय अंतराल पर कार्यशाला आयोजित किए जाने की जरूरत है। ताकि विद्यालय संचालन शिक्षा नीतियों से भली भांति अवगत हो सके। संचालन समिति महामंत्री शैलेंद्र कुमार सक्सेना ने किया। बैठक में संजय तिवारी, रामनरेश वर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, श्याम किशोर अवस्थी, रविंद्र भूषण सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, आलोक तिवारी, महेंद्र वर्मा, सुएश त्रिवेदी, डीपी श्रीवास्तव, संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## पुलिस बैठी रही और दुकान में हो गई चोरी

संवाददाता, जंगबहादुरगंज

- मुख्य चौराहे पर हुई वारदात मोबाइल शॉप से 90 हजार रुपये के मोबाइल ले गए चोर

**अमृत विचार :** कस्बे के मोहम्मदी चौराहा के निकट पुलिस पिकेट के पास स्थित एक मोबाइल की दुकान का बुधवार की रात पिछला गेट चोरों ने तोड़ दिया और दुकान में रखे करीब 90 हजार रुपये के मोबाइल चोरी कर ले गए। खास बात यह है कि इस पिकेट पर पूरी रात पुलिस मौजूद रहती है, लेकिन उसे घटना की भनक तक नहीं लगी।



चोरों द्वारा खंगाली गई मोबाइल शॉप।

गांव महमदपुर निवासी कमलेश की शाहजहांपुर-सीतापुर नेशनल हाईवे पर स्थित मोहम्मदी चौराहा पर मोबाइल शॉप है। पास में ही पुलिस पिकेट है, जिस पर पूरी रात पुलिस मौजूद रहती है। पुलिस से बेखौफ चोरों ने दुकान का पीछे वाला गेट तोड़ दिया और अंदर घुस गए। चोर उसमें रखे करीब 90 हजार रुपये के मोबाइल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई जब दुकान स्वामी कमलेश ने गुरुवार की सुबह दुकान खोली। दुकान में रखा सामान गायब और दरवाजा टूटा देख उसके होश उड़ गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। तमाम व्यापारी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

कमलेश ने बताया कि चोर दुकान से एक लैपटॉप, नये एंड्राइड फोन, ग्राहकों के पुराने रिपेयरिंग वाले मोबाइल व गुल्लक मे रखे पांच सौ रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित व्यापारी ने घटना की तहरीर चौकी जंग बहादुर गंज पुलिस को दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी प्रभारी राहुल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। रात में पुलिस पिकेट पर पुलिस की ड्यूटी रहती है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सुकुरुद्दीनपुर के पास गुरुवार को अपराह्न चार बजे एक ट्रैक्टर ट्राली पलटने से चालक की मौत हो गई।

मोहम्मदी कोतवाली के गांव अखयराजपुर निवासी 20 वर्षीय रामलखन ट्राली में भूसा भरकर ले जा रहा था। ट्रैक्टर सुकुरुद्दीनपुर निवासी लल्लू यादव का था। गांव सुकुरुद्दीनपुर के पास ट्रैक्टर पलटने से रामलखन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मृतक के परिवार वाले पहुंचे और ग्रामीण भी एकत्र हो गए। सूचना पर मोहम्मदपुर ताजपुर चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और उसके बाद थानाध्यक्ष दीपक राठौर भी पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मेहंदी तालाब में युवक ने लगाई छलांग, मौत

### कुछ देर तालाब के किनारे टहलता रहा फिर लगा दी छलांग, गोताखोरों ने निकाला शव

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचार :** नगर पालिका के मेहंदी बाग के निकट बने तालाब में एक युवक ने गुरुवार को छलांग लगा दी। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को तालाब में उतारकर युवक की तलाश कराई। तीन घंटे बाद उसका शव बरामद हुआ। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। पुलिस छानबीन कर रही है।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल और बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

मोहल्ला किला मेहंदी बाग निवासी रक्षपाल (25) पुत्र महेश सक्सेना गुरुवार की दोपहर बाद मेहंदी बाग के समीप बने तालाब के पास गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ देर तक वह इधर-उधर टहलता रहा। इसके बाद अचानक तालाब में छलांग लगा दी। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोताखोरों को नदी में उतारकर उसकी तलाश कराई। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला जा सका। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। परिवार वालों ने बताया कि मृतक रक्षपाल अविवाहित था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

### भागवत कथा के लिए जल भरते समय शारदा में डूबे युवक की मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में पचपेड़ी घाट पर कलश में जल भरते समय एक एक युवक गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। साथियों ने किसी तरह से उसे बाहर निकाला और सीएचसी फूलबेहड़ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत से उसके परिवार में चीख पुकार मची हुई है। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव श्रीनगर में वीर बाबा मंदिर स्थान पर सात दिवसीय भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई थी। जिसमें गांव से तमाम महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा शारदा नदी के पचपेड़ी घाट पर जल भरने पहुंची। बताते हैं कि जल भरने के दौरान गांव के ही अनुपम गुप्ता (20) पुत्र विजय गुप्ता का पैर फिसल गया और गहरे पानी में जाने से वह डूबने लगा। यह देख मौके पर हड़कंप मच गया। साथ में पानी भर रहे लोग नदी में कूद पड़े और उसे कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से बाहर निकाला। साथी उसे गंभीर हालत में लेकर सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचे, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। रोते–बिलखते परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ आलोक धीमान ने बताया कि युवक कलश यात्रा में शामिल था। वह नदी से जल भरते समय डूब गया था। साथी उसे बाहर निकालकर सीएचसी फूलबेहड़ लाए थे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर हड़पे 20 लाख

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपया हड़पने, धोखाधड़ी की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर पंजाब के अमृतसर निवासी दो लोगों के नामजद दर्ज हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के हड़ेला फार्म निवासी अंग्रेज सिंह पुत्र भजन सिंह का कहना है कि पंजाब में अमृतसर के गांव राना कला थाना जंडियाला निवासी हरजीत सिंह पुत्र गज्जन सिंह और लवजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह ने उसे उसकी पत्नी मनप्रीत कौर सिद्धू और बेटी जसप्रीत कौर सिद्धू को साइप्रस में डेरी में 60 हजार रुपए प्रति माह नौकरी दिलाने का झांसा दिया। कहा केवल आठ घण्टे ही ड्यूटी करनी होगी। वह झांसे में आ गया। अंग्रेज सिंह का कहना है कि इन लोगों ने बीजा-कागजात बनवाने के लिए 20 लाख रुपए की मांग की। उसने बैंक खाते के माध्यम से 15 लाख रुपए दे दिए। फिर यह दोनों उसके हड़ेला स्थित फार्म पर आए और पांच लाख रुपए नगद ले गए। इसके बाद उनकी पत्नी मनप्रीत और बेटी जसप्रीत को साइप्रस भेज दिया, उसे इंतजार करने को कहा।

साइप्रेस में उन दोनों को पनीर बनाने का काम मिला और रोज 11 से 12 घण्टे काम लिया गया। वेतन भी नहीं दिया गया। उनके पास रुपए भी नहीं थे कि वो वापस लौट सके। उन दोनों ने फोन कर हकीकत बताई तो अंग्रेज सिंह ने रुपए भेजे। तब उसकी पत्नी और बेटी वापस आ सक। पीड़ित ने 22 फरवरी को पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तब अंग्रेज सिंह ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने हरजीत सिंह और लवजीत सिंह के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तीन महीने बाद भी अनसुलझा है किसान शिव प्रकाश हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- थाने के पास खेत की रखवाली करते समय हुई थी हत्या
- पुलिस पशुओं के हमले में बता रही थी मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या

> हत्याकांड की जांच में टीमें लगी हुई हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस आधार नहीं मिला है, जिससे पुलिस किसी नतीजे पर पहुंच सके। जांच अभी चल रही है।
> –श्रद्धा सिंह, एसओ नीमगांव

**अमृत विचार :** थाना व कस्बा नीमगांव में खेत की रखवाली करते समय किसान शिव प्रकाश की हत्या को हुए दो माह पूरे होने में चार दिन बाकी हैं, लेकिन धारदार हथियार से की गई किसान की नृशंस हत्या किसने और क्यों की। इसका खुलासा आज तक पुलिस नहीं कर पाई है। इससे लोगों में पुलिस के प्रति खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।

नीमगांव कस्बा निवासी शिव प्रकाश पांडेय (45) का एक खेत थाने सटा हुआ है। 15 फरवरी 24 की रात वह खेत में खड़ी फसल की रखवाली कर रहा था। रात में उसकी बांके से ताबड़तोड़ प्रहार कर नृशंस हत्या कर दी गई थी। सुबह जब लोग अपने घरों से निकले तो शिव प्रकाश का शव खून से लथपथ झोपड़ी में पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और परिवार वालों को दी। इस हत्याकांड को लेकर पुलिस शुरुआत से लापरवाह रही। सूचना के करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची एसओ श्रद्धा सिंह ने हिंसक जानवरों के हमले में मौत होने की बात कहकर हत्या की वारदात पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। हालांकि जब ग्रामीणों ने आक्रोष जताया और तो पुलिस बैकफुट पर आ गई और शव पोस्टमार्टम को भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने पर पुलिस ने मृतक की पत्नी माया देवी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्याकांड को हुए तीन महीने में पूरे होने चार दिन बाकी हैं, लेकिन पुलिस की जांच एक कदम आगे नहीं बढ़ सकी है। पुलिस जांच जारी होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रही है। उधर काफी लंबा समय बीतने के बाद भी हत्याकांड का खुलासा न होने से लोगों में अब पुलिस के प्रति रोष पनपने लगा है।

### मंदिर का दानपात्र और घंटे चोरी

**बिझौली, अमृत विचारः** कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुनाबाद फार्म के ब्लाक नम्बर दो में मसाय वाले फकीर बाबा स्थान पर मंगलवार की रात चोरों ने दानपात्र और घंटा चुरा लिया। मंदिर के पुजारी बहादुर लाल, अजय पाल, कमेटी प्रबंधक महेंद्र वर्मा ने बताया कि सोमवती अमावस्या को भीड़ ज्यादा आई थी। दान पात्र में भी दान ज्यादा आया था। मंदिर परिसर में बंधे घंटे घंटियां भी चोर खोल ले गए। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
REQUIREMENT
Wanted Experienced
PRT / TGT / PGT
Administration Assistants
Tally Accountants
Office Executive
Liaisoning Assistant
Computer Operator
ST. XAVIER SCHOOL
Sainik Vihar, Opp. Bareilly Cantt.
Chanehti, Bareilly
Mob. 8532045366

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मैं रूपकिशोर शर्मा पुत्र श्री लालता प्रसाद शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाता था लेकिन अब मुझे रूपकिशोर शर्मा पुत्र श्री लालता प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाये। रूपकिशोर पुत्र श्री लालता प्रसाद निवासी वालाकिशनपुर तहसील बिल्सी जिला बदायूँ।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अरूण पाठक को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। सूर्य प्रकाश पुत्र स्व. प्यारे लाल निवासी मोहल्ला बसन्त बिहार, थाना इज्जत नगर, जिला बरेली।

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक–12 अप्रैल 2024, दिन–शुक्रवार
समय–प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
- आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें, साथ ही कम्बल लाना न भूलें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनो को उनकी जरुरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें वितरण की जायेंगी प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से
अमृत लाल अध्यक्ष
निःशक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

# गाली देने से मना करने पर मारी गोली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- पुलिस फायरिंग होने से कर रही इनकार

**अमृत विचारः** मैलानी थाना की बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की रात ग्रंट नंबर 11 के निपानिया गांव में दरवाजे के पास खड़े होकर गाली दे रहे व्यक्ति को मना करने पर उसने फायर कर युवक को घायल कर दिया। पुलिस फायर होने की बात से इनकार कर रही है।

निपानिया निवासी वीरपाल ने बताया कि बुधवार रात करीब 10:30 बजे दरवाजे पर खड़े होकर गांव का ही एक युवक गालियां दे रहा था। उसे मना किया तो उसने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। जो उसकी जांघ में लग गया।

बताया कि आरोपी ने तीन फायर और किए। चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य लोग इकट्ठे हो गए इससे युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घायल वीरपाल को बांकेगंज ले जाकर मेडिकल कराया गया। मैलानी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच चल रही है।

**पूरा गांव कह रहा फायरिंग, पुलिस कर रही इनकार**

निपनियां में बुधवार की रात हुई फायरिंग की आवाज को पूरे गांव के लोगों ने सुना है। 112 पुलिस को भी ग्रामीणों ने बताया कि फायरिंग हुई है। फायरिंग करने वाला दबंग है। बावजूद मैलानी इंस्पेक्टर राजेश कुमार का कहना है कि फायरिंग नहीं हुई है। घायल का एक्सरे कराने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी, तभी विधिक कार्रवाई की जाएगी।



घायल वीरपाल।

## सड़क दुर्घटना में सात माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर की नई बाईपास रोड पर सात माह पूर्व हुए सड़क दुर्घटना के मामले में कोर्ट के आदेश पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नगर की नई बाईपास रोड पर 29 सितंबर की रात कार की टक्कर से बाइक चालक आकाश शर्मा और उसका साथी धीरज वर्मा घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया था। घायल आकाश शर्मा की पत्नी प्रीति शर्मा ने 26 सितंबर को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तो प्रीति शर्मा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मारुति शिफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 31सीए/0280 के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## स्वतंत्र देव ने पूछा बहुत अफवाहें हैं चुनाव संभाल लोगे

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा में चल रही उथलपुथल ने वरिष्ठ नेताओं को चिंतित कर दिया है। बृहस्पतिवार को पीलीभीत जाने के लिए त्रिशूल एयरबेस पर चेंजओवर कर रहे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भी स्वागत करने पहुंचे बरेली के नेताओं के सामने चिंता जताई। स्वतंत्र देव हेलीकॉप्टर से सुबह करीब दस बजे बरेली एयरपोर्ट पर उतरे थे। करीब 15 मिनट यहां ठहरने के दौरान उन्होंने एयरपोर्ट के गेस्टहाउस में बरेली लोकसभा क्षेत्र के संयोजक राजकुमार शर्मा, सह संयोजक केएम अरोड़ा, वीरपाल गंगवार, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी, गौरव गुप्ता, अंकित शुक्ला, अमन सक्सेना आदि से मुलाकात की। पदाधिकारियों के मुताबिक उन्होंने मेयर की कथित टिप्पणी के बाद हुए पूरे घटनाक्रम पर बात की। कहा, बहुत अफवाहें सुनने को मिल रहीं है। सबकुछ ठीक है न, चुनाव संभाल लोगे। पदाधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि चुनाव ठीक चल रहा है।

# राहत: गर्मी में 40 स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

## 36 स्पेशल ट्रेनों का बरेली जंक्शन पर भी होगा ठहराव, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पंजाब के लिए मिलेंगी ट्रेनें

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** गर्मी में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 40 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। अप्रैल, मई और जून में चलने वाली स्पेशल ट्रेनों में 36 का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा। ये ट्रेनें मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पंजाब, उत्तराखंड, असम जैसे राज्यों के लिए चलेंगी।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल से 31 मई तक 05097 टनकपुर दौराई स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को होगा। यह ट्रेन टनकपुर से चलकर बरेली जंक्शन रात 21:25 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 05098 दौराई-टनकपुर प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार को दौराई से चलकर अगले दिन सुबह 06:25 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। इसके अलावा 05045 लालकुआं-राजकोट 21 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को लालकुआं से चलकर बरेली जंक्शन



15:05 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05046 राजकोट लालकुआं 22 अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को राजकोट से चलकर अगले दिन 01:45 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर 25 अप्रैल से 27 जून तक चंडीगढ़ से प्रत्येक गुरुवार को चलकर बरेली जंक्शन अगले दिन सुबह 07:40 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04517 गोरखपुर चंडीगढ़ 26 अप्रैल से 28 जून के बीच प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से चलकर बरेली जंक्शन अगले दिन सुबह 07:00 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा 04068 दिल्ली दरभंगा एक्सप्रेस 26 अप्रैल से 28 जून के बीच दिल्ली से प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चलकर अगले दिन देर रात 00:01 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में 04067 दरभंगा-दिल्ली एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 29 जून के बीच प्रत्येक बुधवार और शनिवार को दरभंगा से चलकर अगले दिन दोपहर को 12 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी।

### यह ट्रेनें भी चलेंगी

रेलवे प्रशासन ने अलग-अलग तिथियों में जिन स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय किया है, उनमें 04028/04027 आनंद विहार-सहरसा-आनंद विहार, 04060/04059 आनंद विहार-जयनगर-आनंद विहार, 04010/04009 आनंद विहार-जबलपुर-आनंद विहार, 04004/04003 नई दिल्ली-सीतामढ़ी-नई दिल्ली, 04310/04309 देहरादून-गोरखपुर-देहरादून, 04312/04311 देहरादून-हावड़ा-देहरादून, 04314/04313 देहरादून-मुजफ्फरपुर-देहरादून, 04680/04679 श्री वैष्णोदेवी कटरा-गुवाहटी-श्री वैष्णोदेवी कटरा, 04682/04681 जम्मूतवी-कोलकाता-जम्मूतवी, 04624/04623 श्री वैष्णोदेवी कटरा-वाराणसी-श्री वैष्णोदेवी कटरा, 04530/04529 भटिंडा-वाराणसी-भटिंडा, 05005/05006 गोरखपुर-अमृतसर-गोरखपुर, 05049/05050 छपरा-अमृतसर-छपरा और 02191/02192 जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर ट्रेनें शामिल हैं।

### आज ब्लॉक के कारण प्रभावित होगी राजधानी एक्सप्रेस

बरेली, अमृत विचार : परसाखेड़ा में ब्लॉक की वजह से शुक्रवार को रेल यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ेगी। इसकी वजह से राजधानी एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित होगा। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-बरेली रेलखंड के बीच परसाखेड़ा स्टेशन यार्ड की डाउन लाइन पर दोपहर 12:10 से 15:40 बजे तक मेगा ब्लॉक लेकर विकास और मरम्मत कार्य किए जाएंगे। इस कारण मंडल में संचालित होने वाली 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस को मार्ग में 40 मिनट नियंत्रित कर संचालित किया जाएगा।

### चार जोड़ी ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**बरेली।** बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली चार जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गर्मी में यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए 14207 प्रतापगढ़-दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस में 13 से 19 अप्रैल, 14208 दिल्ली-पद्मावत एक्सप्रेस में 16 से 22 अप्रैल, 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली में 15 से 21 अप्रैल और 14206 दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में 14 से 20 अप्रैल के दौरान एक-एक स्लीपर कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा। इसके अलावा 12204 हरिद्वार-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस में 13 से 17 अप्रैल और 12203 सहरसा-गरीब रथ एक्सप्रेस में 14 से 18 अप्रैल के दौरान एक-एक थर्ड एसी कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा।

## कार से 1032 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, चालक पकड़ा



कार से बरामद अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी चालक। ● अमृत विचार

संवाददाता, ममरी

● पुलिस ने कार सीज कर चालक का किया चालान

**अमृत विचारः** हैदराबाद थाना पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार सवेरे गोला से मोहम्मदी की तरफ आ रही कार से अंग्रेजी शराब की 1032 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने कार को सीज कर दिया है। रिपोर्ट दर्ज कर चालक का चालान भेजा है।

थाना प्रभारी दीपक तिवारी और आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सवेरे उन्हें गोला मोहम्मदी रोड पर कार यूपी 31 सीबी 4924 आती दिखाई दी। संदेह होने पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जब गाड़ी को रोक कर तलाशी ली तो उसके अंदर 33 गत्तों में अंग्रेजी शराब की 1032 बोतल बरामद हुईं। शराब से संबंधित कागजात मांगे तो गाड़ी चालक गोला की भारत भूषण कालोनी निवासी कार चालक रवि पटेल नहीं दिखा पाया। हैदराबाद पुलिस ने वाहन को थाने लाकर उसे सीज कर दिया। कार चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर चालान भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### किराना व्यापारी ने जहर का सेवन कर दी जान

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में एक किराना व्यापारी ने बुधवार की रात अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिवार वाले आत्महत्या के कारणों के बाबत कुछ नहीं बता पा रहे हैं। गांव नकहा निवासी राहुल (23) की किराने की दुकान है। परिवार वालों ने बताया कि बुधवार की देर शाम राहुल दुकान बंद कर घर पहुंचा। घर में ही रात को उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई तो उनमें हड़कंप मच गया। परिवार वाले आनन-फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया। गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### लू लगने पर रैपिड रिस्पांस टीम करेगी उपचार

**बरेली।** लू को लेकर अलर्ट जारी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीएचसी-पीएचसी स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम गठित की गई है, जो लू से ग्रसित होने वाले मरीजों का इलाज करेगी। टीम में एक चिकित्सक और दो स्टाफ नर्स को शामिल किया गया है। गर्मी के दिनों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, ब्रेन स्ट्रोक आदि के मामले बढ़ जाते हैं। इसको ध्यान में रखकर सीएचसी और पीएचसी स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज की कमी हो जाना होता है। लू से ग्रसित रोगियों के इलाज के लिए रैपिड रिस्पांस टीमें गठित कर दी गई हैं। इसके अलावा अस्पतालों में ऐसे मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए जा रहे हैं।

### गृहमंत्री व रक्षामंत्री का त्रिशूल एयरपोर्ट पर आज चेंजओवर

**बरेली।** गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का शुक्रवार को त्रिशूल एयरपोर्ट पर अलग-अलग समय में चेंजओवर होना है। इसके लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक गृह मंत्री पहले मुरादाबाद में जनसभा में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1:25 बजे वह त्रिशूल एयरबेस पर पहुंचेंगे, जहां पर पांच मिनट के चेंजओवर के बाद 1:30 बजे उड़ान भरेंगे। वहीं, रक्षामंत्री उत्तराखंड के काशीपुर से पांच बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और पांच मिनट के चेंजओवर के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। इसके अलावा 5:15 बजे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और 5:25 बजे वे लखनऊ के लिए उड़ान भरेंगे।

### जनसाधारण एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत

**बरेली।** बाकरगंज के पास गुरुवार सुबह 6 बजे ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। युवक की पहचान नहीं हो सकी। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम मुरादाबाद से सूचना मिली थी कि 13257 जनसाधारण एक्सप्रेस से एक शख्स कट गया है। एएसआई ओमपाल सिंह और हेड कॉन्सटेबल जयवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे तो किलोमीटर संख्या 1311/19-21 के बीच एक व्यक्ति उम्र करीब 42 वर्ष अप लाइन पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। किला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। किला थाना पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया।

### चुनाव में बूथ कार्यकर्ताओं पर होती है बड़ी जिम्मेदारी

**अमांपुर।** भारतीय जनता पार्टी अमांपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कस्बा सहावर में हुआ। पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा अपने लक्ष्य 400 पार को हासिल करेगी। कहा कि अगर हम बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे। संगठन का कार्यकर्ता ही पाटी की रीढ़ होता है। कार्यकर्ता अपना बूथ मजबूत योजना के तहत काम करें। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने जीत हासिल करने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ लगने के लिए कहा है। विधायक हरिओम वर्मा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संचालन जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने किया। सम्मेलन को लोकसभा प्रभारी नागेंद्र पाल, संयोजक प्रत्येन्द्र पाल, सह संयोजक ज्ञान तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा खूब सिंह लोधी ने भी संबोधित किया। सासंद प्रतिनिधि डा. केतसिंह वर्मा, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नंदकिशोर दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख कृष्ण प्रताप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### 700 जवानों पर योगी-प्रियंका की सुरक्षा का जिम्मा

**हल्द्वानी।** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर स्टार प्रचारकों की रैली और जनसभाओं का दौर शुरू हो गया है। रुद्रपुर में प्रधानमंत्री मोदी की रैली के बाद अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 अप्रैल को हल्द्वानी आ रहे हैं। संभवत: यह उनका पहला हल्द्वानी दौरा है। इसी दिन कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी रामनगर में जनसभा करेंगी। दोनों बड़े नेताओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। करीब 700 पुलिस कर्मियों पर दोनों नेताओं की सुरक्षा का जिम्मा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा खुद सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। इंटेलीजेंस और एलआईयू हर गतिविधि पर नजर रख रही है। पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के आसपास रहने वालों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया है। कार्यक्रम के दिन चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगा। एसएसपी के अनुसार रामनगर व हल्द्वानी की सभाओं के लिए पूरे कुमाऊं से राजपत्रित अधिकारी व पुलिस कर्मचारी पहुंचेंगे। चार कंपनी पीएसी मिल चुकी है। अर्धसैनिक बल भी तैनात रहेगा।

### अश्लील वीडियो के जरिए बनाया शादी का दबाव


**रामपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती का कहना है कि वह नगर पालिका पालिका में कांट्रेक्ट बेस पर काम करती है। नगर पालिका में मृतक आश्रित में इमली झूले वाली का रहने वाला मोहम्मद शुऐब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। स्टाफ का होने के नाते शुऐब से जान-पहचान हो गई थी। इस दौरान शुऐब ने अपनी पत्नी और बच्ची को भी मिलाया था। पीड़िता का कहना है कि एक दिन शुऐब उसके घर से टीवी का सेटअप बॉक्स ले गया था। उसने एक कैमरा सेटअप बॉक्स में फिट कर दिया था। इसके बाद सेटअप बॉक्स को युवती के कमरे में लगा दिया और अश्लील वीडियो बना ली। फिर उस पर शादी करने का दवाब बनाने लगा। वीडियो करे वायरल करने की धमकी दी। सभी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। बाद में पांच लाख रुपये की मांग कर दी। युवती ने डीआईजी से शिकायत की। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शुऐब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अखिलेश के पीछे आरएसएस का रिमोट कंट्रोल :तौकीर

बरेली, कार्यालय

● आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा का वीडियो आया सामने

**अमृत विचार :** सिर से गिरफ्तारी की तलवार हटने के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने सपा पर निशाना साधा है। रामपुर में लोकसभा चुनाव लड़ने उतरे अपने नजदीकी महमूद प्राचा की पैरवी करते हुए बृहस्पतिवार को उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के पीछे आरएसएस का रिमोट कंट्रोल काम कर रहा है।



तौकीर का एक वीडियो बयान सामने आया है जिसमें वह मुरादाबाद में गैरमुस्लिम उम्मीदवार खड़ा कर वहां के मुस्लिम सांसद एसटी हसन के साथ विश्वासघात करने और रामपुर में भी डमी उम्मीदवार खड़ा करने का आरोप लगा रहे हैं। दिया। जहां-जहां अखिलेश आरएसएस का साथ दे रहे हैं, वहां वह अपने उम्मीदवार उतार रहे हैं। तौकीर ने कहा है कि 2010 में उन्होंने कोई जुर्म नहीं किया था। गलती सिर्फ यह है कि आरोप लगने के बाद खामोश हो गए और असल दंगाइयों के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। लोकसभा चुनाव में उन्होंने सामाजिक न्याय मंच के जरिए लोगों को जोड़ने की कोशिश की जिस पर उनके खिलाफ साजिशें रची गईं।

## खाना बना रही महिला चूल्हे पर गिरकर झुलसी, मौत

**संभल/असमोली, अमृत विचारः** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम रोजा इफ्तार के लिए खाना बना रही महिला चक्कर आने की वजह से चूल्हे में गिरकर झुलस गई। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव ऐचोड़ा कंबोह निवासी इसरार की पत्नी जाफरी 46 वर्ष बुधवार की शाम छह बजे रोजा इफ्तार के लिए मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही थी। चक्कर आने पर जाफरी जलते हुए चूल्हे के ऊपर गिरकर झुलस गई। परिजनों ने उन्हें संभल के निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने जाफरी को उपचार के लिए मेरठ निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां गुरुवार की दोपहर तीन बजे उपचार के दौरान जाफरी की मौत हो गई।

## कस्टम अधिकारी बता कारोबारी की बेटी के खाते से उड़ाए 5.22 लाख

मुरादाबाद कार्यालय

● धोखाधड़ी करने वाले ने धमकाया कि खाते की सही जानकारी नहीं दी तो पूरा परिवार जाएगा जेल

**अमृत विचार :** ठगी करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर कारोबारी की बेटी को धमकाया और उसके खाते की जानकारी लेकर 5.22 लाख रुपये उड़ा लिए। ठगी करने वालों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कारोबारी ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी बेटी के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताया। इसके बाद उसने बेटी को धमकाते हुए कहा कि वह मनी लॉड्रिंग के एक मामले की जांच कर रहा है। जांच में जो संदिग्ध खाते मिले हैं, उसमें एक कारोबारी की बेटी का भी है। फिर आरोपी ने कारोबारी की बेटी से कहा कि तुम्हारे खाते में गैरकानूनी ढंग से रुपये आए हैं, इन रुपयों से खरीदारी भी की गई है। जालसाज की बातें सुनकर जब युवती ने कहा कि उसने न तो अपना खाता नंबर किसी को दिया है और न ही उसमें कोई धनराशि आई है। इस पर आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि यदि सही जानकारी नहीं दी तो पूरा परिवार जेल में चला जाएगा। आरोपी ने पीड़िता को इस तरह अपने जाल में फंसाया कि कारोबारी की बेटी ने घर में किसी को जानकारी तक नहीं दी और जालसाज को अपने बैंक खाते के बारे में पूरी जानकारी दे दी। खाते के संबंध में विवरण मिलते ही आरोपी ने चार बार में कुल 5.22 लाख 700 रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। रकम ट्रांसफर करने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। इसके बाद युवती ने अपने कारोबारी पिता को घटना के बारे में जानकारी दी। घटना परिवार की जानकारी में आने पर तत्काल पीड़ित पक्ष पुलिस लाइन पहुंचा और साइबर क्राइम सेल में पुलिसकर्मियों को अवगत कराया। उधर, इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तरफ से तहरीर मिली है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

## गन्ने के खेत में बाघ देख लोगों के होश उड़े

संवाददाता, ममरी

**अमृत विचारः** मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के ग्राम मढ़िया सड़क में गन्ने के खेत में बाघ टहलते देख सिंचाई कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने बाघ के पगचिन्ह मिलने की पुष्टि कर बताया कि बाघ गन्ने के खेत में ही मौजूद हैं, लोग सतर्क रहे।

मोहम्मदी वन क्षेत्र के ग्राम मढ़िया सड़क निवासी मेवालाल आदि किसानों ने बताया कि बृहस्पतिवार सवेरे वह ट्यूबवेल से गन्ने की सिंचाई कर रहे थे। तभी मेवालाल के गन्ने में छिपा बाघ अचानक उनके सामने आ गया। जिसे देख उनके होश उड़ गए और भगदड़ मच गई। खेतों में काम कर रहे किसानों के शोर मचाने, आग जलाने पर बाघ फिर गन्ने में घुस गया। गनीमत रही कि



मढिया में ग्रामीणों से जानकारी लेते वनकर्मी। ● अमृत विचार

● वनकर्मियों ने किया मौका मुआयना, पगचिन्ह से की पुष्टि

बाघ ने किसी पर हमला नहीं किया। गांव वालों की सूचना पर पहुंचे मोहम्मदी महेशपुर रेंज के डिप्टी रेंजर जगदीश वर्मा, फॉरेस्टर रोहित श्रीवास्तव, मित्रपाल तोमर, माया प्रकाश आदि वनकर्मियों ने मौके का निरीक्षण करके बाघ के पगचिन्ह मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने गांव वालों को गन्ने की सिंचाई, गुड़ाई, गेहूं की कटाई करते वक्त सतर्क रहने की सलाह दी है। रेंजर नरेशपाल सिंह ने बताया कि मढ़िया सड़क में बाघ होने की सूचना मिली है। वन कर्मियों की टीम निगरानी में लगा दी गई है।

## पुत्रियों से छेड़छाड़ के विरोध पर पिता को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के एक गांव में बेटियों के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपियों ने पिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामला मसवासी चौकी क्षेत्र से एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले व्यक्ति की दो पुत्रियां किसी काम से बाहर गई थीं। घर लौटते समय रास्ते में गांव के ही नाजिम व मुनाजिर और अकरम ने उन छींटाकशी शुरू कर दी। इसका दोनों बहनों ने विरोध किया। घर जाकर अपने पिता से शिकायत की। पिता आरोपियों के घर जाकर शिकायत की तो उनके परिजन भड़क गए। उन्होंने ग्रामीण के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित की ओर से नाजिम, मुनाजिर पुत्र इश्तियाक व अकरम पुत्र बिन्दु के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## टीबी से लड़ाई की जंग में दवाओं की कमी

बरेली, कार्यालय

● स्वास्थ्य विभाग के पास सिर्फ चार दिन की दवा का स्टॉक बचा

● टीबी के गंभीर एमडीआर रोगियों की दवा हो चुकी है खत्म

**अमृत विचार :** वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के सपने पर दवाओं की कमी पानी फेर रही है। जिले में सिर्फ चार दिन की दवा का स्टॉक बचा है, जबकि गंभीर टीबी एमडीआर रोगियों के लिए दवा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में विभाग सामान्य दवाओं से ही काम चला रहा है। अफसरों का दावा है कि दवाओं की स्थिति से शासन को अवगत करा दिया गया है। जल्द दवाओं की आपूर्ति होगी।

जिले में करीब 9 हजार टीबी मरीजों का उपचार हो रहा है, जिन्हें दवा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है। टीबी मरीजों को दी जाने वाली प्रमुख दवाओं में थ्री एफडीसी और फोर एफडीसी होती हैं, जो हर टीबी मरीज को दी जाती हैं। वर्तमान में इन दवाओं की कमी है। मरीजों को लक्षण के आधार पर कुछ अन्य दवाएं भी डाक्टर अपने अनुसार देते हैं। इस बार कारपोरेशन से ही दवाओं की सप्लाई कम हो गई है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जब तक कारपोरेशन से दवा की सप्लाई नहीं हो रही है।

तब तक लोकल खरीदारी की जा सकती है, इसके लिए विभागीय कार्ययोजना तैयार हो रही है।

## ईदगाह में पहली बार दो बार अदा की गई ईद की नमाज

मुरादाबाद कार्यालय

● सड़क पर नमाज न अदा करने के फरमान के चलते दो बार में पढ़ी गई नमाज

**अमृत विचारः** इस बार पहली बार ईदगाह में दो बार ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं ईदगाह के अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की।

दो दिन पहले ही शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने ऐलान कर दिया था कि इस बार सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। उन्होंने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए दो नमाज अदा करने का फैसला लिया था। इसलिए गुरुवार को ईदगाह में सुबह 8 बजे और इसके बाद 9 बजे दो जमातों में नमाज पढ़ाई गई। मगर लोगों में पहली ही जमात में नमाज पढ़ने का क्रेज ज्यादा रहा। उन्होंने पहली ही जमात में और आगे बैठने के लिए सुबह 6.30 बजे से ही ईदगाह में पहुंचकर सफें बिछानी शुरू कर दीं। ईदगाह में 55 से 60 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। लेकिन,पहली जमात में इससे अधिक लोग बैठे। इसी कारण आठ बजे से पहले ही ईदगाह खचाखच भरी रही। इसके बाद नमाजियों को सड़क पर लगी बेरिकेडिंग पर रोक दिया गया। इस दौरान चौराहे पर ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मियों से तकरार भी हुई। बाद में पुलिस अधिकारियों ने नमाजियों को समझा बुझाकर दूसरी बार में नमाज पढ़ने के लिए राजी कर लिया। नमाजियों के बाहर आने के पर दूसरी जमात के लिए लोगों को अंदर भेजना शुरू किया। शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने नमाज पढ़ाई।

## दिल्ली नंबर की गाड़ी से 40 लाख का सोना व नगदी बरामद

हल्द्वानी कार्यालय

● टीपीनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एफएसटी टीम ने की कार्रवाई

● 500.7 ग्राम सोना, 185 ग्राम चांदी और तीन लाख की नगदी जब्त

**अमृत विचार :** एफएसटी ने दिल्ली के युवकों की गाड़ी से 40 लाख रुपये से अधिक कीमत का सोना, चांदी और तीन लाख रुपये की नगदी जब्त की है। युवकों के पास से किसी तरह के दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। जिसके बाद बरामद माल ट्रेजरी में जमा करा दिया गया है। टीम युवकों से पूछताछ कर रही है।

गुरुवार को एफएसटी ने टीपीनगर इलाके में चेकिंग करते समय शहर की तरफ आती दिल्ली नंबर की गाड़ी को रोककर तलाशी ली। इस दौरान गाड़ी से 37 लाख 50 हजार रुपये का सोना और 14 हजार 800 रुपये की चांदी के जेवरात बरामद किए।

इसके अलावा गाड़ी से तीन लाख रुपये की नगदी भी बरामद हुई है। पूछताछ में एक युवक ने खुद को दिल्ली स्थित ओम विहार फेज पांच निवासी जगत सिंह और दूसरे ने पूर्वी दिल्ली स्थित विनोद नगर निवासी आनंद बल्लभ बताया। दोनों से जब सोना, चांदी और नगदी के दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखा सके।

इसके चलते एफएसटी ने नगदी व जेवरात ट्रेजरी में जमा करा दिए। साथ ही युवकों से पूछताछ चल रही है। टीम में मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसओजी इंचार्ज संजीत राठौड़, एफएसटी प्रभारी देवेंद्र आर्य, दिनेश चंद्र पाठक, ललित, प्रेम सिंह, सिपाही चंदन, संतोष, शंकर सिंह आदि शामिल रहे।

### चार बच्चों की मां चार बच्चों के पिता के साथ हुई फरार, बरामद

**केमरी।** प्रेम प्रसंग के चलते चार बच्चों की मां पड़ोस में ही रहने वाले चार बच्चों के पिता के साथ फरार हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके शांति भंग में चालान कर दिया। महिला को उसके पति के हवाले कर दिया है। मामला केमरी थाना क्षेत्र के गांव का है। यहां रहने वाला एक व्यक्ति मजदूरी करके अपनी पत्नी व चार बच्चों का पालन-पोषण करता है। रविवार को उसने थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले चार बच्चों के पिता का उसकी पत्नी के साथ प्रेम-प्रसंग हो गया। कुछ दिन बाद दोनों के परिजनों को इसकी जानकारी हो गई। तब परिजनों ने दोनों के मिलने पर पाबंदी लगा दी। बताया जाता है कि सोमवार को वह किसी काम से बाहर गया था। इस दौरान मौका पाकर आरोपी उसके घर में घुस आया और उसकी पत्नी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। जब शाम को वह घर पहुंचा तो पत्नी गायब थी। चारों बच्चे घर में थे। ढाई माह की बच्ची बिस्तर पर बिलख रही थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके महिला को बरामद करते हुए उसके प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी का शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर जनपद बरेली**

वाद सं. सन् 2023 हाजी बशीर आदि बनाम सन्नू आदि ग्राम पीर बहौड़ा परगना तहसील व जिला बरेली धारा-116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 बनाम (1) सन्नू वयस्क (2) बुन्दन वयस्क (3) बब्लू वयस्क पुत्रगण कल्लू (4) श्रीमती रहीसन वयस्क विधवा कल्लू (5) बाबू वयस्क (6) गुड्डू वयस्क पुत्रगण कल्लू (7) श्रीमती भूरी वयस्क विधवा सल्लू (8) अहमद रजा वयस्क (9) मोहम्मद रजा वयस्क पुत्रगण मल्लू (10) बुन्दन वयस्क (11) अनीस वयस्क (12) फैमुद्दीन वयस्क पुत्रगण शमसुद्दीन (13) श्रीमती अमीना बेगम वयस्क विधवा कमर मियां (14) असलम वयस्क पुत्र कमर मियां (15) फजलुद्दीन वयस्क पुत्र दन्नू (16) नन्हे खां वयस्क (17) इसमाईल खां वयस्क (18) भूरा खां वयस्क (19) मोबीन खां वयस्क (20) तहसील खां वयस्क पुत्रगण जमील खां (21) श्रीमती साबरा वयस्क विधवा जमील खां (22) अजमत खां वयस्क पुत्र अलाउद्दीन (23) श्रीमती दिलवरी वयस्क विधवा अलाउद्दीन (24) शब्बीर वयस्क (25) कल्लू वयस्क पुत्रगण सद्दीक खां (26) नसरत खां (27) अशरफ खां (28) अख्तर खां पुत्रगण गनी खां (29) श्रीमती मुन्नी बेवा गनी खां (30) मकसूद खां वयस्क पुत्र चुन्ना खां समस्त निवासीगण ग्राम पीर बहोड़ा परगना तहसील जिला बरेली। (31) श्रीमती सहर बानो वसस्क पत्नी महबूब खां (32) श्रीमती साबरी वयस्क पत्नी इदरीश खां (33) श्रीमती छोटी वयस्क पत्नी मुन्शी रजा खां समस्त निवासीगण ग्राम बिहारमान नगला तहसील व जिला बरेली (34) श्रीमती प्यारी वयस्क पत्नी फहीम उद्दीन (35) श्रीमती मीना वयस्क पत्नी शमशेर खां निवासीगण खजुरिया जुल्फिकार परगना तहसील जिला बरेली (36) प्रवीण तिवारी वयस्क पुत्र स्व. कृपा नारायण त्यागी निवासी 809 क्रमकोनगर जिला सूरत गुजरात (37) श्रीमती कमलेश यादव वयस्क पत्नी कुंवर सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 03, मोहल्ला सम्भवन कस्बा बाजपुर जिला ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड, हाल निवासी सी-25 पुलिस कोतवाली जिला बरेली (38) नगर निगम बरेली द्वारा नगर आयुक्त नगर निगम बरेली .......प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी हाजी बशीर आदि ने आपके विरूद्ध एक दावा वास्ते विभाजन खाता प्रस्तुत किया है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 02.05.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसल कर दिया जायेगा।

आज तारीख 09.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया। जज



## भाजपा से गठबंधन में रालोद को मिली है बागपत सीट


# छोटे चौधरी के सिर पर इस बार पगड़ी बांधेगा बागपत!


**वर्ष 2019 में सपा और बसपा का समर्थन होने पर भी हार गए थे जयंत चौधरी**

**47 साल में पहली बार चौधरी परिवार नहीं लड़ रहा चुनाव, रालोद ने जाट सपा ने ब्राह्मण तो बसपा ने गुर्जर प्रत्याशी पर लगाया है दांव**

मनोज त्रिपाठी

कभी अजेय दुर्ग रही बागपत लोकसभा सीट से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव चौधरी परिवार हार गया था। 2014 में अजित सिंह को हार मिली थी तो 2019 में उनके पुत्र जयंत चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। जाटों के दबदबे वाली विरासत की इस सीट पर पिता-पुत्र का लगातार चुनाव हारना किसी सदमे से कम नहीं था। जयंत को तो 2019 में हार की कतई उम्मीद नहीं थी, क्योंकि इस चुनाव में सपा-बसपा और रालोद का गठबंधन था। हालांकि जयंत को इससे पहले 2014 में भी उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक जाट बहुल सीट गिनी जाने वाली मथुरा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका हेमा मालिनी के सामने पराजय का स्वाद चखना पड़ा था। ऐसे में इस बार जब जयंत चुनावी थाह लेने जाट लैंड में निकले तो समर्थकों ने साफ बता दिया कि इस बार का चुनाव भी कठिन रहने वाला है। सपा का साथ छोड़कर जयंत चौधरी के भाजपा से हाथ मिलाने के पीछे यही एक बड़ा कारण बताया जाता है, जिसकी नींव मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा करके रखी। अब साढ़े चार दशक में पहली बार है कि बागपत से चौधरी परिवार का कोई सदस्य चुनाव मैदान में नहीं है।




**1** बागपत सीट पर अब तक 14 बार हुए चुनाव, सात बार स्व. अजित सिंह सांसद चुने गए।

**2** इस सीट से कांग्रेस के रामचंद्र विकल को छोड़ बाकी सभी जाट जाति के ही सांसद रहे हैं।

**3** 57 साल में 14 बार हुए चुनावों में 13 बार जाट जाति का प्रत्याशी ही यहां विजयी हुआ है।

**4** बागपत लोकसभा सीट से सपा-बसपा अब तक एक भी लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकी हैं।


## बागपत : चौधरी परिवार की परंपरागत सीट

बागपत लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में यहां जनसंघ और 1971 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। लेकिन आपात काल के बाद 1977 में हुए चुनाव से क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से बदल गई। 1977, 1980 और 1984 में लगातार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह यहां से चुनाव जीते। इसके बाद 1989, 1991, 1996, 1997 उपचुनाव 1999, 2004 और 2009 के चुनाव में चौधरी चरण सिंह के पुत्र अजित सिंह सात बार बागपत से सांसद चुने गए। केवल 1998 में हुए चुनाव में उन्हें यहां से हार का सामना करना पड़ा। 2014 की मोदी लहर के बाद बीते दो चुनाव से बागपत में भाजपा के डॉ. सत्यपाल सिंह जीत रहे थे। इस बार रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण भाजपा ने यह सीट उसे दी है। बागपत में जाटों और मुसलमानों का बड़ा वर्ग पिछले दो चुनावों को छोड़कर परंपरागत रूप से रालोद का वोटर रहा है। मुसलमान क्या भाजपा का साथ होने पर रालोद को वोट देंगे, इस सवाल पर तमाम मुस्लिम मतदाताओं का कहना है कि वे रालोद को वोट दे रहे हैं।

**1967** में अस्तित्व में आई थी बागपत लोकसभा सीट

## राजकुमार सांगवान रालोद - भाजपा

मेरठ कालेज के प्रोफेसर रहे राजकुमार सांगवान को उनकी रालोद के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए बागपत सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। एक साल पहले ही वह मेरठ कालेज के हिस्ट्री विभाग से रिटायर हुए हैं। उन्होंने मेरठ कालेज से एलएलबी के बाद पीएचडी की है। जाट समुदाय से आने वाले सांगवान लोकदल के पुराने कार्यकर्ता हैं। वह वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं। अब उनके सामने चौधरी परिवार की विरासत रही बागपत सीट जीतने की चुनौती है।



## प्रवीण बैंसला बहुजन समाज पार्टी

43 वर्षीय प्रवीण बैंसला दिल्ली हाईकोर्ट में वकील हैं। 2007 से बसपा से जुड़े हैं। एक बार 2015 में दिल्ली में रोहताश नगर सीट से विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। दिल्ली के शाहदरा इलाके में रहते हैं। प्रवीण गुर्जर समुदाय से आते हैं। ऐसे में बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार गुर्जर कार्ड खेलकर बागपत में लोकसभा चुनाव का मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। प्रवीण भी रात- दिन मेहनत कर रहे हैं।



## अमरपाल शर्मा – समाजवादी पार्टी



सपा ने बागपत सीट से पहले मनोज चौधरी के नाम का ऐलान किया था। उन्होंने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था। लेकिन जाट बाहुल्य सीट पर सपा कार्यकर्ता ब्राह्मण चेहरा उतारने की मांग कर रहे थे। काफी कशमकश के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के नाम की घोषणा करके उन्हें पार्टी सिंबल दे दिया। अमरपाल ने 2007 में गाजियाबाद से विधायक का निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2009 में बसपा के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा से भाजपा नेता राजनाथ सिंह के सामने उतरे थे। 2012 में बसपा से साहिबाबाद सीट पर विधायक चुने गए थे। 2017 और 2022 में सपा के टिकट पर साहिबाबाद से विधान सभा का चुनाव हार चुके हैं।

## 16.46 लाख मतदाताओं में 30 फीसदी युवा 23703 पहली बार डालेंगे वोट


बागपत लोकसभा सीट पर 16 लाख 46 हजार 278 मतदाता दूसरे चरण में 26 अप्रैल को अपना नया सांसद चुनेंगे। कुल मतदाताओं में करीब 30 फीसदी युवा मतदाता हैं। इनमें 23703 मतदाता पहली बार वोट करेंगे। इस सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम और जाट मतदाता हैं। गुर्जर और ब्राह्मण मतदाता करीब डेढ़-डेढ़ लाख गिने जाते हैं।

## पांच में तीन विधानसभा सीटें भाजपा के पास तो दो पर रालोद का कब्जा

बागपत लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें सिवालखास, छपरौली, बड़ौत, बागपत और मोदीनगर शामिल हैं। इनमें सिवालखास मेरठ जिला और मोदीनगर विधानसभा गाजियाबाद जिले का हिस्सा है। बड़ौत, बागपत और मोदीनगर विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि सिवलखास और छपरौली विधानसभा सीटें रालोद के पास हैं।

## 2014 में अजित सिंह हारे ही नहीं, तीसरे नंबर पर पिछड़े

बागपत लोकसभा सीट का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद से जैसे चौधरी परिवार की किस्मत रूठ गई। 2009 में तो भाजपा से गठबंधन होने के चलते चौधरी अजित सिंह ने जीत दर्ज कर ली, लेकिन एकतरफा वोट मिलने वाले कुछ इलाके हट जाने से वोटो का गणित बिगड़ गया। 2014 के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली और चौधरी अजित सिंह तीसरे नंबर पर खिसक गए।





**आओ मतदान करें** मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग की पहल पर महिला पुलिस कर्मियों ने राजस्थान के बीकानेर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

# शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब के कदम पर हर किसी की लगी निगाह

**सीवान संसदीय सीट**

- निर्दलीय लड़ सकती हैं हिना सहाब या उनका बेटा ओसामा शहाब
- हिना के बगावती तेवर का राजद गठबंधन को हो सकता है नुकसान

सीवान


बिहार की सीवान संसदीय सीट से चार बार सांसद रहे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने आरजेडी से बगावत कर दिया है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खुद या बेटे ओसामा शहाब के मैदान में उतरने की घोषणा की है। इससे जहां आरजेडी नेतृत्व परेशान है तो दूसरे दलों की निगाह भी हिना के अगले कदम पर है। अगर हिना या उनका बेटा मैदान में उतरता है तो इसका नुकसान इंडिया गठबंधन को ही होगा।

मोहम्मद शहाबुद्दीन की गिनती बड़े बाहुबली नेताओं में हुआ करती थी। आरजेडी के प्रमुख नेताओं में से एक शहाबुद्दीन की 2021 में कोरोना के कारण मौत हो गई थी। शहाबुद्दीन एक बार जनता दल और तीन बार आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीता। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने हिना शहाब को मैदान में उतारा था लेकिन वह जनता दल यूनाइटेड की उम्मीदवार कविता सिंह से हार गई थीं। यह सीट 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में गई थी तब भी हिना शहाब ही मैदान में थीं और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। हलांकि अभी यहां पर राजद ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।



**अनूठा प्रचार**

मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को अनूठे तरीके से प्रचार किया। वह ग्रामीण इलाके में प्रचार के दौरान एक गेहूं के खेत में गईं और फसल काट रही महिला से हंसिया लेकर खुद ही गेहूं की कटाई शुरू कर दी।




## कांग्रेस प्रत्याशी नहीं खड़ा करके रोक सकती वोटों का बंटवारा

- कांग्रेस ने हैदराबाद लोकसभा सीट पर अब तक अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि वोटों का बंटवारा रोकने के लिए पार्टी एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी का समर्थन कर सकती है। भाजपा प्रत्याशी माधवी लता इसे मुद्दा बना रही हैं और कहती हैं कि तमाम चेहरे बेनकाब हो रहे हैं।

**सियासत** | **हैदराबाद से लगातार पांचवीं बार चुनाव मैदान में एआईएमआईएम मुखिया असुदुद्दीन ओवैसी**

# माधवी की हुंकार से पहली बार मुश्किल में फंसे दिख रहे ओवैसी

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से इस बार असुदुद्दीन ओवैसी पांचवीं बार चुनावी मैदान में हैं और सामने भाजपा प्रत्याशी माधवी लता की कड़ी चुनौती है। माधवी लता को हाल ही में आईबी की रिपोर्ट के बाद वाई-प्लस कैटेगरी सुरक्षा मिली है। सुरक्षा मिलने के बाद उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्ति से सच्चाई की लड़ाई को बचाने के लिए दी गई है। वह कहती हैं कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन सनातन के खिलाफ बेवजह बयानबाजी करने वाले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वह जनसंपर्क के दौरान ओवैसी पर जमकर बरसती हैं और तर्कों के साथ अपनी बात रखती है। युवा उन्हें 'हिंदू शेरनी' और 'लेडी सिंघम' जैसे नामों से पुकारते हैं। सोशल मीडिया पर फायर ब्रांड हिंदुत्ववादी छवि के कारण माधवी लता के समर्थक लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी जमकर तारीफ कर चुके हैं।

हैदराबाद

हैदराबाद लोकसभा सीट पर बीते चार दशक से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का कब्जा है। यहां उनका ही सिक्का चलता है। लेकिन इस बार के चुनाव में ओवैसी के लिए जीत आसान नहीं मानी जा रही हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। माधवी लता की पहचान तेज-तर्रार हिंदुत्व समर्थक की है। तीन तलाक पर बयानों के बाद वह खासी चर्चा में आई थीं। माधवी लता पेशे से डॉक्टर हैं और विरिंची नामक अस्पताल चलाती हैं। वह भरतनाट्यम की नृत्यांगना भी हैं। पिछले एक साल से अपने समाज सेवी संगठन के बैनर तले पुराने हैदराबाद शहर में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रही हैं। उन्हें अच्छा वक्ता माना जाता है। तुष्टिकरण और कट्टरपंथी सोच के खिलाफ धारदार भाषण देती हैं।



भाजपा उम्मीदवार माधवी लता।

हैदराबाद को एआईएमआईएम का गढ़ माना जाता है। असदुद्दीन ओवैसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन पहली बार हैदराबाद सीट से 1984 में लोकसभा चुनाव जीते थे। वह 20 साल सांसद रहे। उनके बाद से इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में ओवैसी ने भाजपा उम्मीदवार को दो लाख 82 हज़ार वोटों से हराया था। हैदराबाद में 13 मई को 19 लाख मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र की सात विधान सभा सीटों में सिर्फ गोशामहल से भाजपा के विधायक टी राजा सिंह हैं, बाकी आधा दर्जन सीटों पर एआईएमआईएम के विधायक हैं। इसके बावजूद इस बार ओवैसी को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी होने पर भी क्या मुसलमान माधवी लता को वोट देंगे, इस सवाल के जवाब में माधवी कहती हैं, क्यों नहीं लेकिन हम इसके लिए काम नहीं कर रहे हैं। हैदराबाद में मुसलमान भी उतने ही ग़रीब हैं, जितने हिंदू हैं।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिसे मजलिस भी कहा जाता है, की जड़ें लगभग 85 साल पुरानी हैं। हैदराबाद में सामाजिक-धार्मिक संस्था के रूप में इसकी शुरुआत हुई थी। जब 1948 में हैदराबाद का भारत में विलय हुआ, तब भारत सरकार ने इसे प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अध्यक्ष क़ासिम राजवी को गिरफ़्तार कर लिया गया। बाद में राजवी पाकिस्तान चले गए और संगठन की ज़िम्मेदारी मशहूर वकील अब्दुल वहाद ओवैसी को दे गए। अब पिछले पांच दशक से ओवैसी परिवार मजलिस को चला रहा है। वर्ष 1957 में मजलिस को राजनीतिक पार्टी बनाया गया, इसके नाम में 'ऑल इंडिया' जोड़ा गया और संविधान बदला गया। 1976 में पार्टी की ज़िम्मेदारी सलाहुद्दीन ओवैसी को मिली। वह 2004 तक हैदराबाद के सांसद रहे।

**चुनाव परिणाम 2019**

| | | |
|---|---|---|
| असदुद्दीन ओवैसी | एआईएमआईएम | 517471 |
| डॉ. भगवंत राव | भाजपा | 235285 |
| पुश्ते श्रीकांत | टीआरएस | 63239 |
| मो. फिरोज खान | कांग्रेस | 49944 |

भाजपा ने फायर ब्रांड हिंदुत्व की छवि वाली माधवी लता को उतार कर रोचक बनाया मुकाबला

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च ।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# पारदर्शी चुनावी वित्त पोषण

केंद्र की चुनावी बांड योजना पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। अजीब बात है कि एसबीआई ने उस जानकारी को देने से इनकार किया है जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पहले से मौजूद है। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया है कि जब टुकड़ों में बात सामने आ रही है तो पता चल रहा है कि किस तरह अनेक कंपनियों से, व्यापक रूप से काला धन जमा करने के लिए इस योजना का दुरुपयोग किया गया। गौरतलब है चुनावी बांड की योजना तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा केंद्रीय बजट 2017-18 के दौरान वित्त विधेयक, 2017 में पेश की गई थी। उन्होंने राजनीतिक फंडिंग के उद्देश्य से बैंकों द्वारा चुनावी बांड जारी करने की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम में संशोधन करने का भी प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग ने 2 जनवरी 2018 को राजपत्र में चुनावी बांड योजना 2018 को अधिसूचित किया। इसके बाद कांग्रेस ने 2019 के आम चुनावों से पहले घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो बांड को खत्म कर देगी। 15 फरवरी 2024 को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बांड योजना, साथ ही जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में संशोधन को रद कर दिया। एसबीआई को 6 मार्च तक दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं का विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने के लिए कहा गया था और चुनाव आयोग को 13 मार्च तक इन्हें ऑनलाइन प्रकाशित करना था। हालांकि, एसबीआई विवरण प्रस्तुत करने में विफल रहा। 6 मार्च, और अधिक समय मांगने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने इस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके बाद विवरण चुनाव आयोग को सौंप दिया गया और उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। आरटीआई कार्यकर्ता कमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश बत्रा ने 13 मार्च को एसबीआई से चुनावी बांड का डेटा मांगा। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दी गई छूट से संबंधित दो धाराओं का हवाला देते हुए जानकारी उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। जवाब में कहा है कि मांगी गई जानकारी में खरीदारों और राजनीतिक दलों का विवरण शामिल है। इसलिए इस जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये विश्वसनीयता का सवाल है। जानकारों के मुताबिक ऐसे में जब देश में राजनीतिक व्यवस्था आम चुनाव के प्रचार में व्यस्त है, चुनावी बांड योजना का आकलन करना मतदाताओं पर निर्भर है। क्योंकि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनावी वित्तपोषण का पारदर्शी होना जरूरी है।

# विश्व में एक समान हो पर्यावरणीय कानून



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 14 व 21 का दायरा बढ़ाकर स्वच्छ वातावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी शामिल किया गया है, जो की पूरी तरह से इको साइड को लेकर चल रहे प्रयासों को अपना समर्थन अप्रत्यक्ष रूप से दे रहा है। अतः अब भारत को भी इको साइड को लेकर कुछ प्रयास करना चाहिए। तभी हम प्रकृति के अधिकारों की रक्षा के साथ पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-21 को लेकर कहा कि यह पृथ्वी पर जीवन के अधिकार की रक्षा करता है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वायु, जल, मृदा प्रदूषण से है। इसी तरह अनुच्छेद-14 में समानता का अधिकार शामिल है।

हालांकि सरकारों द्वारा समय-समय पर पर्यावरण व पारिस्थिकी को संरक्षित करने के लिए एक दर्जन से ज्यादा नियम, नीति व कानून बनाए गए हैं, लेकिन अभी भी समुच्चय रूप से एक ऐसे कानून की जरूरत है, जो प्रकृति के नियमों के अनुसार धरती पर जीवन की रक्षा कर सके। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में दखल देना पड़ा, क्योंकि हवा, पानी और भोजन की आवश्यकता प्रत्येक जीवधारी को है। पृथ्वी को विभाजित देशों की सीमाओं ने किया है। नहीं तो पृथ्वी में सबके लिए सभी वस्तुओं का बराबर-बराबर अनुपात निश्चित है। वैसे तो विश्व में पर्यावरणीय कानून देश, काल, जलवायु और परिस्थिति के अनुसार होने चाहिए, लेकिन पृथ्वी पर अगर कहीं भी किसी स्थान पर प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसका प्रभाव पूरे ब्रह्मांड पर पड़ता है। अतः प्राकृतिक नियमों के साथ सामंजस्य बनाए रखने के लिए एक समान पर्यावरणीय नियमों का पालन आवश्यक होगा।

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है। इस तरह की तकनीक को सोलर रेडिएशन मोडिफिकेशन, सोलर जियो इंजीनियरिंग और क्लाइमेट इंटरवेंशन भी कहा जाता है। इसके अलावा भारत सरकार के प्रयास से ही अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस का भी गठन किया गया है जिसके माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। यही वजह है कि जी -20 सम्मलेन में भारत की तरफ से थीम भी 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' थी, जो कि इस बात को स्पष्ट करती है कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए एक कानून लागू किया जाए।

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है।

इसके अलावा पीएम मोदी ने 'ग्रीन क्रेडिट' कहे जाने वाले अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने जी-20 देशों से सकारात्मक पर्यावरणीय प्रयासों को बढ़ावा देने और रचनात्मक पहल को प्रोत्साहित करने के लिए 'ग्रीन क्रेडिट पहल' पर काम शुरू करने का आग्रह किया। भारत ने अपने पर्यावरणीय कार्यों के लिए व्यक्तियों, निजी क्षेत्रों, लघु उद्योगों, सहकारी समितियों, वानिकी उद्यमों और किसान-उत्पादन संगठनों द्वारा किए गए स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के वास्ते 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' तैयार किया है। इसके अलावा देश के केंद्रीय बैंक की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि भारत अपने विभिन्न उद्योगों को जलवायु परिवर्तन मानदंडों के अनुरूप ढालने के लिए 2030 तक अनुमानित 85.6 ट्रिलियन रुपये (1.05 ट्रिलियन डॉलर) खर्च करेगा और यही खर्च अगर सामूहिक रूप से सभी देशों द्वारा किया जाए तो शायद हम पर्यावरण के नुकसान की भरपाई जल्दी कर पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ एक बहुप्रचारित, लेकिन कम स्पष्ट अधिकार को संविधान में एक विशिष्ट मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है।

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है। इसे अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और 21 (जीवन का अधिकार) द्वारा मान्यता प्राप्त है। अदालत ने जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के अधिकार, स्वदेशी अधिकार, लैंगिक समानता और विकास के अधिकार सहित विभिन्न मानवाधिकारों के बीच अंतर्संबंध पर भी प्रकाश डाला। फैसले में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सुरक्षित स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार एक 'मौलिक मानव अधिकार' है। 'स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार का उल्लंघन कई अधिकार क्षेत्रों में हो सकता है जिसमें जीवन का अधिकार, व्यक्तिगत अखंडता, स्वास्थ्य, पानी और आवास के साथ-साथ सूचना, अभिव्यक्ति, संघ और भागीदारी जैसे प्रक्रियात्मक अधिकार शामिल हैं। अदालत ने जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

पूरा ब्रह्मांड सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। इसीलिए यह जीवंत है। अवलोकनों से पता चलता है कि ब्रह्मांड का विस्तार हो रहा है एवं विकास जीव जंतुओं की एक अंतर्निहित विशेषता है। इसी तरह 1927 में विकसित बिग बैंग सिद्धांत भी जीवन निर्माण के लिए यह वैज्ञानिक व्याख्या करता है। इसके अलावा कॉसमॉस का अर्थ "ब्रह्मांड" होता है, लेकिन इस शब्द का प्रयोग आम तौर पर एक व्यवस्थित या सामंजस्यपूर्ण ब्रह्मांड से है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। पर्यावरण कानून का उल्लंघन सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को कमजोर करता है। अनुमान है कि पृथ्वी पर अब तक रहने वाली सभी प्रजातियों में से 99 प्रतिशत से अधिक, यानी पांच अरब से अधिक प्रजातियां, विलुप्त हो गई हैं। हर दिन 150 प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं। प्रति घंटे लगभग तीन प्रजातियां लुप्त हो रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप एक ही दिन में 72 प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। प्रकृति संकट में है और यह और भी बदतर होती जा रही है। चूंकि प्रजातियां के लुप्त होने की दर 10 मिलियन वर्षों में नहीं देखी हैं। 1 मिलियन से अधिक प्रजातियां वर्तमान में कगार पर हैं। यूके स्थित यूटिलिटी बिडर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 30 वर्षों में 668,400 हेक्टेयर वन क्षेत्र खोने के बाद भारत वनों की कटाई की दर में दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण, कचरे का खराब प्रबंधन, पानी की बढ़ती कमी, भूजल स्तर में गिरावट, जल प्रदूषण, जंगलों का संरक्षण और गुणवत्ता, जैव विविधता की हानि और भूमि/मिट्टी का क्षरण कुछ प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे हैं जिनका भारत आज सामना कर रहा है।

यही सब कारण है कि दस देशों ने शांतिकाल के दौरान अपनी सीमाओं के भीतर पारिस्थितिकी हत्या को एक अपराध के रूप में संहिताबद्ध किया है, जिन देशों ने पर्यावरण हत्या को अपराध घोषित किया है उनमें वियतनाम, यूक्रेन और रूस शामिल हैं। भारत ने कुछ निर्णयों में प्रकृति के कानूनी व्यक्तित्व को मान्यता दी है। कुछ भारतीय निर्णयों में 'पारिस्थितिकी हत्या' शब्द का उपयोग किया गया है, लेकिन यह कानून में पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है। भारत के विधायी ढांचे में विभिन्न पर्यावरण कानून शामिल हैं, जिन्हें समेकन और सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। अतः विश्व में एक पर्यावरणीय कानून, सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को मजबूती प्रदान करेगा।

## प्रसंगवश

# देश का मन होती है माइथोलॉजी



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह मुग्ध भाव की बात है कि मनोविज्ञान वाला अपने बाड़े में रहे और मानव विज्ञान वाला अपने खूंटे से बंधा रहे। इतिहास वाला इतिहास की बात करे और समाजशास्त्र वाला कहे कि मैं मानव विज्ञान की बात क्यों करूं, वह तो आउट ऑफ कोर्स है। हमें मनुष्य का अध्ययन करना है, इन परिधियों को लांघना है। आपको किसी पेपर की तैयारी करनी है कि किसी परीक्षक से आतंकित हो रहे हैं? माइथोलॉजी किसी भी देश का मन होती है। क्या सचमुच हम भारत के मन को जानना चाहते हैं? या हमने मान लिया है कि हम सब जानते ही हैं? माइथोलॉजी को जानने की जरूरत ही क्या है?

विश्व के लोकवार्ताशास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, आपको रुचि हो-लिन्क्ड-इन, पर जाकर माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मैसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथकशास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। लिन्क्ड-इन पर माइथोलॉजी-ग्रुप- डिस्कशन में एक दिन सवाल उठा-क्या मृत्यु को जीता जा सकता है? मृत्युंजय की अवधारणा, अजर-अमर की अवधारणा, अमृत, शुक्राचार्य की मृतसंजीवनी-विद्या की परिकल्पना भविष्य के वैज्ञानिक-मानस के लिए एक संभावना भी है चुनौती भी। सन् 1966 में सौंख (मथुरा के पास) में जर्मनी के पुरातत्वविदों ने एक टीले की खुदाई की, सभ्यताओं की दो परतें थीं- एक के नीचे दूसरी। इसी तरह मिथक समष्टि मानस की स्मृतियों के टीले की तरह है जिनमें युगयुगीन-स्मृतियों की विभिन्न परतें सो रही हैं।

मनुष्य और उसके मन को जानने के लिए यह कितनी विशाल सामग्री अनुसंधान की प्रतीक्षा कर रही है। हम मनुष्य की महिमा से परिचित हैं तो यह बात स्पष्ट है कि मिथक की रचना भी लोकमन ने ही की है और आज भी उसे कहता-सुनता है। मिथक के द्वारा क्या हम मनुष्य के मन को जान सकते हैं? साइकोलॉजी की साइकी ग्रीक-मिथक नहीं है? वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोक जीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। मिथक को हम क्यों केवल धार्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं?

# ब्रिक्स मुद्रा की अड़चनें



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं।

डॉलर और सोने के बीच एक उल्टा अनुपात काम करता है। दुनिया में इन दोनों चीजों को सबसे ज्यादा भरोसेमंद संपदा समझा जाता है। वित्तीय संस्थाएं और अमीर लोग अपनी संपत्ति सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों शक्लों में जोड़ते हैं और सोने की कीमतों में अक्सर यह रुझान दिखता है कि डॉलर पर कोई झटका आए तो वे मजबूत होती हैं। पिछले दो साल में खासकर इधर के छह महीनों में सोने की कीमतों का तेजी से बढ़ना समझ में आता है। दुनिया में दो लड़ाइयां चल रही हैं जिनके कभी भी भड़क कर बड़े दायरे में फैल जाने का डर बना हुआ है। विश्व अर्थव्यवस्था में जब भी डर बढ़ता है, सोने की खरीद बढ़ जाती है। फिर भी महीने भर के अंदर सोने का 60 हजार रुपया प्रति तोले से सीधा 20 फीसदी चढ़कर 72 हजार रुपया तोले पर पहुंच जाना समझ से परे है।

कोई ज्यादा बड़ी हलचल सतह के नीचे चल रही है, जिस पर पर्याप्त खबरें नहीं आ रही हैं। अलबत्ता अमेरिकी वित्त सचिव जैनेट येलन का बिना किसी गर्जन-तर्जन के चार दिन चीन में जाकर बैठ जाना ऐसे कुछ संकेत जरूर दे रहा है। इधर एक आंकड़ा चर्चा में है कि ब्रिक्स देशों के सरकारी खजाने में 2008 की मंदी के समय 1500 टन सोना था, जो अभी 6600 टन के आसपास पहुंच गया है। ध्यान रहे यह आंकड़ा इस साल की शुरुआत में ब्रिक्स में आए पांच नए देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इजिप्ट और इथियोपिया को जोड़कर नहीं निकाला गया है।

पांचों पुराने ब्रिक्स देशों भारत, चीन, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का ही यह आंकड़ा है और 238 टन सोना तो चीन ने सरकारी इस्तेमाल के लिए अभी जनवरी 2024 के सिर्फ एक महीने में खरीदा है। ब्रिक्स के खजाने में सोना बढ़ने की वजह यह बताई जा रही है कि अपने भीतरी कारोबार में डॉलर का इस्तेमाल अब वे बिल्कुल ही बंद कर देंगे। व्यापार में किसी का किसी पर कुछ निकलेगा तो ब्रिक्स मुद्रा न सही, सोने में भरपाई हो जाने का भरोसा रहेगा।

यह सही है कि ब्रिक्स की समानांतर मुद्रा खड़ी करके डॉलर को सीधी टक्कर देने की बात अभी सिर्फ रूसी कर रहे हैं। नाटो, जी-7 और यूरोपियन यूनियन के साथ वे आमने-सामने की लड़ाई जैसी हालत में हैं। दो साल से उनकी आर्थिक नाकेबंदी चल रही है। व्यापार की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था से रूस का संपर्क तोड़ा जा चुका है। अमीर मुल्कों में पड़ी सैकड़ों अरब डॉलर की रूसी संपदा और निवेश जब्त किया जा चुका है। ऐसे में इतने ठोस व्यापारिक मामले में भी उनका युद्ध की भाषा बोलना बनता है, लेकिन बाकी ब्रिक्स देश ऐसे किसी अतिरेक से बचना चाहते हैं। कुछ तो इसलिए दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था से पंगा लेने में कोई समझदारी नहीं है और कुछ इसलिए भी क्योंकि उनकी राष्ट्रीय संपदा का दस से बीस प्रतिशत हिस्सा डॉलरों या अमेरिकी बॉन्डों की शक्ल में ही है। उनकी किसी हरकत से डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी बहुतायत हो जाने के कारण अचानक कमजोर होता है तो यह अपनी रकम अपने हाथ से जला देने जैसा होगा, लेकिन एक बात तय है कि इस तरह की एक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके नतीजे देर-सबेर आने ही आने हैं।

ब्रिक्स के अलावा कई और देश भी अभी गैर-डॉलर कारोबार में जाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (स्विफ्ट) देशों के आर-पार मुद्रा की आवाजाही की एक अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली है। इसका नियंत्रण अमेरिका के हाथ में है, लेकिन इसका इस्तेमाल उसे दंड के औजार या दबदबे के हथियार के रूप में नहीं करना चाहिए था। यह काम 1914 में रूस के खिलाफ बराक ओबामा ने किया। फिर डॉनल्ड ट्रंप ने इसे चीन के खिलाफ आजमाने की धमकी दी और अभी जोसफ बाइडन ने रूस को इससे बाहर ही कर दिया। इसके जवाब रूसियों ने एसपीएफएस और चीनियों ने सीआईपीएस के रूप में खोजा जिसका इस्तेमाल कई देशों से व्यापार में हो रहा है। स्विफ्ट का विकल्प खड़ा करने के लिए ऐसे ढांचों को जोड़ना काफी है। रही बात ब्रिक्स मुद्रा की तो इसका रास्ता उतना आसान नहीं है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन आदि जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं। चीन के स्वाभाविक प्रभुत्व वाले इस खेमे का अभिन्न अंग बनकर रहना भारत के लिए संभव नहीं है, न ही ईरान से नजदीकी बनाए रखना सऊदी अरब और यूएई के लिए बहुत आसान होने वाला है। फिर भी मामला यह है कि ब्रिक्स का, और उसके पीछे दुनिया के कई देशों का एक अलग वित्तीय ढांचा समय की मांग है। डॉलर के इर्दगिर्द घूम रही विश्व वित्तीय व्यवस्था हकीकत में एक छलावा है और कभी न कभी इसे ध्वस्त होना ही है।

## सोशल फोरम

# छिपकली और चूहे



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा, बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा।

एक कहावत है "नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।" अब बिल्ली हज को जा सकती है या नहीं। या उसके लिए भी कहीं उसके देश विशेष के धर्म के आधार पर प्रवेश वर्जित तो नहीं। ये जानकारी मुझे नहीं। इसके लिए तो किसी मौलवी से फतवा लेना होगा।

चूंकि मुस्लिमों में नियम कानून बहुत सख्त हैं तो ये प्रश्न खड़ा हो गया, लेकिन अपने देसी धर्मों में इतने कठोर नियम कानून नहीं। बड़े लचीले धर्म हैं हमारे। यहां नौ सौ क्या हजारों कीड़े खाकर भी एक छिपकली ऊपर वाले की तस्वीर के पीछे आराम फरमा सकती है। इससे यहां किसी को कोई कष्ट नहीं। यहां ये बड़ी सामान्य सी बात है। अपने देश मे छिपकली से प्रेरणा लेने वाले बहुत से बड़े-बड़े छिपकले भी हैं। राम लला हम आएंगे वाला स्लोगन तो आपने सुना ही होगा।

यहां किसी को भी राम जी से तकलीफ नहीं। इस देश में रामजी सबके हैं और सब रामजी के। यहां तकलीफ उनके पीछे छिपने वाले लोगों से है। उनके नाम को भुनाने वालों से है। बात चूहे से शुरू हुई और देश और ऊपर वाले तक पहुंच गई। आप कह सकते हैं कि भला ये क्या बेतुकी बात हुई। भाई इतनी बड़ी भूमिका मुझे इसलिए बांधनी पड़ी की आप केवल ऊपर वाले के पीछे छिपने वाले छिपकलों पर ही ध्यान न दें, बल्कि देश कुतरने वाले चूहों से भी सावधान रहें। आज इनकी संख्या बेशुमार बढ़ चुकी है।

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा, बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा। **-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे आंबेडकर



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

आंबेडकर भारतीय संविधान निर्माता और कानून के ज्ञाता होने के साथ-साथ एक पक्के राष्ट्रवादी थे। इतिहासकार दुर्गादास ने अपनी पुस्तक ''इंडिया फ्रॉम कर्जन टु नेहरू एंड आफ्टर" में पृष्ठ 236 पर लिखा भी है ''ही वाज नेशनलिस्ट टु द कोर।" आंबेडकर कहते हैं, मैं चाहता हूं कि भारत के सभी लोग सपने जैसी सभी बातों से ऊपर उठकर अपने आपको भारतीय और केवल भारतीय ही समझें। यदि किसी कारण से ऐसा नहीं हो पता है तो हम यह सबसे बड़ा पाप कर बैठेंगे और मैं हमेशा अपने सामर्थ्य के साथ इसका विरोध करता रहूंगा।

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यही कारण है कि संविधान की प्रस्तावना नागरिकों के बीच समानता और बंधुत्व पर बल देती है। कोई भी राष्ट्र अपनी परंपराओं, संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं के एक साथ आने से बनता है। इसलिए राष्ट्रवाद में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं है। आंबेडकर ने भी भारत के बारे में इस दृष्टि को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझाया। उन्होंने भूमि, उसके समाज और राष्ट्र निर्माण की सर्वोत्तम परंपराओं को महत्व देते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र कोई भौतिक इकाई नहीं है। यह निरंतर प्रयासों, बलिदान और देशभक्ति का परिणाम है। उन्होंने राष्ट्रीयता को "दयालु चेतना, रिश्तेदारी के उस बंधन के अस्तित्व के बारे में जागरूकता" के रूप में वर्णित किया, क्योंकि इसी तरह लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और बंधुत्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे चाहते हैं कि भारत के सभी लोग स्वयं को भारतीय माने। आंबेडकर ने सन् 1940 में देश के विभाजन की स्थिति में हिंदू एवं मुस्लिम जनसंख्या के पूर्ण स्थानांतरण की बात की थी। उन्होंने यह बात अपनी पुस्तक ''पाकिस्तान ऑर द पार्टिशन ऑफ इंडिया" में लिखी है। आंबेडकर ने बड़े स्पष्ट शब्दों में दलित समाज से कहा था कि जिन्ना को इसलिए अपना मत समझो कि वह हिन्दू विरोधी हैं। जब जरूरत होती है तब दलितों को हिन्दुओं से अलग मान लेते हैं और जब जरूरत नहीं तो उन्हें हिन्दुओं के साथ मान लेते हैं। मत समझो कि वे तुम्हारे मित्र हैं। उन पर विश्वास मत करो। आंबेडकर ने पाकिस्तान में छूट गए दलितों से कहा था, जैसे भी हो सके भारत आ जाओ। वह समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे और कश्मीर के मामले में धारा 370 का विरोध करते थे। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जो देश की अखंडता एवं एकता को आज भी सुरक्षित किए हुए है। नागरिकों के हितों की सुरक्षा हेतु संविधान में मूल आधारों की व्यवस्था की। अर्थशास्त्र के शोध छात्र के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व वित्त आयोग का प्रारूप दिया।

निर्वाचन आयोग, योजना आयोग, वित्त आयोग, महिला पुरुष के लिए समान नागरिक हिन्दू संहिता, राज्य पुनर्गठन, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकार, मानवाधिकार, निर्वाचन आयुक्त और सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं विदेश नीति बनाई। डॉ.आंबेडकर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाने के लिए काम किया। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि औद्योगीकरण देश के बेहतर विकास के लिए जिम्मेदार है। उनके अनुसार औद्योगीकरण बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा करता है, जो पूंजीगत वस्तुओं के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं का निर्माण करता है, जो बड़े पैमाने पर उपभोग के लिए आवश्यक है, विदेशी मुद्रा बचाते हैं, कच्चे माल का तर्कसंगत उपयोग करते हैं और देश का व्यापक विकास करते हैं। उन्होंने माना कि सामाजिक उत्थान के लिए आर्थिक सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्होंने आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण व्यक्त किया, जो भूमि सुधार, औद्योगीकरण और सामंती प्रथाओं के उन्मूलन पर केंद्रित था। उनकी पुस्तक, "द प्रॉब्लम ऑफ द रुपीः इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन" ने उनके आर्थिक कौशल और भारत में आर्थिक असमानताओं को दूर करने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

देश के कानून मंत्री के रूप में हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में उत्तराधिकार और उनके सशक्तीकरण का पथ प्रशस्त किया। आंबेडकर ने अपने समर्थ सहयोगियों के साथ संविधान का मसौदा तैयार किया और देश की परंपराओं, आस्था और मान्यताओं को आवाज दी, लेकिन उनकी दृष्टि में देश के सभी नागरिक पहले भारतीय थे, उनकी अन्य पहचान बाद में आई। अगर हम संविधान सभा में आंबेडकर के बयानों पर गौर करें तो हमें राजनीति, कानून, इतिहास और दर्शन का एक अनूठा संगम मिलता है। नवंबर 1948 में संविधान के मसौदे पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए, उन्होंने भारत को "राज्यों का संघ" कहने के निर्णय की व्याख्या की। मेरा मानना है कि आंबेडकर भारत में सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे, इसलिए उन्होंने कहा, "अगर हम लोकतंत्र का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानना होगा, क्योंकि संविधान का भव्य महल लोगों की नींव पर खड़ा है।" उन्होंने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में एसी-एसटी के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की।

# एक नेता ऐसा भी



जब कामराज मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के मुख्यमंत्री थे, उस समय उनके मंत्रिमंडल में सात मंत्री थे। उनमें से एक मंत्री दलित समाज से पी.कक्कन भी थे। एक समय में उनके पास होम अफेयर, लोक निर्माण विभाग, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, पुलिस, कारागार, वित्त, शिक्षा, श्रम विभाग रहे। पी. कक्कन 10 वर्ष तक कैबिनेट मंत्री रहे। राजकीय कार्यों से राज्य में भ्रमण के दौरान वे अपने कपड़े भी स्वयं ही धोते थे। एक बार उन्हें त्रिची के दौरे पर जाना था। संयोगवश उनकी ट्रेन छूट गई और अगली ट्रेन अगली सुबह थी। उन्होंने किसी रेलवे स्टाफ या अन्य अपने अधीन किसी अधिकारी से भी संपर्क नहीं किया। वे खुले में रेलवे प्लेटफार्म की बेंच पर ही सो गए।



उमाकांत दीक्षित
वरिष्ठ पत्रकार

आधी रात को रेलवे पुलिस के एक सिपाही ने अपनी लाठी से धकेल कर उन्हें जगाया। पुलिस सिपाही ने उनसे पूछा कि तुम कौन हो? आप यहां नहीं सो सकते, बाहर जाकर सोइए। पी. कक्कन जी ने उत्तर दिया 'सर मेरा नाम कक्कन है, मैं पुलिस और गृह विभाग का मंत्री हूं, सुबह ट्रेन आने पर मैं चला जाऊंगा।'

पुलिसकर्मी हैरान रह गया, हकला कर बोला...'सर, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। मुझे माफ कर दो। सर आप प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में रुक सकते हैं।' उन्होंने जवाब दिया ... ' नहीं, मेरे लिए यही आराम काफी है।' और प्लेटफार्म की बेंच पर सो गए। उनके ट्रेन में चढ़ने तक पुलिस ने उनकी सुरक्षा की। क्या आज हम ऐसे सरल और ईमानदार मंत्रियों से उम्मीद कर सकते हैं?

### अखिलेश लखनऊ की ईदगाह पहुंचे, मौके पर मौजूद ब्रजेश पाठक से मिलाया हाथ

# एक दूसरे पर तीखी बयानबाजियों के बीच मिले अखिलेश व ब्रजेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद के मौके पर गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने के लिए शहर की ईदगाह मस्जिद में पहुंचे तो उसी समय वहां पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। सभी की निगाहें इस दृश्य पर थीं कि, सवाल मन में यह चल रहा था कि एक-दूसरे पर राजनीतिक तीखी बयानबाजियां करने से पीछे न हटने वाले इस वक्त आमने-सामने कैसे पेश आएंगे?

बहरहाल, इस बीच अखिलेश यादव आगे बढ़े और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ओर हाथ बढ़ाया। दोनों नेताओं ने एक दूसरे का अभिवादन किया। इस मौके पर मंत्री दानिश अली भी मौजूद थे। अखिलेश ने उनसे भी मुलाकात की। दरअसल, एक दिन पहले ही बुधवार को अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए सपा का घोषणा पत्र जारी किया था जिस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा था कि सपा के घोषणा पत्र में माफियाराज और गुंडाराज की वापसी की बात की गई है। उन्होंने तर्क था कि सपा का विजन और मिशन प्रदेश को लूटना है, संसाधनों पर डाका डालकर अपने परिवार का ही विकास करना है। इनका पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है। इसी प्रतिक्रिया के एक दिन बाद ईद के अवसर पर जब दोनों नेता आमने-सामने आए तो बिना किसी झिझक के एक-दूसरे का अभिवादन किया।



गुरुवार को ईद के मौके पर लखनऊ की ईदगाह मस्जिद पहुंचे अखिलेश यादव और ब्रजेश पाठक एक दूसरे से हाथ मिलाकर अभिवादन करते हुए। ● अमृत विचार

#### हर्षोल्लास के साथ मनायी ईद

**लखनऊ।** देशभर में गुरुवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। इससे पहले देश-प्रदेश की मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। इस दौरान ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और टीले वाली मस्जिद में ईद की नमाज मौलाना शाह फजलुल मन्नान रहमानी ने अदा करवाई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ईद की मुबारकबाद दी और कहा, ये त्योहार जहां हम एक-दूसरे के गले मिलते हैं, सेवइयां खाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करते हैं, यही हमारे देश की खूबसूरती रही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, मैं ईद के मौके पर हमारे मुस्लिम भाई-बहनों को बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं और ये भरोसा दिलाता हूं कि हमारी सरकार उनके हक के लिए लगातार काम करती रहेगी।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की जेल

**प्रतापगढ़, एजेंसी :** जिले की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता काशीनाथ तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कोहंडौर में शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 13 मार्च 2017 कि रात नौ बजे शिवकुमार ने उनकी 20 वर्षीय बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जांच के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने शिवकुमार को इस मामले में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और उस पर 5,000 रुपये जुर्माना लगाया।

## सार-संक्षेप

### अलीगढ़ के ईदगाह में प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीन मुक्त करो के नारे वाला बैनर लगाया, नोकझोंक

**अलीगढ़,एजेंसी :** अलीगढ़ के दिल्ली गेट थाना इलाके में गुरुवार को ईद के मौके पर ईदगाह में प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीन मुक्त करो के नारे वाला एक बैनर लगाया जिसे लेकर कुछ युवकों और पुलिस के बीच मामूली नोकझोंक हुई। पुलिस के अनुसार यह विवाद तब शुरू हुआ जब सुबह ईदगाह में ईद की नमाज में शामिल होने वाले कुछ नमाजियों ने फलस्तीन मुक्त नारे वाला एक बैनर लगा दिया। उन्होंने बताया कि वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने इस पर आपत्ति जताई जिसके चलते प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई।मामला कुछ ही देर में शांत हो गया। शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय पांडेय ने एक कहा कि तीन-चार युवाओं ने मुक्त फलस्तीन का आह्वान करते हुए एक बैनर लगाया था और अपने अभियान के लिए धन एकत्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली गेट पुलिस मामले की जांच कर रही है और सबूतों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी से इस घटना की वीडियो फुटेज हासिल कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

### बागपत में हत्या के दोषी 11 को उम्रकैद

**बागपत , एजेंसी :** जिले की एक विशेष अदालत ने चार साल पुराने हत्या के एक मामले में चार भाइयों समेत 11 लोगों को कठोर आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील (एडीजीसी) अमित खोखर ने कहा कि 16 मई, 2020 को निवारा गांव में चुनाव संबंधी प्रतिद्वंद्विता को लेकर निसार की हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में मृतक के चाचा अंगूर, महकार और इखलाक भी घायल हो गए थे। मृतक के भाई हारून ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस की जांच के दौरान छह और नाम सामने आये। एडीजीसी ने कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही के आधार पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजिया नजर जैदी की अदालत ने बुधवार को 11 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में 17 आरोपियों को बरी कर दिया।

### अमित शाह को मिली बड़ी राहत, परिवाद खारिज



**विधि संवाददाता ,सुलतानपुर , अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया है । बुधवार को परिवादी की तरफ से तलबी बहस होना था। परिवादी व उसके दो गवाहो का साक्ष्य कोर्ट में दर्ज हो चुका था । अधिवक्ता के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए बुधवार को तलबी बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दिया गया। कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने प्रार्थनापत्र नामंजूर कर परिवाद पत्र व उसके साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए खारिज कर दिया है । यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### सपा में सचिन रावत और प्रदीप यादव को मिली जिम्मेदारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राज्य कार्यकारिणी में सचिन रावत निवासी लखनऊ को प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदीप यादव निवासी चंदौली को समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

# कानपुर में पुलिस से भिड़े सपाई, थाने पर दिया धरना

### आचार संहिता उल्लंघन में सपा नेता को पकड़ने पर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** ईद के मौके पर गुरुवार सुबह अर्मापुर ईदगाह में आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में पुलिस ने सपा नेता सम्राट विकास यादव को हिरासत में ले लिया तो सपाइयों ने थाना घेर लिया। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा समर्थकों के साथ पनकी थाने पहुंचे और समर्थकों के साथ धरने पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सपा विधायक की एसीपी से तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने अर्मापुर थाने में आचार संहिता उल्लंघन की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया।

सपा नेता सम्राट विकास यादव ने बताया कि ईद के मौके पर अर्मापुर ईदगाह में नमाजियों के लिए मट्ठा-पानी की व्यवस्था की थी। उनका आरोप है कि नमाजी चटाई बिछा कर नमाज अदा करने जा रहे थे, तभी डीसीपी पश्चिम विजय ढुल आए और नमाजियों से अभद्रता की।

आरोप है कि उनके विरोध करने पर डीसीपी पश्चिम ने उन्हें हिरासत में लेकर पनकी थाने भिजवा दिया। सपा नेता को हिरासत में लिए जाने की सूचना पर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। पनकी थाने के बाहर समर्थकों सहित धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।


धरना देते विधायक अमिताभ बाजपेई और कांग्रेस उम्मीदवार आलोक मिश्रा।

#### औकात हो तो रामनवमी में ऐसा करके दिखाना

हंगामे के दौरान सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने एसीपी पनकी से कहा कि मुसलमान हैं तो ऐसा करेंगे आप लोग, आपकी औकात हो तो रामनवमी में ऐसा करके दिखाना। तब देखेंगे, यही डीसीपी होंगे, हम देखेंगे हैसियत आपकी। कहा कि आप धर्म के साथ भेदभाव करेंगे, सपा के झंडे के आधार पर उसे अपराधी बना दिया, उसका अपराध इतना है कि वह सपा का है, अगर आप गलत तरीके से उसे गिरफ्तार करेंगे तो हमें भी गिरफ्तार करिए।

## एसडीएम लिखा वाहन लेकर घूम रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**सहारनपुर,एजेंसी:** जिले की बेहट थाना पुलिस ने गुरुवार को एसडीएम (उपजिलाधिकारी) लिखा वाहन लेकर घूमने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने एक न्यूज एजेंसी बताया कि चुनाव में शांति-व्यवस्था के लिए नियमित जांच की जा रही है। इसी कड़ी में थाना बेहट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) योगेश शर्मा अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के गदेवड़ तिराहे के पास आज जांच कर रहे थे। इस दौरान एक बोलेरो गाड़ी, जिसके आगे-पीछे के शीशे पर एसडीएम और उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ था, को रोका गया। जैन ने बताया कि गाड़ी रुकवाकर जब प्रभारी निरीक्षक ने चालक से पूछताछ की तो वह कागजात नहीं दिखा पाया और न ही खुद के एसडीएम होने का प्रमाण दे सका। पुलिस ने सहारनपुर जिले के सोमवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पूछताछ के दौरान सोमवाल ने बताया कि पांच महीने पहले उसकी गाड़ी एसडीएम सदर के यहां किराये पर लगी हुई थी जिस वजह से उसने गाड़ी पर एसडीएम और उत्तर प्रदेश सरकार लिखवाया था, लेकिन एसडीएम का जनवरी में तबादला होने पर उसकी गाड़ी भी वहां से हट गई थी। लेकिन उसने इसे नहीं हटाया।

## 25 से पहले घोषित होगा यूपी बोर्ड का रिजल्ट, टूटेगा रिकार्ड

संवाददाता प्रयागराज

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद इसी माह यानि 25 से पहले ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर सकता है। जिसकी तैयारी पूरी की जा रही है। इस बार ऐसा माना जा रहा है कि बोर्ड जल्दी परिणाम घोषित कर एक नया इतिहास बना सकता है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हुई थीं। परीक्षा में पूरे प्रदेश के करीब 55 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा को लेकर यूपी बोर्ड ने सख्ती करते हुए मुख्यालय से सभी केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी कराई थी। परीक्षा के लिए आठ हजार से अधिक केंद्र भी बनाए गए थे जो कैमरे की नजर में थे। बोर्ड परीक्षा नौ मार्च को समाप्त हो गई थीं।

इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में मूल्यांकन केंद्र बनाए और। 31 मार्च तक मूल्यांकन भी पूरा कर लिया गया। वहीं मूल्यांकन के समय एक शिक्षक की हत्या होने के बाद कुछ दिनों तक कॉपियो का मूल्यांकन नहीं हो सका। जिसके बाद कापियां क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज दी गई हैं। वहीं अब रिजल्ट को तैयार करने का काम तेजी से किया जा रहा है। माना जा रहा है कि 25 अप्रैल से पहले यूपी बोर्ड का परिणाम उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। बोर्ड के सचिव दिव्याकांत शुक्ला के मुताबिक यूपी बोर्ड ने 2023 में 25 अप्रैल को रिजल्ट घोषित किया था। 2022 में 18 जून को और 2021 में 31 जुलाई को जारी किया था। इससे पहले 2020 में 27 जून को, 2019 में 27 अप्रैल को और 2018 में 29 अप्रैल को जारी किया था। इसलिए इस भी अपपी बोर्ड 25 अप्रैल से पहले रिजल्ट घोषित कर रिकॉर्ड तोड़ने का काम करेगा।

## गाजियाबाद में फर्जी हथियार लाइसेंस व हथियारों के साथ सेवानिवृत जेसीओ गिरफ्तार

**गाजियाबाद,एजेंसी:** जिले में पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को सेना पुलिस में तैनात रहे एक सेवानिवृत्त जेसीओ (जूनियर कमीशंड अधिकारी) को फर्जी हथियार लाइसेंस और हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार परमेंद्र (52) को मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के सेंट्रल स्कूल इलाके से एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, मैगजीन, दो राइफल, एक डबल बैरल बंदूक और फर्जी हथियार लाइसेंस के साथ गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) सचिदानंद ने बताया कि आरोपी के कब्जे से जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और कुपवाड़ा के हथियार कार्यालय के छह रबर स्टांप भी बरामद किए गए। आरोपी इन रबर स्टांप (मोहरों) का इस्तेमाल फर्जी लाइसेंस बनाने के लिए करता था। अपर पुलिस उपायुक्त के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में तैनाती के दौरान वह अमित मुटरेजा, कृष्णा सोनी नाम के दो एजेंटों के संपर्क में आया, जो सेना के जवानों के लिए फर्जी लाइसेंस बनाते थे। फर्जी लाइसेंस बनाने की एवज में आरोपी 10 से 15 हजार रुपये लेते थे। पुलिस द्वारा बरामद किये गये ये सभी हथियार अलग-अलग जिलों के गन हाउस से खरीदे गये थे। परमेंद्र के अन्य साथियों को पुलिस तलाश रही है।

## पुलिस ने बंद किया केस, पीड़िता ने जेल पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार
- सीएम आवास और सचिवालय के पास घूमते हुए ठगी करता था
- लखनऊ के पारा निवासी युवती को भी ठगा था, दुष्कर्म भी किया

**अमृत विचार:** हरबंश मोहाल पुलिस ने पांच साल से फरार 25 हजार के इनामी शातिर ठग को गिरफ्तार किया। ठगी के मामले में पुलिस ने तो जांच करके केस ही बंद कर दिया था, लेकिन आरोपी की शिकार महिला ने हार नहीं मानी। महिला ने आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटा कर पुलिस को सौंपे और दोबारा जांच के आदेश कराए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पांच साल बाद गिरफ्तार किया।

नारियल बाजार निवासी शोभा वर्मा ने हरबंश मोहाल थाने में अक्टूबर 2019 में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि मुख्यमंत्री आवास के पास उनकी मुलाकात कृषि विभाग में अधिकारी बताने वाले उदित रंजन अवस्थी से हुई थी। उदित ने कृषि विभाग में क्लर्क की नौकरी का झांसा देकर 1.88 लाख रुपये लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया था। शोभा ने हरबंश मोहाल थाने में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हरबंश मोहाल पुलिस ने जांच की, लेकिन एड्रेस और साक्ष्य न मिलने की बात कहकर एफआर लगा कर केस बंद कर दिया था। शोभा वर्मा ने हार नहीं मानी और आरोपी की सारी जानकारी जुटा कर 2023 में हरबंश मोहाल पुलिस को सौंपी। पुलिस ने फिर जांच की और शातिर ठग उदित रंजन उर्फ संजय दुबे उर्फ आनंद कृष्ण तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को ठग को गिरफ्तार किया। कलक्टरगंज एसीपी मोहसिन खान ने बताया शातिर के खिलाफ हरबंश मोहाल, कल्याणपुर, कोतवाली के साथ ही कन्नौज, कानपुर देहात, लखनऊ में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

#### अफसर बनकर बेरोजगारों को बनाता था निशाना

ठग उदित रंजन ने बताया कि वह मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय के पास घूमता रहता है। वहां पर काम से आने वाले बेरोजगारों को अफसर बता कर निशाना बनाता था। इसके बाद जाल में फंसाकर लाखों रुपये ठग लेता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लखनऊ के पारा निवासी एक युवती को भी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी की और दुष्कर्म भी किया था।

## वर्ग पहेली-37

**बाएं से दाएं**

1.1. किस्मत, भाग्य, नसीब, प्रारब्ध 2. संयोग।
5. सिंचाई (खेत आदि)।
7.1. जो इच्छा के अनुकूल हो, इच्छानुकूल 2. रुचिकर, कामनावाला 3. आसक्त, कामुक।
8. कपड़े धोने वाला व्यक्ति, धोबी।
9.1. जम्हाई लेते हुए शरीर को तानना, हाथ उठाकर शरीर को मोड़ना-तोड़ना, थकान दूर करने की शारीरिक क्रिया, अंग-विक्षेपण 2. परिवर्तन की आकांक्षा के लिए तत्पर होना या क्रियाशील होना, सुप्तावस्था को त्यागना

**ऊपर से नीचे**

2. ऐसा दरबार या न्यायालय जिसमें राजा या बादशाह के सामने सभी उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें, वह स्थान जहां उक्त प्रकार का दरबार लगता हो।
3.1. कुछ लोगों का समूह, दल 2. मंडली, जत्था 3. नगर या बस्ती का छोटा भाग, छोटा मुहल्ला 4. सिल
4. किसी के चरणों में होने वाला अनुराग, किसी के प्रति होने वाली श्रद्धा।
6. फ़िल्म

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 4 | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | | | ■ | | ■ |

### वर्ग पहेली -36 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 खु | सु | र | फु | 2 सु | र |
| 3 डों | ■ | ■ | ■ | ■ | रे | ■ |
| ड़ी | ■ | ■ | 4 आ | ■ | शी | ■ |
| ■ | 5 द | ल | द | ल | ■ | 6 खे |
| 7 पा | र | ■ | त | ■ | 8 मो | ढ़ा |
| ■ | गा | ■ | व | ■ | हि | ■ |
| ■ | ह | ■ | 9 श | र | त | ■ |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

### सुडोकू -115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 13 .11 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष:** आज दांपत्य जीवन में रोमांस भरपूर रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। लोग आपकी सहृदयता का गलत लाभ उठा सकते हैं। व्यापार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं।

**वृष:** आज सहकर्मियों को लेकर थोड़ा नाखुश रहेंगे। सेहत की अनदेखी बिल्कुल न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पदोन्नति को लेकर चर्चा हो सकती है।

**मिथुन:** आज महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। निराशा वाले विचारों से दूर रहें। लंबी दूरी की यात्रा न करें। संतान के भविष्य की काफी चिंता रहेगी। लोग आपके मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क:** आज किसी नए व्यापार में निवेश करने की योजना बनाएंगे। समाज में आपको काफी प्रशंसा मिलेगी। निर्माण कार्यों में तीव्रता आएगी। परिवार की जिम्मेदारियों का पूरा ख्याल रखेंगे। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह:** आज अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। भविष्य को लेकर कुछ योजना बना सकते हैं।

**कन्या:** आज किसी मित्र से बहस हो सकती है। आपको मेहनत का उचित परिणाम शायद ही मिलें। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर ही सारे काम करने चाहिए। आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। सामाजिक यश और सम्मान प्राप्त होगा।

**तुला:** आज बुरे लोगों की संगत से हानि होगी। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी में न लें। कुछ प्रियजन आपसे आर्थिक सहायता की अपेक्षा रखेंगे। कुछ सरकारी मामले उलझ सकते हैं। लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। परिजनों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा।


**धनु:** आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या किसी तरह के सम्मान के योग बन रहे हैं। दूसरों को दिखाने के लिए कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रेमियों के बीच आपसी प्रेम काफी बढ़ सकता है।

**मकर:** आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय से जुड़े नए मैत्री संबंध विकसित हो सकते हैं। किसी की आलोचना से हतोत्साहित न हों। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों की बाधा दूर होगी।

**कुंभ:** आज अनजान लोगों से दूरी बनाकर ही रखें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से आपकी निंदा हो सकती है। दूसरे कार्यों की वजह से मुख्य काम को समय नहीं दे पाएंगे।

**मीन:** आज आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारियों के लिए दिन बेहद शुभ रहने वाला है। आप यात्राओं का आनंद लेंगे। आपको तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मित्र प्रोत्साहित करेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 13 अप्रैल 12 .51 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
आज का रावण — सुबह : 10 .24
कीमत — रात : 07 .00

&pictures:
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 10 .35
विजय द मास्टर — शाम : 04 .09

Sony Pix:
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — सुबह : 10 .23
जैंगो अनचेंड — रात : 09 .00

Zee Cinema:
गली बॉय — सुबह : 10 .10
बेताब — दोपहर : 01 .20

StarGold Select:
लंदन पेरिस न्यूयॉर्क — सुबह : 10 .35
राज रीबूट — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका।
एक औरत ने गुस्से से कहा- फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला-कचरा मैंने फेका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई
दूसरे दिन..
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तेरी मम्मी से बोल दे कि वो मुझे भूल जाए।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,038.15 | 22,753.80 |
| चढ़ा | 354.45 | 111.05 |
| प्रतिशत में | 0.47 | 0.49 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1010, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1880, राज श्री 1330, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1450, सचिन 1610, सूरज 1475, अवसर 1655, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1745, स्वास्तिक 1850 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन ___ मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200 ।

# एडीबी ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

## मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत सार्वजनिक और निजी निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र का हवाला देते हुए 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। यह पूर्वानुमान आज जारी एडीबी के प्रमुख आर्थिक प्रकाशन, एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) अप्रैल 24 के नवीनतम संस्करण में व्यक्त किया गया है।

वित्त वर्ष 2024 में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास पर उच्च पूंजीगत व्यय, निजी कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि, मजबूत सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन और उपभोक्ता विश्वास में सुधार को कारक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वस्तु निर्यात में सुधार और विनिर्माण उत्पादकता और कृषि उत्पादन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025 में विकास को गति मिलेगी। भारत में एडीबी के निदेशक मियो ओका ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। राजकोषीय समेकन करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने और एक सक्षम कारोबारी माहौल प्रदान करने के भारत सरकार के प्रयासों से निर्यात बढ़ाने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शहरी आवास का समर्थन करने के लिए एक नई सरकारी पहल से आवास विकास में और तेजी आने की उम्मीद है। स्थिर ब्याज दरों से निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

- पूंजीगत व्यय में 17% की वृद्धि, बुनियादी ढांचे के निवेश को मिलेगा बढ़ावा



### इस साल वस्तु व्यापार में आ सकती है 1.2% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं के कारण मूल्य के संदर्भ में वस्तुओं के वैश्विक व्यापार की वृद्धि में इस साल 1.2 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कहा कि 2023 में वस्तुओं का वैश्विक व्यापार अमेरिकी डॉलर मूल्य में पांच प्रतिशत घटकर 24,010 अरब डॉलर रहा। हालांकि, इस गिरावट की भरपाई काफी हद तक वाणिज्यिक सेवाओं के व्यापार में मजबूत वृद्धि से हो गई, जो नौ प्रतिशत बढ़कर 7,540 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर वस्तुओं व वाणिज्यिक सेवाओं का निर्यात 2023 में दो प्रतिशत गिरकर 30,800 अरब डॉलर रहा। शोध संस्थान ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन ने 2024 के लिए व्यापार मात्रा में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। इस लिहाज से वस्तुओं के व्यापार में 2023 की तुलना में 2024 में 1.2 प्रतिशत की गिरावट की आशंका है।

## भारत से चीन को 90 प्रमुख उत्पादों का निर्यात बढ़ा : वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** चीन को निर्यात की जाने वाली कुल 161 वस्तुओं में से लगभग 90 प्रमुख वस्तुओं का निर्यात पिछले साल बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें लौह अयस्क, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत से चीन को निर्यात होने वाली कुल वस्तुओं में से इन 90 वस्तुओं की हिस्सेदारी 67.7 प्रतिशत है, जबकि शेष 32.3 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली शेष 71 वस्तुओं का निर्यात घटा है।

भारत का चीन को निर्यात चार स्तरों में पिछले साल 10 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ा है। वे हैं लौह अयस्क (2023 में 216.8 प्रतिशत बढ़कर 3.33 अरब डॉलर), सूती धागा (2023 में 542.6 प्रतिशत बढ़कर 61.11 करोड़ डॉलर), मसाले (2023 में 19.4 प्रतिशत बढ़कर 13.22 करोड़ डॉलर), और प्रसंस्कृत खनिज (2023 में 174.19 प्रतिशत बढ़कर 12.9 करोड़ डालर तक)। चीन के लिए 15 अन्य उत्पादों का निर्यात 10 से 100 अरब डॉलर तक बढ़ा है।

## बुनियादी ढांचे पर जोर से निवेश को मिलेगी गति : आरबीआई


**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर के साथ कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ने से निवेश चक्र में सतत आधार पर पुनरुद्धार हो सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति रिपोर्ट- अप्रैल 2024 के अनुसार, कमजोर वैश्विक मांग की चुनौतियों के बीच मजबूत बुनियाद के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधियां 2023-24 की पहली छमाही में मजबूत रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां पूंजीगत वस्तुओं में निवेश और शुद्ध रूप से वैश्विक मांग के कम असर से वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को गति मिली, वहीं निजी खपत को शहरी मांग से समर्थन मिला। इसमें आपूर्ति पक्ष के बारे में कहा गया है कि विनिर्माण गतिविधियां और मजबूत हुईं।

## टीपीईएम का शेल इंडिया से करार

**नई दिल्ली।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने देशभर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए शेल इंडिया मार्केट्स के साथ समझौता किया है।

टाटा मोटर्स की इकाई टीईपीएम ने गुरुवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत शेल के व्यापक ईंधन स्टेशन नेटवर्क और भारतीय सड़कों पर टाटा की 1.4 लाख से ईवी से प्राप्त आंकड़ों का लाभ उठाया जाएगा। इससे यह तय होगा कि किन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन लगाने है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजे राजन ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य मौजूदा चार्जिंग ढांचे को विकसित करना है।




## मर्सिडीज बेंज ने 18,123 वाहन बेचे, अब तक के सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी मर्सिडीज बेंज की भारत में खुदरा बिक्री स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड में भारी मांग के कारण बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,123 इकाई रही है। यह किसी एक वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। मर्सिडीज बेंज ने वित्त वर्ष 2022-23 में 16,497 गाड़ियां बेची थीं। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने बयान में कहा कि हमने भारत में अबतक का सबसे अच्छा मासिक, तिमाही और पूरे साल का आंकड़ा हासिल किया है। यह भरोसा भारत में मर्सिडीज-बेंज के लिए बेजोड़ प्रतिक्रिया दिखाता है। मार्च तिमाही में कंपनी ने 5,412 गाड़ियां बेचीं जो मार्च, 2023 के 4,697 इकाई के आंकड़े से 15 प्रतिशत ज्यादा है।

## डैमसन टेक की विनिर्माण कार्यों को चीन से भारत लाने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

पावर बैंक, छोटे स्पीकर और मोबाइल से जुड़े उत्पाद बनाने वाली डैमसन टेक्नोलॉजीज अपने विनिर्माण कार्यों का आधा हिस्सा चीन से भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 150 करोड़ का शुरुआती निवेश करेगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा प्रदाता डैमसन टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक रितेश गोयनका ने कहा कि कंपनी वर्तमान में चीन में उपकरणों का विनिर्माण कर रही है। अब आधा विनिर्माण कार्य भारत स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। इसका कारण चीन पर कई देशों के प्रतिबंधों के साथ-साथ भारत में सरकारी योजनाओं के तहत दिये जा रहे लाभ हैं। उन्होंने कहा, कि वर्तमान में, हमारा राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। हम आगामी वर्ष में लगभग 500 करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार भारत में लाने की योजना बना रहे हैं। हमारी दीर्घकालिक नजरिया धीरे-धीरे पूरे कारखाने के संचालन को भारत में स्थानांतरित करने का है।



# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लॉरेंस बिश्नोई का शार्पशूटर गिरफ्तार मोती नगर की गोलीबारी में था शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का रहने वाला सतेंद्र कुमार (20) पिछले महीने दिल्ली के मोती नगर इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर दिल्ली) आर.के. सिंह ने बताया कि सोमवार को कुमार के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद छापेमारी के दौरान उसे धर दबोचा गया। आरोपी ने खुलासा किया कि वह सितंबर 2023 में लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा-कपिल मान गिरोह के सदस्यों में से किसी एक के संपर्क में आया था।

### झारखंड-असम में एनआईए की छापेमारी में पीएलएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड और असम में छापेमारी के बाद नक्सली संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' के एक सशस्त्र सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से बुधवार को झारखंड और असम में दो-दो स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। एनआईए के बयान के मुताबिक छापेमारी के दौरान झारखंड के खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी नक्सली समूह पीएलएफआई का सशस्त्र सदस्य है और वह झारखंड में पीएलएफआई से जुड़े चार मामलों में वांछित था।

### इंदौर में बीबीए छात्रा ने 16 मंजिला इमारत से लगाई छलांग, मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में 16 मंजिला निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाकर 22 वर्षीय बीबीए छात्रा ने बृहस्पतिवार को खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि मुस्कान अग्रवाल (22) ने लसूड़िया थाना क्षेत्र में 16 मंजिला एक निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाई और नीचे गिरते ही उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमें अब तक मुस्कान का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को 16 मंजिला इमारत की छत पर मुस्कान का चश्मा और मोबाइल फोन मिला है। उन्होंने बताया कि मुस्कान बड़वानी जिले की रहने वाली थी और इंदौर के एक निजी महाविद्यालय से बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की पढ़ाई कर रही थी। विश्वकर्मा ने बताया कि बीबीए छात्रा की मौत की अलग-अलग पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### तीन दशक की तपस्या का परिणाम है राम मंदिर का निर्माण: भागवत

**छत्रपति संभाजीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण 30 साल की तपस्या और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यहां दत्ताजी भाले स्मृति समिति कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि पूरा देश राम लला की प्रतिमा स्थापित होने से अभिभूत है। भागवत ने अपने भाषण में कहा कि लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए धन दिया। यह 30 साल के संघर्ष के बाद संभव हो पाया। हम 500 सालों से राम जन्मभूमि पर मंदिर चाहते थे। लोग चंदा देने को तैयार थे और पूरा देश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समय अभिभूत था। कई लोगों की तपस्या और समर्पण से यह प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में दुनियाभर में भारत का कद बढ़ा है और उसकी धरोहर तथा संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ रही है।

## किसानों को मिलेगी एमएसपी और अग्निपथ योजना को रद कर देगी कांग्रेस सरकार

# किसान और युवा की कोई सुनने वाला नहीं: राहुल

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और युवा रोजगार मांग रहे हैं, महिलाएं महंगाई से राहत चाहती हैं, लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं है।

गांधी ने कहा कि यह आम चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। यह चुनाव पिछड़ों का, दलितों का, आदिवासियों का, और सामान्य जाति के गरीबों का है। देश में दो सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। किसी से भी पूछो देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है.. महंगाई दूसरा बड़ा मुद्दा है। नब्बे प्रतिशत लोग आपको कहेंगे पहले नंबर पर बेरोजगारी.. दूसरे पर महंगाई... लेकिन अगर आप भारतीय मीडिया से पूछेंगे या मीडिया को देखेंगे तो आपको लगेगा कि सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी जी (के बेटे) की शादी है। मीडिया का काम जनता का मुद्दा उठाना है। मगर मीडियाकर्मी जनता की आवाज, जनता के मुद्दों के बारे में कभी बात नहीं करते.. यदि ये लोग बोलना भी चाहें तो इनके मालिक इन्हें नहीं बोलते देंगे।

- जयपुर में बोले राहुल गांधी- मीडिया का काम जनता के मुद्दे उठाना, सिर्फ एक ही चेहरे को दिखाना नहीं



जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी

### 22 अमीरों के पास उतना धन जितना 70 करोड़ जनता के पास

राहुन ने कहा हिन्दुस्तान के सबसे अमीर 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। एक तरफ 70 करोड़ लोग उसमें पिछडे वर्ग, दलित आदिवासी, गरीब लोग और दूसरी तरफ 22 लोग। सत्तर करोड़ में से किसान कह रहे हैं, हमें एमएसपी दे दीजिये युवा कह रहा है हमें रोजगार दे दीजिये.. महिलाएं कह रही हैं महंगाई से हमें बचाइए... पर कोई सुननेवाला नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो सबसे पहले जातीय जनगणना कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और सरकार में संविदा मजदूरी को खत्म किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने 'अरबपतियों' का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। नरेंद्र मोदी सीधा कह देते है.. मैं किसानों को एमएसपी नहीं दूंगा.. किसान आतंकवादी हैं.. और मैं एमएसपी नहीं दूंगा। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान कर दे रहा है। हमारी सरकार एमएसपी लागू करेगी। यदि मोदी उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करेगी।

## सीएए, एनआरसी और यूसीसी हम स्वीकार नहीं करेंगे : ममता



रेड रोड में सभा को संबोधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा जेल बनवाए लेकिन क्या 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेड रोड में जनसभा को किया संबोधित

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां 'रेड रोड' में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान 'दंगा कराने' की कोशिश करेंगे। उन्होंने लोगों से 'साजिश का शिकार नहीं होने' का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है।

बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती। मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती। मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा। बनर्जी ने कहा जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं भाजपा से कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।

### कांग्रेस पर अपमान का आरोप, पूर्व प्रवक्ता रोहन भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस पर 'अपमान' और 'चरित्र हनन' का आरोप लगाते हुए पिछले महीने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में गुप्ता भाजपा में शामिल हुए। गुप्ता के अलावा पंजाब की पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर और कुछ अन्य नेता भी इस मौके पर भाजपा में शामिल हुए। कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को अहमदाबाद पूर्व लोकसभा सीट से टिकट दिया था लेकिन उन्होंने अपने पिता की खराब सेहत का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया था। इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी।

## अनुकरणीय प्रदर्शन का दावा दुष्प्रचार : थरूर

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत में मजबूत प्रदर्शन के भाजपा के दावे को उसके दुष्प्रचार का परिणाम बताया और कहा कि सत्ताधारी दल उत्तर में साम्प्रदायिकता, धार्मिक विभाजन और मूलनिवासी सामाजिक विभाजन जैसे जो विमर्श गढ़ता है, वे वहां लागू नहीं होते।

थरूर ने दक्षिण में आक्रामक सियासी रणनीति अपनाने वाली भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक ऐसी पार्टी जो 'विकास' पर ध्यान केंद्रित करने का दावा करती है, उसके एजेंडे की उस क्षेत्र में स्वीकार्यता सबसे कम है जो वास्तव में सबसे अधिक 'विकसित' क्षेत्र है। थरूर ने कहा कि हिंदी, हिंदुत्व, हिंदुस्तान के प्रभुत्व की तलाश वास्तव में हमारी बहुलवादी चेतना की नींव के लिए सबसे प्रमुख खतरा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय धर्मनिरपेक्षता देश की संस्कृति के 'डीएनए' में अंतर्निहित है और यह इतनी आसानी से गायब नहीं होगी।

देश में राम मंदिर की लहर से भाजपा को फायदा मिलने की संभावना पर, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य ने कहा, भाजपा का धर्म का राजनीतिकरण तब बहुत आगे बढ़ गया जब प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, जिसके लिए वह स्पष्ट रूप से योग्य नहीं हैं।

## उत्तर पश्चिम भारत में इस सप्ताहांत में बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों और अरब सागर से आने वाली उच्च नमी के कारण इस सप्ताह के अंत में उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ों और मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 13 से 15 अप्रैल बारिश, बिजली कड़कने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ पवन के रूप में पश्चिम ईरान पर स्थित है। 13-15 अप्रैल के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना है।

### गर्मी और लू से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने की बैठक

**नई दिल्ली।** गर्मी के महीनों में मौसम की स्थिति खराब होने के पूर्वानुमान के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को लू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कहा गया है कि आवश्यक दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के पानी की उपलब्धता के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा की गई।

## भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं नोटबंदी और चुनावी बॉण्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड को बड़ा घोटाला और नोटबंदी को काले धन को सफेद में बदलने का तरीका करार देते हुए पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने भ्रष्ट कृत्यों पर गोपनीयता की चादर ढक देती है और उम्मीद करती है कि उनके बारे में कभी पता नहीं चलेगा।

सिन्हा ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 400 से अधिक सीटें जीतने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) की ताकत को कम आंका जा रहा है। सिन्हा (86) ने कहा कि वह राजनीति से संन्यास ले चुके हैं और वापसी की उनकी कोई योजना नहीं है, जबकि उनके पूर्व संसदीय क्षेत्र हजारीबाग से अनेक लोग उनसे इस बार चुनाव लड़ने का आग्रह कर चुके हैं। सिन्हा ने 2018 में भाजपा छोड़ दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में राजग सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा था, यह सरकार तब तक ईमानदार है जब तक सत्ता में है। जैसे ही यह सत्ता से बाहर होगी तो भारत के लोगों को पता चलेगा कि यह अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। सिन्हा ने कहा कि नोटबंदी और चुनावी बॉण्ड इसके दो उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मैंने खुद से काफी मंथन करने के बाद यह किया। और मुझे पता चला कि वे भ्रष्टाचार के कृत्यों के सामने आने से बच गए हैं जिन्हें सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आने दिया गया है और इसका कारण है 'गोदी मीडिया'।

सिन्हा ने कहा कि किसी को इसकी फिक्र नहीं है। मैंने 2016 में नोटबंदी का उल्लेख किया था। अब हमें पता है कि नोटबंदी के बाद लगभग 100 प्रतिशत धन बैंकों में वापस आ गया। और मुझे एक भी ऐसे मामले, एक भी व्यक्ति या एक भी संस्था की जानकारी नहीं है जिस पर काला धन रखने के लिए मुकदमा चलाया गया हो।

- पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने भाजपा को लिया आड़े हाथ, बोले- 400 से अधिक सीटें जीतना भाजपा के लिए सपना ही रहेगा



# दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें सुधार पर, जीत की लय जारी रखना चाहेगी एलएसजी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी।

एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है। इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसक बाद वह मैदान से चले गये थे। यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले। उनके अलावा नवीन उल हक, क्रृणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं। निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं। हालांकि एलएसजी के लिए सबसे बड़ी चिंता देवदत्त पडीक्कल की फॉर्म बनी हुई है जो अभी तक दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं। वहीं मेहमान टीम के लिए ऐसा लगता है कि उसके पास 'प्लान बी' की कमी है जो कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 106 रन की हार से साफ दिखायी दिया। हाल में एक और जूझ रही टीम मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स -1.370 के खराब नेट रन रेट से अंक तालिका में निचले स्थान पर पहुंच गई। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती। अब एलएसजी के खिलाफ मैच में जिम्मेदारी फिर खलील अहमद और उम्रदराज ईशांत शर्मा पर होगी जो लगातार अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। मुकेश कुमार के चोट से वापसी की उम्मीद है लेकिन वह भी अपने प्रदर्शन से धमाल नहीं कर पाये हैं। मध्यम गति के गेंदबाज सुमित कुमार और रसिक डार की गेंदबाजी पर डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और पूरन रनों का अंबार लगा सकते हैं। साथ ही तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट से वापसी के बाद धारदार गेंदबाजी नहीं कर सके हैं और चार मैच में उन्होंने 13.43 के इकोनोमी से रन लुटाये हैं। कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स को छोड़ दें तो दिल्ली कैपिटल्स इस सत्र में अच्छी फॉर्म के लिये जूझती दिखी। पृथ्वी साव ने कुछ जरूरी रन जुटाये लेकिन उन्हें शीर्ष पर इससे बेहतर करने की जरूरत है। अभिषेक पोरेल को छोड़ दें तो किसी भी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखाया है।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स । **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।
**मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

## खेल डायरी

### आकांक्षा आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश के क्वार्टरफाइनल में

**नयी दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सौलंके ने अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वाश चैम्पियन आकांक्षा ने बुधवार को दूसरे दौर में नार्वे की मैडेलिने हाईलैंड को 41 मिनट में 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से मात दी। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। गोवा की इस खिलाड़ी का सामना अब 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि की पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में मिस्र की जाना स्वाफी से होगा।

### रूने को एक सेट में हराने के बाद दूसरे दौर में हारे नागल

**मोंटे कार्लो।** भारत के सुमित नागल ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने को एक सेट में हराया लेकिन वर्षाबाधित दूसरे दौर का मुकाबला हार गए। बारिश के कारण यह मुकाबला बुधवार को स्थगित हो गया था। नागल ने खेल बहाल होने पर रूने से दूसरा सेट छीन लिया लेकिन आखिरी सेट में दो बार सर्विस गंवा दी। भारतीय क्वालीफायर नागल दूसरे सेट में रूने से 1-2 से पीछे थे जब बारिश हुई। उन्होंने दो घंटे 11 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 6-3, 2-6 से गंवाया।

### प्रज्ञानांनदा और विदित जीते, गुकेश ने बढ़त कायम रखी

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने छठे दौर में ड्रा से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा। प्रज्ञानानंदा ने अजरबैजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला। अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाच्ची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है। फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रा खेला।

### इंडियन सुपर लीग फाइनल चार मई को

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग 2023-24 सत्र का फाइनल चार मई को खेला जाएगा जबकि इस फुटबॉल लीग के प्ले ऑफ मुकाबले 19 अप्रैल से शुरू होंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लीग के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने बताया कि फाइनल के स्थल की घोषणा जल्द की जाएगी। आईएसएल ने बयान में कहा, ''सत्र का फाइनल चार मई को होगा। फाइनल में जगह बनाने की जंग की शुरुआत 19 अप्रैल को प्ले ऑफ मुकाबलों के साथ होगी। सेमीफाइनल मुकाबले अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैचों के प्रारूप में खेले जाएंगे।''

### एडम जम्पा ने आईपीएल से अपना नाम लिया वापस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। जम्पा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की शृंखला खेली।

### उदित को रजत, अभिमन्यु और विकी को कांस्य

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के उदीयमान पहलवान उदित को पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में जापान के केंटो युमिया के हाथों 4-5 से पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु ने 70 किलो फ्रीस्टाइल में उजबेकिस्तान के बेजिजोन कुल्दाशेव को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता जबकि विकी ने 97 किलो में किर्गिस्तान के आंद्रेइ रोमानोविच अरोनोव को 10-1 से मात दी। ट्रायल में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार 65 किलो में जापान के मासानोसुके ओनो से 3-5 से हार गए। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैम्पियन उदित ने सुनिश्चित किया कि देश का इस वर्ग में रिकॉर्ड अच्छा रहे। भारत ने 57 किग्रा वर्ग में लगातार चार एशियाई खिताब जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने 2020, 2021 और 2022 में तथा अमन ने 2023 में स्वर्ण पदक अपने नाम किये। यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक होगा।

# मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 7 विकेट से रौंदा

## ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाए, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके



जसप्रीत बुमराह

**मुम्बई, एजेंसी**

ईशान किशन 69 रन और सूर्यकुमार यादव के 52 रनों की अर्धशतकीय पारियों और उससे पहले जसप्रीत बुमराह के पांच विकेटों की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 25वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट से हराकर लीग में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की ईशान किशन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 101 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में आकाशदीप ने कोहली के हाथों ईशान किशन को कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया था। ईशान ने सात चौके पांच छक्के उड़ाते हुए 69 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद 12वें ओवर में रोहित शर्मा को जेक्स ने आउट कर दिया। रोहित ने तीन चौके और तीन छक्के से 38 रन बनाये। सूर्यकुमार यादव ने पांच चौके और चार छक्के लगाये। उन्हें वैशाख ने 52 रन पर आउट किया। कप्तान हार्दिक पंड्या 21 और तिलक वर्मा 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुम्बई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आकाश दीप, विजयकुमार वैशाख और विल जेक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट पांच विकेट चटकाते हुए रॉयल चैलेंजर्स को बड़ा स्कोर बनाने रोक दिया था। हालांकि कप्तान फाफ डुप्लेसी 61 रन, रजत पाटीदार की 50 रन और आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक की नाबाद 53 रनों की तूफानी की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 197 रनों लक्ष्य दिया था।

वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने तीसरे ही ओवर में विराट कोहली तीन रन का विकेट गवां दिया। चौथे ओवर में विल जेक्स भी आठ रन बनाकर लौट गये। रजत पाटीदार ने तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर और विजय कुमार वैशाख बिना खाता खोले ही लौट गये। डुप्लेसी ने चार चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 61 रनों की पारी खेली। सौरव चौहान नौ रन बनाकर आउट हुये। दिनेश कार्तिक ने पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली।



ईशान किशन
रोहित शर्मा

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |

**बेंगलुरु 196/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का ईशान बो बुमराह | 03 | 09 | 0/0 |
| फाफ डु प्लेसी का डेविड बो बुमराह | 61 | 40 | 4/3 |
| विल जैक्स का डेविड बो मधवाल | 08 | 06 | 2/0 |
| रजत पाटीदार का ईशान बो कोएत्जी | 50 | 26 | 3/4 |
| ग्लेन मैक्सवेल पगबाधा बो गोपाल | 00 | 04 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 53 | 23 | 5/4 |
| महिपाल लोमरोर पगबाधा बो बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| सौरव चौहान का मधवाल बो बुमराह | 09 | 08 | 1/0 |
| विजय कुमार विशाख का नबी बो बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| आकाश दीप नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** नबी 1-0-7-0, कोएत्जी 4-0-42-1, बुमराह 4-0-21-5, मधवाल 4-0-57-1, गोपाल 4-0-32-1, शेफर्ड 2-0-22-0, पंड्या 1-0-13-0

**मुंबई 199/3** — 15 .3 ओवर, अतिरिक्त : 3

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान का कोहली बो आकाश दीप | 69 | 34 | 7/5 |
| रोहित शर्मा का टॉपली बो जैक्स | 38 | 24 | 3/3 |
| सूर्यकुमार का लोमरोर बो विशाक | 52 | 19 | 5/4 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 21 | 06 | 0/3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 16 | 10 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** टॉपली 3-0-34-0, सिराज 3-0-37-0, आकाश दीप 3 .3-0-55-1, मैक्सवेल 1-0-17-0, विशाक 3-0-32-1, जैक्स 2-0-24-1

# पीवी सिंधू और प्रणय हारे, एशिया चैंपियनशिप में चुनौती समाप्त

**निंगबो (चीन), एजेंसी**

- **चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हुईं**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एच एस प्रणय के गुरुवार को यहां अपने प्री क्वार्टरफाइनल में बाहर होने से बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधू ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हो गयीं। यह युए के खिलाफ पहली हार थी।

गुरुवार को मुकाबले से पहले युए के खिलाफ इस भारतीय का जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के गैर वरीय लिन चुन यि से महज 43 मिनट में 18-21 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीयों के एक अन्य नतीजे में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21 12-21 से पराजित हो गयीं। सिंधू ने पहले गेम में अनुभव का फायदा उठाते हुए 8-4 से बढ़त ले ली और इसे 14-8 तक बढ़ा दिया। पर चीन की खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और सिंधू ने गलतियां करनी शुरू कर दी। युए ने सिंधू को लंबी रैलियों में उलझाकर थका दिया और 15-15 से बराबरी पर पहुंच गयीं। युए ने इसके बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपने अनुभव की बदौलत 16-8 से बढ़त बना ली। युए ने वापसी की सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन सिंधू ने कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम अपने नाम कर 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक गेम में सिंधू 8-4 की बढ़त के बाद लय खो बैठीं।

# पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मी. भाला फेंक सकता हूं: नीरज

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं। पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा।

# पीएम मोदी ने देश के शीर्ष 'गेमर्स' से किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'गेमिंग' उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भारत के कुछ शीर्ष 'गेमर्स' के साथ बातचीत की। भाजपा के सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मालवीय ने 'एक्स' पर खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत का एक छोटा वीडियो साझा करते हुए कहा कि उन्होंने गेमिंग उद्योग में हो रहे नए क्रियाकलापों और कैसे मोदी सरकार ने भारत में गेमिंग उद्योग को बढ़ावा देने वाले गेमर्स की रचनात्मकता को मान्यता दी है पर चर्चा की। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने गेमिंग उद्योग में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी बातचीत की। मालवीय ने कहा, 'पीएम मोदी ने 'गेमिंग इंटरेक्शन' किया और इसमें तीर्थ मेहता, पायल धारे, अनिमेष अग्रवाल, अंशु बिष्ट, नमन माथुर, मिथिलेश पाटनकर, गणेश गंगाधर जैसे शीर्ष भारतीय गेमर्स के साथ पीसी और वीआर गेम्स खेले।' गेमिंग उद्योग में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी उन्होंने चर्चा की।' मालवीय ने कहा, पूरी बातचीत जल्द सामने आएगी।

## बॉलीवुड हलचल

# मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार बहुत गहरा है : रसिका दुग्गल

**मुंबई, एजेंसी।** लोकप्रिय वेब सीरीज ''मिर्जापुर'' के तीसरे सीजन का जल्द ही प्रीमियर होने वाला है और इसमें अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि सीरीज की टीम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि प्रशंसकों के लिए इसका अनुभव बेहद शानदार रहे। सीरीज में बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा कि वह इस लोकप्रिय सीरीज का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। रसिका दुग्गल ने ''पीटीआई-भाषा'' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, '''मिर्जापुर'' को प्रशंसकों की जो सराहना और समर्थन मिला है, वह बहुत ही शानदार है, मेरे जीवन में इसका खास स्थान है। इसके प्रशंसकों का इसके प्रति लगाव काफी गहरा है। मैं बहुत खुश हूं कि हमने तीसरा सीजन बनाया है और दर्शकों को जल्द ही यह देखने को मिलेगा। मैं उनके लिए बहुत उत्साहित हूं।'' रसिका ने कहा, ''मेरा मानना है कि ''मिर्जापुर'' के प्रशंसक इसलिए काफी अधिक हैं क्योंकि लोगों ने वास्तव में इसके किरदारों को पसंद किया और उनके प्रति एक प्रकार का जुड़ाव महसूस किया है। यह शो दिखावटीपन नहीं करता है। यह उन किरदारों के साथ लोगों के जुड़ाव के बारे में है। हम पहले ही ऐसा कर चुके हैं, और हम यह काम हर सीजन में करते हैं। हमने इस सीजन में भी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से ऐसा ही किया है।'' अभिनेत्री ने कहा कि अली फजल द्वारा निभाया गया बंदूकधारी गैंगस्टर गुड्डू भैया सीरीज में उनका पसंदीदा किरदार है। रसिका ने यहां रेड लॉरी फिल्म महोत्सव के पहले संस्करण से इतर कहा, ''अली ने गुड्डू भैया का किरदार जिस तरह से निभाया, वह मुझे बेहद पसंद आया।''



# अर्जुन कपूर को पसंद आया राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत का ट्रेलर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर को राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अर्जुन कपूर को फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर राजकुमार राव की जमकर तारीफ की है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म ''श्रीकांत' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, यह देखना अद्भुत है कि आपके दोस्त हर फिल्म के साथ बेहतर काम करने की इच्छा रखते हैं। साथ ही अभिनय की सभी सीमाओं को पार करते रहते हैं।'' फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।



# देवरा पार्ट 1 का नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन करेंगे करण जौहर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म ''देवरा: पार्ट 1'' का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेट्स में करेंगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा: भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्माकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1 फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### भारत में नई राजदूत होंगी ब्रिटेन की लिंडी कैमरून

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। कैमरून निवर्तमान एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी। भारत में ब्रिटेन के दूतावास ने गुरुवार को बताया है कि, लिंडी कैमरून को एलेक्स एलिस के उत्तराधिकारी के रूप में भारत गणराज्य में ब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। एलिस को कोई अन्य राजनयिक जिम्मेदारी दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि कैमरून इस महीने अपना कार्यभार संभालेंगी। कैमरून 2020 से ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र की मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले लिंडी ब्रिटेन के उत्तरी आयरलैंड कार्यालय के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत थीं।

### छत्तीसगढ़ में एक लाख का इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू से सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ के अध्यक्ष हेमला हुंगा (41) और पूनेम बुधरू (40) को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हुंगा के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सली 19 अप्रैल 2022 को पेगड़ापल्ली गांव के जंगलों में पुलिस दल पर गोलीबारी करने और विस्फोट करने की घटना में शामिल थे।

### रूस ने बड़े पैमाने पर यूक्रेन में दागीं 40 मिसाइलें, बिजली ठप

**कीव।** यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में रूस ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि पूर्वी खार्किव क्षेत्र, दक्षिणी ज़ापोरीज़िया क्षेत्र, पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र और मध्य कीव क्षेत्र में बिजली उत्पादन केंद्रों पर हमले से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 मिसाइल हमले के बाद, खार्किव क्षेत्र के करीब दो लाख घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने यहां के मेट्रो स्टेशन में शरण ली है। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने रिपोर्ट में कहा कि दो थर्मल पावर प्लांट के उपकरण नष्ट हो गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर बताया कि यूक्रेन पर रूस ने 40 से अधिक मिसाइल और करीब 40 ड्रोन दागे हैं।

### पाकिस्तानः नाव पर ईद का जश्न मना रहे 10 लोग डूबे, 7 लापता

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को सिंधु नदी में नाव पलटने से ईद का जश्न मना रहे 10 लोग डूब गए। 1122 बचाव टीम के अधिकारियों ने कहा कि यह त्रासदी नौशेरा जिले के कुंड पार्क क्षेत्र में हुई, जहां बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए थे। अधिकारियों ने कहा कि तीन लोगों को बचाने में कामयाबी मिली है, जबकि सात लापता हैं। बचाव टीम लापता लोगों को खोजने में जुटी हुई है। राज्यपाल गुलाम अली और मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# पाकिस्तानी फौज ने अपने ही पुलिस वालों को थाने में पीटा

इस्लामाबाद, एजेंसी

- एक सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियार जब्त करने के बाद थाने पर किया हमला



पाकिस्तान के सैनिकों ने बुधवार को पंजाब प्रांत के बहावलनगर में पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। यळ घटना मदरीसा पुलिस स्टेशन की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने एक पाकिस्तानी सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया था।

इसके बाद 7-8 गाड़ियों में बैठकर 40 से 50 सैनिक पुलिस थाने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने छड़ी और राइफल के बट से पुलिस अधिकारियों की जमकर पिटाई की। सैनिकों ने स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) और स्टेशन इंचार्ज को भी मारा। अधिकारियों के शरीर पर जख्मों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सैनिकों के हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे वीडियो के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पुलिसकर्मियों से वीडियो रिकॉर्डर छीन लिए थे। इसके बाद उन्हें लॉक-अप में बंद करके मारा गया। पंजाब पुलिस ने कहा, घटना को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। हमने इसकी जांच कराई है और दोनों संस्थानों ने शांतिपूर्ण तरह से मामले को सुलझा लिया है।

# ब्रिटेन में 12 भारतीय गिरफ्तार वीजा उल्लंघन का लगा आरोप

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश इमिग्रेशन अधिकारियों ने वीजा शर्तों के उल्लंघन के शक में की गई छापेमारी के दौरान 12 भारतीयों को पकड़ा। इसमें एक महिला भी शामिल है। ये अवैध रूप से गद्दे और केक फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे।

बुधवार को ब्रिटेन के होम ऑफिस के एक बयान के मुताबिक, आव्रजन प्रवर्तन अधिकारी इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में खुफिया सूचना के बाद की गई कार्रवाई में पाया गया कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा था। गृह कार्यालय के मुताबिक, वहां अवैध रूप से काम करने के संदेह में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पास में स्थित एक केक फैक्ट्री से चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें अपनी वीजा शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके बाद एक भारतीय महिला को एक निजी घर में आव्रजन अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया है। गृह कार्यालय के मुताबिक, दोपहर बाद भी मामले में आगे की कार्रवाई की गई। गृह कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि चार आरोपियों को ब्रिटेन से हटाने या भारत निर्वासन पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया था, बाकी बचे आठ को इस शर्त पर जमानत दे दी गई। इस बीच, अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने अपने कारखानों में अवैध श्रमिकों को नियुक्त किया है तो दोनों व्यवसायों को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपण में रूस कामयाब



**मॉस्को।** रूस ने गुरुवार को पहली बार अपने अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट का परीक्षण किया। यह टेस्ट लॉन्च सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से किया गया। इससे पहले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन अंगारा रॉकेट के दो प्रक्षेपण अंतिम समय में रद कर दिए गए थे। दरअसल, दबाव प्रणाली में खराबी और इंजन प्रक्षेपण-नियंत्रण प्रणाली में समस्या होने के कारण रॉकेट टेस्ट लॉन्च को रद कर दिया गया था। हालांकि, यह रूस का तीसरा परीक्षण जो सफल हुआ। रूसी अंतरिक्ष अधिकारियों के लिए आज यानी 11 अप्रैल का दिन भाग्यशाली रहा। परीक्षण से पहले रूस ने अपना कॉस्मोनॉट दिवस मनाया। दरअसल, 63 साल पहले सोवियत संघ के यूरी गगारिन बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इसी दिन को कॉस्मोनॉट दिवस कहा जाता है।

### इस रॉकेट में छुपी हैं कई सारी खूबियां

रॉकेट लॉन्च करने वाले मिशन नियंत्रण ने बताया कि जैसे ही रॉकेट अंतरिक्ष में उड़ा, मिनटों में 25,000 किलोमीटर (15,500 मील) प्रति घंटे से अधिक तक आसमान की ऊंचाई में पहुंच गया था। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी, रोस्कोस्मोस ने बताया कि रॉकेट ने सामान्य रूप से काम किया। बता दें कि 54.5 मीटर (178.81 फुट) का तीन चरणों वाला रॉकेट, जिसका वजन लगभग 773 टन है, लगभग 24.5 टन वजन अंतरिक्ष में ले जा सकता है। रूस ने 1991 में सोवियत संघ के टूटने के कुछ साल बाद एक रूसी-निर्मित लॉन्च वाहन के रूप में अंगारा परियोजना की शुरुआत की थी। बता दें कि पहली अंगारा-ए5 परीक्षण उड़ान 2014 में हुई और दूसरी 2020 में उत्तरी रूस के प्लेसेत्स्क से हुई। 2021 में एक आंशिक परीक्षण किया गया जो असफल रहा था।

# चीन का बदला रुख, भारत के साथ सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाने को तैयार

## मोदी के बयान पर चीन ने दी प्रतिक्रिया, कहा- स्थिर संबंधों से होगी साझा हितों की पूर्ति

बीजिंग, एजेंसी

मजबूत और स्थिर संबंधों से चीन और भारत के साझा हितों की पूर्ति होगी। चीन की यह प्रतिक्रिया भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के साथ चीन के संबंध पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी के बयान के बाद चीन के तेवर ढीले पड़ गए हैं, और अब चीन भी सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाना चाहता है।

बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि दोनों देशों को मिलकर बातचीत के जरिए सीमा विवाद का तत्काल हल निकाला जाना चाहिए। अब चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर गौर किया है। माओ ने आगे कहा कि अगर भारत और चीन के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध होंगे, तो इससे दोनों देशों के साझा हितों की भी पूर्ति होगी।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सीमा विवाद पर कहा है कि भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को ठीक से प्रबंधित कर उचित रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं।

बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध महत्वपूर्ण हैं। माओ निंग ने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर एक दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने से आपसी विश्वास बढ़ेगा, जिससे संवाद और सहयोग कायम रहेगा। मिंग ने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मतभेदों का हल निकाला जाना जरूरी है।

### सीमा पर हिंसक झड़प से दोनों देशों के बीच पैदा हुआ था गतिरोध



5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर पैंगोंग त्सो क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच गतिरोध पैदा हो गया था। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। चीनी सेना के अनुसार दोनों पक्ष अब तक गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। उधर भारत द्वारा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना को हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। भारत का कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती।

# मई तक इजराइल जाएंगे 6 हजार भारतीय श्रमिक

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच छह माह से युद्ध जारी है। ऐसे में इजराइल के निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो गई है, जिस वजह से अप्रैल और मई में भारत से छह हजार मजदूर इजराइल जाएंगे। इजराइल सरकार ने बुधवार देर रात बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इजराइल प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वित्त मंत्रालय और निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी देने के संयुक्त निर्णय के बाद श्रमिकों को एयर शटल से इजराइल लाने के फैसले पर मुहर लगी है।

गौरतलब है कि इजराइली निर्माण उद्योग उन विशिष्ट क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देता है, जहां इजराइली श्रमिकों की कमी होती है। युद्ध से पहले इजराइल में 80 हजार श्रमिक वेस्ट बैंक से तो वहीं 17 हजार श्रमिक गाजा पट्टी से आए थे लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद से अधिकांश श्रमिकों का वर्क परमिट रद कर दिया गया है। बता दें, युद्ध के कारण देश में श्रमिकों की भारी कमी हो गई, जिस वजह से कई परियोजनाएं रुक गई। संकट को देखते हुए इजराइल सरकार ने यह कदम उठाया है। बता दें, कुछ दिन पहले भारतीय श्रमिकों को एक जत्था पहुंच चुका है।

# न्याय तंत्र को कमजोर कर रहे सोशल मीडिया मंचः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,एजेंसी

- सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

लंबित और विचाराधीन मामलों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से संदेश और लेख प्रसारित किए जा रहे हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की पीठ ने असम के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है।

बता दें कि विधायक को शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और लेख पोस्ट किए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही हमारे कंधे किसी भी दोष या आलोचना को सहन करने के लिए काफी चौड़े हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं, जो न्यायपालिका को कमजोर करने की तरफ इशारा कर रहे हैं।



### भ्रामक पोस्ट पर विधायक को अवमानना नोटिस

पीठ ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक को अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले को अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। विधायक को कार्यवाही के दौरान कोर्ट में पेश होने का भी निर्देश दिया गया है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर भारत क मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।

### अरबपति को धोखाधड़ी मामले में मौत की सजा

**हनोई :** वियतनाम की अरबपति ट्रूंग माय लैन को 44 अरब डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को मौत की सजा सुनाई गई। प्रमुख डेवलपर फर्म वान थिन्ह फाट की अध्यक्ष ट्रूंग माई लैन पर एक दशक से अधिक समय तक साइगॉन कमर्शियल बैंक (एससीबी) से नकदी ठगने का आरोपी ठहराया गया है। फैसले के वक्त 2,700 लोगों को गवाही देने के लिए बुलाया गया, जबकि इसमें 10 राज्य अभियोजक और लगभग 200 वकील शामिल थे। सबूत कुल छह टन वजन वाले 104 बक्सों में थे। बता दें, अक्टूबर 2022 में ट्रूंग को गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को हनोई में स्टेट बैंक ऑफ वियतनाम के बाहर भारी पुलिस की मौजूदगी देखी गई, जो एक ऐसा स्थान है जो अतीत में विरोध प्रदर्शनों का केंद्र रहा है। अधिकारियों ने घोटाले से प्रभावित 42 हजार लोगों की पहचान की है, जिससे पूरे दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र में सदमे का सामना करना पड़ा था।

# अब डायरेक्ट मैसेज में न्यूडिटी को धुंधला कर देगा इंस्टाग्राम

लंदन, एजेंसी

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने कहा कि वह युवा लोगों की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए नए उपाय कर रहा है, जिसमें एक ऐसी सुविधा भी शामिल है जो डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में न्यूडिटी को खुद ही धुंधला कर देगी।

सोशल मीडिया मंच ने गुरुवार को कहा कि वह सेक्सुअल स्कैम और छवि दुरुपयोग से लड़ने और अपराधियों के लिए किशोरों से संपर्क करना कठिन बनाने के वास्ते अपने अभियान के तहत इन सुविधाओं का परीक्षण कर रहा है। मेटा स्वामित्व वाले फेसबुक और व्हाट्सएप पर कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इंस्टाग्राम ने कहा कि अपराधी अक्सर अंतरंग तस्वीरें मांगने के लिए सीधे संदेशों का उपयोग करते हैं। इसका मुकाबला करने के लिए, वह जल्द ही नग्नता संरक्षण सुविधा का परीक्षण शुरू करेगा।

### ये होंगे बदलाव

यौन उत्पीड़न या सेक्सटॉर्शन में किसी व्यक्ति को स्पष्ट तस्वीरें ऑनलाइन भेजने के लिए राजी करना और फिर पीड़ित को पैसों के लिए या यौन संबंधों में शामिल नहीं होने पर तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी देना जैसे बदलाव करेगा। सोशल मीडिया कंपनियों को सुरक्षा को लेकर हमेशा आलोचना का सामना करना पड़ा है। बता दें, मार्क जुकरबर्ग ने अमेरिकी संसद के सीनेट की सुनवाई के दौरान इस तरह के दुर्व्यवहार के शिकार लोगों के माता-पिता से माफी मांगी थी।

# आरटीआई कानून के तहत चुनावी चंदे की जानकारी देने से एसबीआई ने किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है। एसबीआई ने यह भी कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं।

चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे, आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे। 12 मार्च को चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दिए गए दो छूट प्रावधानों का हवाला देते हुए जानकारी से इनकार किया, एक जिम्मेदार क्षमता में रखे गए रिकॉर्ड से संबंधित है और व्यक्तिगत जानकारी को रोकने की अनुमति देती है।

# अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए एसटीएफ गठित

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय दूतावास ने छात्रों के लिए जारी की गाइडलाइन

अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए पहली बार दूतावास ने बड़े कदम उठाए हैं। संदिग्ध मौत के बढ़ते मामलों के बीच वाशिंगटन स्थित दूतावास ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई है। साथ ही अमेरिका में रह रहे लगभग सात लाख भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा गाइडलाइन भी जारी की गई है।

दूतावास की एडवाइजरी के अनुसार भारतीय छात्र देर रात को संदिग्ध स्थानों पर जाने से बचें और जहां तक संभव हो ग्रुप में आवाजाही करें। किसी भी परेशानी में छात्र दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते है। छात्रों को दूतावास की वेबसाइट पर रजिस्टर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे किसी भी इमरजेंसी में छात्रों को ट्रैक किया जा सके। दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि, इस साल 11 भारतीय छात्रों की संदिग्ध मौत की जांच अब दूतावास की देखरेख में होगी। इसके लिए दूतावास ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय के लिए विशेष टीम बनाई है। सुरक्षा की दृष्टि से एक ऑनलाइन वेब पोर्टल भी लॉन्च किया है, इसमें भारतीय छात्र अपनी शिकायतों को अपलोड कर सकेंगे। भारतीय समुदाय के नेता अजय भूतोड़िया का कहना है कि छात्रों की सुरक्षा के लिए अमेरिका के अन्य छोटे शहरों में भी विशेष सेल बनाए जाएं।

# शातिर ठग एप से दिए लोन की वसूली के लिए अश्लील फोटो की देते थे धमकी, नौ गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** ऑनलाइन एप से लोगों को लोन देने के बाद उसे न चुका पाने पर पीड़ित की फोटो अश्लील बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डालने की धमकी देकर वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। गुरुग्राम के साइबर थाना पश्चिम पुलिस ने एक शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए गिरोह के नौ लोगों को गिरफ्तार किया। इनमे से एक आरोपित सिरसा, एक दिल्ली, एक गुरुग्राम, दो बिहार, दो उत्तर प्रदेश, एक राजस्थान और एक झारखंड का रहने वाला है।

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि एक महिला ने तीन अप्रैल को साइबर थाना पश्चिम में शिकायत दी थी कि उसने ऑनलाइन एप फिनसारा से तीन हजार रुपये का लोन लिया था। लोन समय पर न भर पाने के कारण लोन एप चलाने वाले लोगों ने फेसबुक पर इसकी अश्लील तस्वीर डालकर परेशान किया। थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को पकड़ा। जिनमें उत्तर प्रदेश के औरेया निवासी बृजेंद्र सिंह, आजमगढ़ निवासी अवनीश गिरी समेत अन्य राज्यों के नौ शामिल हैं।

**विज्ञान** मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालिया शोध में किया खुलासा, बोले-रहस्य को समझने में शुरूआती कदम

# मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड का सबसे बड़े हिस्से डार्क मैटर को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूट्रॉन तारे ही मायावी डार्क मैटर के रहस्य को उजागर कर सकते हैं। मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के हालिया शोध में यह खुलासा किया गया है। यह शोध ब्रह्मांड के सबसे बड़े रहस्य को समझने में एक महत्वपूर्ण शुरूआती कदम है।

डार्क मैटर की खोज विज्ञान की सबसे महान खोजों में एक मानी जाती है। इस अदृश्य पदार्थ का हमारे ब्रह्मांड में 85 प्रतिशत हिस्सा है। फिर भी हम इसे देख नहीं पाते हैं। डार्क मैटर प्रकाश के साथ संपर्क नहीं करता है और ना ही यह प्रकाश को अवशोषित नहीं करता है। यह प्रकाश को प्रतिबिंबित भी नहीं करता है। यह प्रकाश उत्सर्जित भी नहीं कर पाता है। जिस कारण हमारी दूरबीनें इसे सीधे नहीं देख सकतीं। इसके बावजूद हम जानते हैं कि इसका बड़ा वजूद ब्रह्मांड में मौजूद है। सिर्फ गुरुत्वाकर्षण खिंचाव हमें बताता है कि यह मौजूद होना चाहिए। यह अजीबो गरीब पहेली है, जिसका हल वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। डार्क मैटर को समझने के लिए नए शोध में बताया गया है कि न्यूट्रॉन तारे अलग-अलग होते हैं। वे इतने घने होते हैं कि डार्क मैटर कणों के तारे के साथ संपर्क करने की अधिक संभावना होती है। यदि डार्क मैटर कण तारे में न्यूट्रॉन से टकराते हैं, तो वे अपनी ऊर्जा खो देते हैं और कूछ समय बाद वहाँ काले पदार्थ का संचय होने लगते हैं। इसका पता पुराने व ठंडे न्यूट्रॉन सितारों के जरिए संभव है। इसे समझने के लिए ठंडे पड़ चुके न्यूट्रॉन तारों पर शोध किया जाना चाहिए। इस शोध मे डार्क मैटर पार्टिकल की गणना की गई। जिससे पता चला कि डार्क मैटर के कण आपस में टकराते हैं और ठंडे होकर नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद इनकी ऊर्जा स्थानांतरित हो जाती है। बहरहाल न्यूट्रॉन तारों में इसका हल संभव नजर आता है।



डार्क मैटर का काल्पनिक चित्र।

### कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है अधिकांश ऊर्जा

मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रो. निकोल बेल ने इस शोध को लेकर कहा है कि नई गणना से पहली बार पता चला है कि न्यूट्रॉन तारों में अधिकांश ऊर्जा कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है। डार्क मैटर को समझने के लिए यह एक कड़ी है। विज्ञान पत्रिका द जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

# बलूचिस्तान प्रांत में बस खाई में गिरी, 17 की मौत, 38 घायल

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने गुरुवार बताया है कि, तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया।

# थ्रिल की दुनिया में ले जाएगी वेब सीरीज फ्लैश

- ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव पर है उपलब्ध

अमृत विचार नेटवर्क

फायर टीवी स्टिक, डिश एसएमआरथब, डी2एच मैजिक, एंड्रॉइड व आईओएस स्मार्टफोन सहित कई डिवाइसेस पर या www.watcho.com पर देखिए




डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव, इस अप्रैल में अपनी नई रहस्यमय थ्रिलर सीरीज, 'फ्लैश' के साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस सीरीज में अंशुल पांडे, सागर कपूर और ख्वाहिश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। शौर्य सिंह द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक पोर्ट्रेट फोटोग्राफर की मनोरंजक कहानी को उजागर करती है। यह मनोरंजक सीरीज विशेष रूप से 5 अप्रैल, 2024 से वॉचो एप पर उपलब्ध है। इस सीरीज की कहानी एक कुशल पोर्ट्रेट फोटोग्राफर वंश कुंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रहस्यमयी अक्षा चौहान के साथ अपने करियर के शिखर को चुनता है। धन मिलने के वादे से आकर्षित होकर, वंश उसके भव्य और एकांत पेंटहाउस में जाता है, लेकिन वहां उसे एक अशांत माहौल का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षा एक चौंकाने वाले परिवर्तन से गुजरती है, जिससे वंश की धारणा को चोट पहुंचती है। इसकी गहराई में पहुँचने पर, वंश को पता चलता है कि वह धोखे और रहस्रों से बुने एक पेचीदा जाल में फंस गया है। प्रत्येक एपिसोड के साथ, 'फ्लैश' इस उलझी हुई कहानी की परतें खोलता है, जिससे दर्शकों की सांसें थम जाती हैं और वे हर सवाल का उत्तर जानने के लिए उत्सुक होते हैं। यह मंच अपने दर्शकों के लिए और भी अधिक रोमांचक कॉन्टेंट प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट मार्केटिंग प्रमुख सुखप्रीत सिंह ने कहा, वॉचो में, हम मानते हैं कि थ्रिलर्स एक स्थायी अपील रखते हैं, जो लिंग और उम्र की सीमाओं से परे है। फ्लैश' की रिलीज के साथ, हम अपनी पिछली थ्रिलर 'स्टेट वर्सेस आहूजा' की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अंशुल पांडे ने कहा, जब मैंने पहली बार 'फ्लैश' की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत अपने किरदार वंश कुंद्रा से आकर्षित हो गया। मैंने आमतौर पर टीवी पर भूमिका निभाई है, लेकिन ओटीटी पर नया अनुभव होगा।